


सूर्योदय प्रातः 5:21 | सूर्यास्त संध्या 6:29 | पखवाड़ा श्रावण कृ. अष्टमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 23°


# फ्रीडम फाइटर


राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 06 अगस्त 2026, वर्ष : 17, अंक : 173, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions




### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,581.00 | 152.05 (0.19%) |
| निफ्टी | 24,624.65 | 9.75 (0.04%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,40,180.00 |
| चांदी | 2350.00 |

## आदिवासी महोत्सव 2026 की तैयारियों का अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

# तैयारियां समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जायें : वंदना दादेल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गृह विभाग की अपर मुख्य सचिव वंदना दादेल ने मोरहाबादी मैदान में आयोजित होनेवाले आदिवासी महोत्सव 2026 की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयोजन स्थल पर चल रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि सभी तैयारियां समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जायें।

श्रीमती दादेल ने सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं आगंतुकों की सुविधा से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि



महोत्सव में आनेवाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा आयोजन राज्य की सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप भव्य और सुव्यवस्थित हो।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच निर्माण, स्टॉल व्यवस्था, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी एजेंसियां मिल कर कार्य करें, ताकि आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

इस अवसर पर कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी, विशेष सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्शी, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, टीआरआई निदेशक आलोक एस ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### कैबिनेट सचिव सोमनाथन व गृह सचिव मोहन को मिला एक साल का कार्यविस्तार

**नयी दिल्ली** : कैबिनेट सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन और गृह सचिव गोविंद मोहन को एक साल का कार्य विस्तार दिया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सेवा विस्तार को मंजूरी दी। बुधवार को अलग-अलग आदेश में इसकी जानकारी दी गयी। कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन अगले साल 30 अगस्त और केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन अगले साल 22 अगस्त तक अपने पद पर बने रहेंगे। अर्थशास्त्र में पीएचडी प्राप्त पूर्व वित्त सचिव सोमनाथन ने 30 अगस्त 2024 को दो वर्ष के प्रारंभिक कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण किया था। वहीं, सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी गोविंद मोहन ने संस्कृति सचिव के रूप में कार्य करने के बाद अगस्त 2024 में यह पदभार ग्रहण किया था। यह उनकी प्रारंभिक सेवानिवृत्ति तिथि के बाद दूसरा कार्यकाल विस्तार है।

### प्रधानमंत्री के वीडियो पर मेटा ने मांगी माफी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो हटाये जाने और बाल यौन शोषण एवं दुरुपयोग सामग्री (सीएसएएम) से जुड़े कथित विज्ञापनों के मामले में मेटा ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सरकार से माफी मांगी है। सूत्रों के अनुसार मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने सीएसएएम, डीपफेक सामग्री और मंच के संचालन में हुई त्रुटियों पर खेद व्यक्त किया है।

### वाईएसआरसीपी नेता के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**हैदराबाद** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कथित बहु-राज्यीय चिट फंड घोटाले से जुड़े धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेता मल्ला विजय प्रसाद से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीमों ने विशाखापत्तनम और हैदराबाद में पांच स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान पूर्व विधायक एवं वेलफेयर ग्रुप ऑफ कम्पनीज के चेयरमैन मल्ला विजय प्रसाद के आवास, कार्यालय और अन्य परिसरों में चलाया गया।

## अंदर के पन्नों पर


3 उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को...

5 कोयला क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का आगाज...

7 प्रारूप मतदाता सूची जारी, उपायुक्त ने बूथों का लिया...

9 केन्द्रीय विद्यालय, स्पोर्ट्स साइंस सेंटर व 19 विशेष...

10 21 को होगा शीर्ष खिलाड़ियों से नीरज का मुकाबला...


## कार्टून कोना





## राज्यसभा ने सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक 2026 को दी मंजूरी

# शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या अब होगी 38

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : संसद के उच्च सदन राज्यसभा ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। इसके साथ ही देश के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ा कर 38 करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह विधेयक लोकसभा से 03 अगस्त को पारित हो चुका है। अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून का रूप ले लेगा।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ न्यायिक सुधारों को आगे बढ़ा रही है। देश में विभिन्न क्षेत्रों में सुधार किये जा रहे हैं और यह विधेयक भी न्यायिक सुधारों की उसी श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि महत्त्वपूर्ण न्यायिक सुधार है। सुप्रीम कोर्ट में बढ़ते मामलों के बोझ को देखते हुए यह कदम आवश्यक था। उन्होंने कहा कि संविधान पीठों के गठन के कारण नियमित मामलों की सुनवाई प्रभावित होती है।

हाल ही में गठित 09 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे बड़े मामलों के चलते अन्य मामलों की सुनवाई में देरी होती है, जिससे लम्बित मामलों की संख्या बढ़ती है। इस संशोधन के तहत





### पहली महिला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जल्द ही देखेगा देश

**मेघवाल** ने विश्वास व्यक्त किया कि इससे आम नागरिकों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। मेघवाल ने कहा कि सरकार न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करती है और क्षेत्रीय बेंचों के मुद्दे पर सभी पक्षों से विचार-विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने सबरीमाला मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के गठन से अन्य मामलों की सुनवाई के लिए उपलब्ध न्यायाधीशों की संख्या कम हो जाती है। ऐसे में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से अदालत के कामकाज में सुधार होगा। महिला प्रतिनिधित्व पर बोलते हुए मेघवाल ने कहा कि देश जल्द ही पहली महिला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) देखेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अध्यादेश के बाद सुप्रीम कोर्ट में एक और महिला न्यायाधीश की नियुक्ति हुई है।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ा कर 38 की जा रही है, जिसमें मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हैं। इससे लम्बित मामलों के निपटारे में तेजी आयेगी। एक साथ अधिक मामलों की सुनवाई सम्भव होगी। संविधान पीठों का गठन अधिक नियमित रूप से किया जा सकेगा।

इससे पहले विधेयक पर राज्यसभा में चर्चा में लगभग 33 सांसदों ने भाग लिया। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने सरकार द्वारा अध्यादेश लाने के निर्णय पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब सर्वोच्च न्यायालय में लगभग 95 हजार मामले लम्बित हैं, तब केवल न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने न्यायिक सुधारों के व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर भी बल दिया। सांसद पी. विल्सन ने न्यायपालिका में विविधता और प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

भाजपा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि न्यायिक सुधारों के साथ-साथ अधीनस्थ न्यायपालिका में रिक्त पदों को भरना भी उतना ही जरूरी है, ताकि न्याय व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सके। भाजपा सांसद ● शेष पृष्ठ 11 पर

## जेपीएससी-जेएसएससी आन्दोलन

# भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में अभ्यर्थियों का आन्दोलन जारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में 14वीं जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल, टीडीपीएल सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, धांधली और अनियमितताओं के विरोध में अभ्यर्थियों का आन्दोलन बुधवार को भी जारी रहा। परीक्षाओं को रद्द कर पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती प्रणाली लागू करने की मांग को लेकर 29 जुलाई से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहा अनिश्चितकालीन सत्याग्रह लगातार जारी है। आन्दोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक आन्दोलन समाप्त नहीं किया जायेगा।

आन्दोलन के दौरान छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग दोहरायी। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम परिसर में छात्र दो समूहों में आन्दोलनरत रहे। एक ओर झारखंड लोकक्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के नेता देवेन्द्रनाथ महतो और उनके साथी महेन्द्र प्रसाद आमरण अनशन पर बैठे रहे, जबकि दूसरी ओर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया।

इसी दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने वीडियो कॉल के माध्यम से देवेन्द्रनाथ महतो से बातचीत की। स्वास्थ्य को लेकर चिन्ता जताते हुए उन्होंने महतो से पानी पीने का आग्रह किया। इसके बाद देवेन्द्रनाथ महतो ने नींबू पानी ग्रहण कर निर्जला अनशन समाप्त किया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आमरण अनशन और आन्दोलन ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ देवेन्द्रनाथ महतो ने समाप्त किया निर्जला अनशन

### सरकार ने छात्रों को वार्ता के लिए बुलाया

■ आन्दोलनकारी छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास जाने से किया इनकार



**झारखंड** लोक सेवा आयोग (जेपीएससी), झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) तथा अन्य प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आन्दोलनरत छात्रों को राज्य सरकार ने वार्ता का प्रस्ताव दिया है। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और अपर जिलाधिकारी (एडीएम-लॉ एंड ऑर्डर) धरनास्थल पहुंचे और छात्र प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से बातचीत का निमंत्रण सौंपा। प्रशासन की ओर से बताया गया कि मुख्यमंत्री ने शाम चार बजे मुख्यमंत्री आवास पर छात्र प्रतिनिधियों के साथ बैठक प्रस्तावित की है। इसके तहत पांच छात्र प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया, ताकि आन्दोलनकारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सीबीआई ने वांछित विशाखा राठौड़ का यूएई से कराया प्रत्यर्पण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित महिला विशाखा राठौड़ को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत सफल प्रत्यर्पण कराया है। राठौड़ सोमवार को पुणे पहुंची, जहां महाराष्ट्र पुलिस की टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

सीबीआई ने बुधवार को बताया कि विशाखा राठौड़ बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में वांछित थी। उस पर आरोप है कि उसने अन्य लोगों के साथ मिल कर निवेशकों को कई योजनाओं में निवेश करने के लिए झूठे वादे किये और निश्चित मासिक रिटर्न का आश्वासन दिया। बाद में उसने निवेशकों के धन का दुरुपयोग कर



उसे कई बैंक खातों और डिमैट खातों के जरिये इधर-उधर कर दिया। सीबीआई के मुताबिक इस मामले में पहले इंटरपोल के जरिये राठौड़ के खिलाफ रेड नोटिस जारी करायी गयी थी। सीबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई ● शेष पृष्ठ 11 पर

## केन्द्र सरकार विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ शहरी अवसंरचना को उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध : संजय सेठ



■ रक्षा राज्य मंत्री ने रक्षा कार्यालय परिसर में नयी बहुस्तरीय कार पार्किंग सुविधा का किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 05 अगस्त, 2026 को नयी दिल्ली के अफ्रीका एवेन्यू स्थित डिफेंस ऑफिस कॉम्प्लेक्स में नवनिर्मित मल्टी-लेवल कार पार्किंग सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए कहा, 'शहरी अवसंरचना के विकास/उन्नयन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है।'

इस परियोजना को कार्यालय में पार्किंग की समस्या को कम करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बताते हुए मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि महानगरों में, जहां जमीन एक दुर्लभ संसाधन है, बुनियादी ढांचे से जुड़ीं समस्याओं का समाधान उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग से ● शेष पृष्ठ 11 पर

## जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती विवाद पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को लोक भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की नियुक्ति प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं तथा इसके विरोध में रांची में चल रहे छात्र आन्दोलन की जानकारी राज्यपाल को दी। बैठक के दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भर्ती एवं परीक्षा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और युवाओं का विश्वास हर हाल में कायम रहना चाहिए। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से, स्पीकर ने सभी दलों से मांगा सहयोग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र छह अगस्त से शुरू हो रहा है। 12 अगस्त तक चलनेवाले इस बार के मॉनसून सत्र में पांच कार्य दिवस होंगे। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए विधानसभाध्यक्ष (स्पीकर) रबीन्द्रनाथ महतो ने बुधवार को विधायी दल के नेताओं के साथ बैठक की। स्पीकर कक्ष में हुई बैठक में सदन के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, माले विधायक अरूप चटर्जी, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, जेएलकेएम के जयराम महतो सहित अन्य मौजूद थे। इस बैठक में सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से संचालित करने में सहयोग करने के लिए सभी विधायी दलों के नेताओं से स्पीकर की ओर से आग्रह किया गया।



बैठक में मॉनसून सत्र के औपबंधिक कार्य दिवसों के सम्बन्ध में गहन विचार-विमर्श हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक दल के नेताओं से कहा कि सत्र अपेक्षाकृत छोटा होने के बावजूद हमें विचार करना चाहिए कि समय का सदुपयोग जनहित में किस प्रकार किया जा सके। बैठक में विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा कराने पर विमर्श हुआ, जिसका निर्णय कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में लिये जाने पर सहमति बनी, ताकि सदन के भाव के अनुरूप चर्चा के विषय निर्धारित किये जा सकें।

संसदीय कार्यमंत्री ने बैठक में अनुपूरक बजट पर चर्चा के समय को विस्तृत करने की भी बात कही, ताकि सदस्यों को विभिन्न मुद्दों पर बात करने का पर्याप्त समय मिल सके।

इसके अलावा विधायी दलों की बैठक में जेपीएससी छात्रों का आन्दोलन और कृषि पर विशेष चर्चा कराने का आग्रह किया गया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस सम्बन्ध में स्पीकर ने कार्यमंत्रणा की बैठक में इस पर निर्णय लेने की बात कही है। बैठक में छात्रों के धरना स्थल पर सरकार की ओर से एक शिष्टमंडल भेजने का आग्रह जयराम महतो ने किया। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री के नेतृत्व में सरकार का प्रतिनिधि छात्रों से बात करे और 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा सहित जेएसएससी की अन्य परीक्षा को भी रद्द करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैठक में कृषि की स्थिति पर भी विशेष चर्चा की मांग रखी गयी है। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बैठक में छात्रों के आन्दोलन और सुखाड़ की स्थिति पर चर्चा हुई है और स्पीकर ने कार्यमंत्रणा में निर्णय लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कोई शिष्टमंडल जाने का निर्णय करेंगे और इस सम्बन्ध में अभी फिलहाल कोई निर्णय ● शेष पृष्ठ 11 पर

### विधानसभा सत्र के दौरान रहेगी निषेधाज्ञा

**विधानसभा** सत्र को लेकर जिला प्रशासन की ओर से छह अगस्त की सुबह 08 बजे से 12 अगस्त की रात 10 बजे तक निषेधाज्ञा जारी की गयी है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी और अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से रांची के एसडीओ ने बीएनएसएस की ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### सीआईटी में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



अनगड़ा : कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में बुधवार को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में संस्थान के दर्जनों विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने अपना नेत्र जांच कराया। बता दें कि शिविर का आयोजन कैंब्रिज इंस्टिट्यूट और अब्दुल रज्जाक मेमोरियल हॉस्पिटल की इकाई आराम आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित था। शिविर में चिकित्सकों द्वारा मोतियाविंद, रेटीना, ट्रेजियम आदि की जांच की गई। इस जांच शिविर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, प्रो दीपक वर्मा के अलावे अस्पताल के नेत्र चिकित्सक रेहनामा फिरदौस, कमरान रजा, जावेद अहमद आदि लोग मुख्य रूप रूप से उपस्थित थे।

### वनांचल कॉनकॉस्ट फैक्ट्री जा रहे मजदूर के साथ हुआ सड़क हादसा, हालत गम्भीर



गोला (रामगढ़) : दुलमी प्रखंड के मदगी निवासी तेजेश्वर महतो बुधवार को वनांचल कॉनकॉस्ट फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग-1033 एंबुलेंस सेवा तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। एंबुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक उपचार देकर घायल को बिना देर किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। समय पर एंबुलेंस सेवा मिलने से घायल को शीघ्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकी। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-1033 एंबुलेंस सेवा की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि आपातकालीन सेवा ने तत्परता दिखाकर घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा दो बाइकों के आपसी टकराव के कारण हुआ।

### रहस्यमय तरीके से लापता हुए प्रज्ञा केन्द्र संचालक, बोकारो रेलवे स्टेशन से बेटे को किया था आखिरी फोन



गोला (रामगढ़) : गोला थाना क्षेत्र के केनके गांव निवासी एवं पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालक योगेंद्र महतो (40) बीते 2 अगस्त 2026 की शाम से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हैं। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिलने से परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। परिजनों के अनुसार योगेंद्र महतो 2 अगस्त की शाम करीब छह बजे घर से निकले थे। घर से निकलते समय वे अपना मोबाइल भी घर पर छोड़ गए थे। रात करीब आठ बजे उन्होंने दूसरे मोबाइल नंबर 8227987390 से अपने बेटे को फोन कर बताया कि उनकी मोटरसाइकिल डीवीसी चौक, गोला में खड़ी है, उसे घर ले जाया जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि वे बोकारो रेलवे स्टेशन पर हैं और कहीं जा रहे हैं। इसके बाद परिवार से उनकी यही आखिरी बातचीत हुई। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चल सका और उनसे हर तरह का संपर्क टूट गया। घटना के बाद परिजनों ने गोला, बोकारो सहित आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों एवं संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अचानक इस तरह बिना किसी सूचना के लापता हो जाना पूरे मामले को रहस्यमय बना रहा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं। इस संबंध में उनकी पत्नी रीना देवी ने गोला थाना में लिखित आवेदन देकर पति की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी मनरेगा में रामगढ़ ने रचा इतिहास

# राज्य स्तरीय समीक्षा में रामगढ़ को मिला सर्वोच्च स्थान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन में रामगढ़ जिले ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा मनरेगा के विभिन्न मॉड्यूल की समीक्षा में रामगढ़ जिले को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मार्गदर्शन तथा मनरेगा से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं श्रमिकों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत जिले को 25.34 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध रामगढ़ ने शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। रोजगार सृजन के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी जिले ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कुल रोजगार का 53 प्रतिशत महिलाओं को उपलब्ध कराया, जिससे ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिली। मनरेगा के माध्यम से टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण में भी जिले ने सराहनीय प्रदर्शन किया। बिरसा सिंचाई कूप योजना के अंतर्गत 2021 कूपों का निर्माण पूर्ण किया गया, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। पारदर्शिता एवं तकनीक आधारित कार्यप्रणाली को बढ़ावा देते हुए जिले ने मनरेगा मजदूरों की ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूरा किया। वहीं नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से वास्तविक श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज कराने में भी रामगढ़ राज्य के बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल रहा। रोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में रामगढ़ ने 2529 लाभुकों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया तथा सर्वाधिक प्रतिशत श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही, श्रमिकों को कार्य पूर्ण होने के 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध भुगतान में भी शत-प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की। मनरेगा के अभिसरण के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना एवं अंबेडकर आवास योजना के लाभुकों को कार्य आवंटित कर आवास निर्माण को गति प्रदान की गई, जिससे पात्र परिवारों के आवास समय पर पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत जिले में अब तक लगभग 4.5 हजार एकड़ क्षेत्र में आम की बागवानी विकसित की गई है। इस पहल ने ग्रामीण किसानों और मनरेगा लाभुकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ बागवानी आधारित आजीविका को भी नई दिशा दी है। मनरेगा के माध्यम से विकसित इस मॉडल का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि जिले के लाभुकों की मेहनत रंग लाई और रामगढ़ के लगभग 6 टन आम का विदेशों में निर्यात हुआ। यह उपलब्धि मनरेगा के माध्यम से रोजगार सृजन के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में जिले की सफलता का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने मनरेगा से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मियों, तकनीकी पदाधिकारियों, रोजगार सेवकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम के समर्पण, बेहतर योजना निर्माण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का परिणाम है।

## कोकरो नहर में पानी छोड़ने की मांग, मुख्यमंत्री को झारखंड किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** झारखंड राज्य किसान सभा के तत्वावधान में राहे प्रखंड स्थित कोकरो नहर (8500एकड़ सिंचाई क्षेत्र) में पानी छोड़ने की मांग को लेकर बुधवार को झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुफल महतो, राहे अंचल किसान सभा के अध्यक्ष सह राज्य किसान कौंसिल सदस्य जयपाल सिंह मुंडा, राहे अंचल किसान सभा के सचिव, सह राज्य किसान कौंसिल सदस्य बिसम्बर महतो, जिला किसान कौंसिल सदस्य शोभाराम महतो, जिला संयुक्त सचिव, सह मुखिया पांडू राम मुंडा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा। झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुफल महतो ने कहा कि राहे प्रखंड एवं सोनाहातु प्रखंड के 8500 एकड़ सिंचाई क्षेत्र वाला कोकरो नहर में नहर विभाग द्वारा पानी नहीं छोड़ने से राहे प्रखंड के होटलों, राहे, डोकाद, लोवाहातु, ब, नवाडीह एवं सोनाहातु प्रखंड के जिंतु,सोनाहातु,बारूहातु, तेतला पंचायत के सैकड़ों गांवों में कोकरो नहर में पानी नहीं छोड़ने के कारण धान की रोपनी नहीं हो पा रही है और धान की रोपनी अधर पर लटका हुआ है। समय में नहर का पानी नहीं मिला तो किसानों को भारी नुक्सान उठाना पड़ेगा इस मुद्दे पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपकर कोकरो नहर में शीघ्र पानी छोड़ने की गुहार लगाई है। किसान नेता सुफल महतो ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 8 हजार 5 सौ एकड़ सिंचाई क्षेत्र वाला कोकरो नहर में 5 अगस्त तक पानी नहीं छोड़ना किसानों के साथ धोखा है।

## प्रखंड कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर जलजमाव होने से स्थिति नरकीय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर जलजमाव होने से स्थिति नारकीय हो गई है। वर्षा के चलते प्रवेश द्वार के सामने जलजमाव हो गया है। इससे सरकारी कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें गंदे पानी से होकर कार्यालय परिसर में प्रवेश करना पड़ रहा है। बेड़ो प्रखंड की सत्रह पंचायतों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं। मुख्य द्वार पर जलजमाव के कारण बुजुर्गों व महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाई हो रही है। वर्षा होने के बाद यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।स्थिति यह है कि प्रखंड के द्वार से अंदर प्रवेश करना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। वहीं कीचड़ और पानी जमा होने से लोगों को आने- जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड परिसर में आधा दर्जन से अधिक सरकारी कार्यालय स्थित हैं। उनमें प्रखंड कार्यालय,अंचल कार्यालय,बाल विकास परियोजना कार्यालय व खाध्य आपूर्ति कार्यालय समेत अन्य महत्वपूर्ण विभागों के दफ्तर शामिल हैं। रोजाना काफी संख्या में ग्रामीण अपने-अपने काम से यहां आते हैं, लेकिन जलजमाव के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि संपन्न लोग चारपहिया वाहनों से सीधे कार्यालय पहुंच जाते हैं, लेकिन आम लोगों को पानी और कीचड़ से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग किया है। जिससे लोगों को नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके। साथ ही सरकारी कार्यालय आने-जाने में परेशानी न हो।

## उमेडंडा से युवा हुआ लापता



**बुढ़मू :** बुढ़मू के उमेडण्डा गांव के निवासी साहबज अहमद उर्फ. सोनू (पिता: स्वर्गीय जलील अहमद) 4 अगस्त 2026 को दोपहर लगभग 2:30 बजे अपने घर से निकले थे और अभी तक वापस नहीं लौटे हैं। परिवार ने बताया कि वे काफी परेशान हैं और पूरे परिवारी एवं परिचितों से संपर्क कर चुके हैं, परंतु अभी तक किसी ठोस सुराग नहीं मिला है। परिवार के सूत्रों के अनुसार सोनू को अंतिम बार विधान सभा थाना क्षेत्र के नयासराय-जगरनाथपुर, जीनत कलेक्शन के पास देखा गया था। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चल पाया है। गुमशुदगी की रिपोर्ट -दर्ज करा दी गई है और मामला बुढ़मू थाना में दर्ज है। पुलिस तथा परिवार ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को साहबज अहमद उर्फ.सोनू की कोई सूचना या जानकारी हो तो तत्काल अपने नजदीकी थाना में सूचित करें या नीचे दिए गए संपर्क नंबरों पर जानकारी दें:

-संपर्क : 9386779139 (सरफराज)

-संपर्क : 8102460450 (ऐनायात)

पुलिस के अनुसार जांच जारी है और परिवार किसी भी विस्तृत सूचना के लिए गंभीरता से प्रयासरत है।

## जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार संचालित मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया। इस अवसर पर सभी मतदान केंद्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की उपस्थिति में मतदाता सूची आम नागरिकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध कराई गई। प्रारूप प्रकाशन के साथ ही मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने नाम, पता, आयु, फोटो एवं अन्य विवरणों का सावधानीपूर्वक मिलान करें। यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि, नाम छूट जाने, नाम हटाने, संशोधन अथवा स्थानांतरण से संबंधित कोई आवश्यकता हो तो निर्धारित अवधि के दौरान संबंधित प्रपत्रों के माध्यम से दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने विवरण का सत्यापन अवश्य करें तथा यदि कोई पात्र नागरिक अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना आवेदन जमा करें। जिला प्रशासन द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है, ताकि जिले की मतदाता सूची अधिकाधिक शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाई जा सके।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने अपने बूथ पर मतदाता सूची का किया पुनरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सह कांग्रेस जिला मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने सामुदायिक भवन सीरु बूथ संख्या 67 व उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीरु बूथ संख्या 168 पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित किया तथा अन्य मतदाताओं के नाम एवं विवरण का भी पुनरीक्षण किया। इस दौरान सुधीर मंगलेश ने उपस्थित मतदाताओं से अपील की कि वे प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची में अपने एवं अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम, पता तथा अन्य विवरणों की जांच अवश्य करें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो या परिवार के सदस्यों का नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हो, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म-8 भरकर आवश्यक सुधार एवं स्थानांतरण कराएं। उन्होंने कहा कि 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने का अवसर उपलब्ध है। इसलिए सभी पात्र मतदाता समय रहते अपने मतदाता विवरण का सत्यापन अवश्य कर लें, ताकि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

## शव लाने के लिए खेत गिरवी रखनेवाले परिवार से मिले कोचे मुंडा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को रनिया प्रखंड के बनई गांव पहुंचकर तेलंगाना में मृत मजदूर करमपाल सिंह के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता भी प्रदान की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि करमपाल सिंह गोवा में मजदूरी का काम करता था। काम के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। गांव लौटने के क्रम में तेलंगाना के एक रेलवे स्टेशन पर उसकी मौत हो गई। आर्थिक तंगी के कारण परिजनों को उसका शव घर लाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बेटे का शव मंगाने के लिए उसकी मां ललिता देवी को अपना खेत गिरवी रखना पड़ा। पांच दिनों की मशक्कत के बाद मंगलवार को करमपाल सिंह का शव बनई गांव पहुंचा, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक कोचे मुंडा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बनई गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों और संवेदनहीनता के कारण झारखंड के लोगों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध होते, तो लोगों को परिवार से दूर जाकर काम करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को समुचित आर्थिक सहायता और आवश्यक सरकारी लाभ उपलब्ध कराने की मांग भी की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बानेश्वर सिंह, कृष्ण पाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशीला देवी, राम लखन नाग सहित अन्य ग्रामीण सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लापुंग में जंगली हाथी का उत्पात, घर को किया क्षतिग्रस्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत के चापी गांव में देर रात जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। व हाथी ने ग्रामीण कैला बारला के घर को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात जंगली हाथी जंगल की ओर से गांव में घुस आया। हाथी सीधे कैला बारला के घर की दीवार और छप्पर भी क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग लाठी-टॉर्च लेकर निकले, तब जाकर हाथी जंगल की ओर भागा गया घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया सविता उरांव ने वन विभाग से बातकर उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि तीन चार दिन पहले ही इस क्षेत्र में तीन जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा था। जिसमें से एक हाथी मंगराटोली गांव के एक खुला कुंआ में गिर गया था। जिसे बाद में वन विभाग की टीम ने पहुंचकर बाहर निकाला था।

## ओरमांझी से 25वीं भव्य कांवड़ यात्रा को रघुवर दास ने किया रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** श्रावण मास के पावन अवसर पर ओरमांझी के काली मंदिर परिसर से कांवड़ यात्रा का 25 वी वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सैकड़ों बम भक्तों को केसरिया अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए देवघर सुल्तानगंज के लिए रवाना किया। मौके पर रघुवर दास ने कहा कि सभी कांवड़ यात्रियों की सफल एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए झारखंड में सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, अनुशासन, सेवा और सामाजिक एकता का संदेश देती है। इस कार्य कार्यक्रम के मुख्य आयोजन कर्ता संतोष कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया समिति के मुखिया दीपक बड़ाइक सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता शशि मेहता आंनद महतो रुपेश साहू नीरज सोनी जमुना प्रसाद प्रदीप राणा मिथलेश मेहता मनोज गुप्ता प्रतुल साहू बब्लू सिंह लाला पांडे ने दुर्गा महादेव मंदिर का स्मृति चिन्ह एवं कांवरिया संघ ओरमाझी का मोमेंटो भेट किया। कार्यक्रम के दौरान ₹हर हर महादेव₹ एवं ₹बोल बम₹ के जयघोष से पूरा ओरमांझी शिवमय हो उठा। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक यात्रा में भाग लिया और बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर भाजपा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विनय महतो धीरज पूर्व विधायक रामकुमार पाहन आरती कुजूर अमरनाथ चौधरी मानकी राजेन्द्र शाही दिलीप मेहता मनोज चौधरी रणधीर चौधरी, सुरेंद्र महतो, सिंकदर महतो, नरेश साहू, डॉ विरसा उरांव रामकुमार महतो, नीरज नायक, प्रमोद सिंह, नेहा सिंह, राम अवतार लाल गुप्ता, दुर्गा शंकर साहू, उमाशंकर सुनील महतो, सत्यनारायण तिवारी, भीम मुंडा, अर्जुन सिंह, विनय साहू, सक्षम गुप्ता, आशीष गुप्ता, आनंद मुंडा नेहा सिंह पुष्पांजलि देवी कविता चौधरी पिंकी सिंह कंचन गुप्ता खुशबू देवी अनिता कुमारी रीना चौरसिया,बीना देवी, सरिता देवी, संगीता देवी रेखा देवी निर्मला देवी, गायत्री देवी सहित सैकड़ो बाबा के भक्त उपस्थित थे।

## कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम : वॉलीबॉल टीम बनी क्षेत्रीय चैम्पियन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रजरप्पा (रामगढ़) : कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट के भैया ने विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र द्वारा आयोजित 37वीं क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, औरंगाबाद में आयोजित हुई थी। विद्यालय के खेल आचार्य श्लेष कुमार के नेतृत्व में टीम ने अनुशासित एवं शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय की वंदना सभा में विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, हमारे भैया ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना के बल पर यह स्वर्णिम सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

## नेवरी गोलंबर में गुरुजी शिबू सोरेन की प्रतिमा बनेगी प्रेरणा का केन्द्र : अमाल खान


- गुरुजी के संघर्ष, विचार और सिद्धांत नयी पीढ़ी को दिखायेंगे जनसेवा का मार्ग'



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव अमाल खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नेवरी गोलंबर चौक पर गुरुजी शिबू सोरेन की प्रतिमा की स्थापना ओरमांझी, कांके और अनगड़ा क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि गुरुजी का संघर्षमय जीवन, झारखंड आंदोलन में उनका ऐतिहासिक योगदान तथा गरीब, आदिवासी, दलित और वंचित समाज के अधिकारों के लिए किया गया उनका आजीवन संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। अमाल खान ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन के सिद्धांत, विचार और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता समाज को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं होगी, बल्कि यह झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और सामाजिक न्याय की भावना का प्रतीक बनेगी। इससे नई पीढ़ी को राज्य के इतिहास और जनआंदोलनों से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि गुरुजी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा, जनकल्याण और सामाजिक न्याय के कार्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अमाल खान ने विश्वास जताया कि नेवरी गोलंबर में स्थापित होने वाली प्रतिमा क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी और गुरुजी के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## सिडनी में झारखंड के उद्योगपति अरुण सिन्हा हुए सम्मानित, बढ़ाया देश और राज्य का मान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं राइडर ग्रुप ऑफ कंपनी के अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित होटल शेराटन ग्रैंड में आयोजित जागरण अचीवर अवॉर्ड्स-2026 से सम्मानित किया गया। उद्योग, उद्यमिता, रोजगार सृजन और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। जागरण समूह की ओर से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में भारत सहित विभिन्न देशों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले चुनिंदा व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अरुण सिन्हा की उपलब्धियों, उनके सफल उद्यमिता मॉडल और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की विशेष सराहना की गयी। अरुण सिन्हा ने अपने व्यावसायिक जीवन की शुरूआत झारखंड के गिरिडीह से एक सिक्योरिटी एजेंसी के माध्यम से की थी। सीमित संसाधनों से शुरू हुआ उनका सफर आज देश के कई राज्यों तक पहुंच चुका है। राइडर ग्रुप ऑफ कंपनी सुरक्षा सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है तथा हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रही है। व्यवसाय के साथ-साथ अरुण सिन्हा सामाजिक दायित्वों का भी सक्रिय रूप से निर्वहन कर रहे हैं। वह लम्बे समय से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास के लिए प्रेरित करते रहे हैं। उनका मानना है कि जागरूकता और सही मार्गदर्शन के अभाव में बड़ी संख्या में युवा बेहतर अवसरों से वंचित रह जाते हैं। इसी उद्देश्य से वे समय-समय पर युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण, करियर परामर्श और उद्यमिता संबंधी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराते रहे हैं। गौरतलब है कि यह अरुण सिन्हा का पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मान नहीं है। इससे पूर्व उन्हें अजरबैजान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समारोह में बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा दुबई, वियतनाम और थाईलैंड के फुकेत सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्होंने अपने व्यावसायिक नेतृत्व, नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से झारखंड तथा भारत का गौरव बढ़ाया है। राइडर ग्रुप ऑफ कंपनी के 27 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और संगठन की उल्लेखनीय उपलब्धियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया। लगातार ऑस्ट्रेलिया, अजरबैजान, दुबई, वियतनाम और थाईलैंड जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिल रही पहचान इस बात का प्रमाण है कि झारखंड की धरती से निकले उद्यमी आज वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। सिडनी में प्राप्त जागरण अचीवर अवॉर्ड्स-2026 न केवल अरुण सिन्हा की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि झारखंड के उद्योग जगत और राज्य के युवाओं के लिए भी गौरव एवं प्रेरणा का विषय है। अरुण सिन्हा के सम्मानित होने पर झारखंड के उद्योग, सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने कहा कि उनकी उपलब्धियां राज्य के युवाओं को बड़े सपने देखने, उद्यमिता को अपनाने और अपने परिश्रम के बल पर वैश्विक पहचान बनाने की प्रेरणा देती रहेंगी।

## केसीबी कॉलेज बेड़ो के नये प्रभारी प्राचार्य बने डॉ. प्रसन्नजीत मुखर्जी पदभार ग्रहण करने पर अभाविप और शिक्षकों ने किया स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** करमचंद भगत महाविद्यालय में मंगलवार को नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में महिला कॉलेज, गुमला के वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डा प्रसन्नजीत मुखर्जी ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद डा मुखर्जी ने महाविद्यालय के संस्थापक स्व करमचंद भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने नए प्रभारी प्राचार्य का स्वागत किया। नगर अध्यक्ष डा नितेश कुमार पासवान के नेतृत्व में एबीवीपी के सदस्यों ने डा मुखर्जी को अंगवस्त्र, भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर, पुष्पगुच्छ एवं तुलसी पौधा देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखर्जी ने कहा कि महाविद्यालय में बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और अनुशासन के साथ गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मौके पर नगर उपाध्यक्ष प्रो विकास कुमार सिन्हा, बर्सर आशारानी लकड़ा, नागपुरी विभाग के डा संतोष कुमार भगत,आकाश रक्षित, नगरमंत्री विक्रम कुमार महतो, रूपाली ठाकुर, उन्नति कुमारी, काजल कुमारी, हेमंत कुमार, संदेश कुमार,पिंटू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक झलक



**कर्तव्य भवन, रक्षा मंत्रालय में भारतीय नौसेना के प्रमुख (Chief of Naval Staff) एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने की रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात**

### झारखंड राज्य आवास बोर्ड के निवर्तमान सदस्य नितिन अग्रवाल का निधन



**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के रांची जिला कोषाध्यक्ष एवं झारखंड राज्य आवास बोर्ड के निवर्तमान सदस्य नितिन अग्रवाल का बीमारी के कारण निधन हो गया। उनके निधन की खबर से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। नितिन अग्रवाल संगठन में सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन पर पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

### गैर-अभ्यासरत अधिवक्ता पर लाइसेंस के दुरुपयोग का आरोप बार काउंसिल से जांच की मांग

**रांची** : रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र निवासी सुभाष करमाली ने झारखंड राज्य अधिवक्ता परिषद को एक शिकायत पत्र सौंपकर अधिवक्ता नंद लाल तिवारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में दावा किया गया है कि नंद लाल तिवारी नियमित रूप से वकालत नहीं करते, इसके बावजूद अपने अधिवक्ता लाइसेंस और प्रैक्टिस नंबर का विभिन्न सरकारी एवं निजी कार्यों में कथित रूप से दुरुपयोग कर रहे हैं।
शिकायतकर्ता ने परिषद से उनके वर्तमान प्रैक्टिस स्टेटस, एलएलबी डिग्री तथा अधिवक्ता के रूप में पात्रता की जांच कराने की मांग की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिवक्ता पूर्णकालिक रूप से अन्य व्यवसाय एवं संविदा कार्यों में लगे हैं, जबकि सरकारी अधिकारियों के समक्ष पत्राचार में अपने अधिवक्ता होने का उल्लेख कर अनुचित लाभ लेने का प्रयास करते हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि पूर्व में उनके नाम का इस्तेमाल कर एक कथित झूठी शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गैर-अभ्यासरत एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वकालत करने वाले व्यक्तियों की पहचान के लिए गठित व्यवस्था के आलोक में मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।
शिकायतकर्ता ने परिषद से पूरे मामले की जांच कर सत्यापन कराने और दोषी पाए जाने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

### कर्रा में कक्षा आठ के 69 विद्यार्थियों को मिली साइकिल

**रांची/खूंटी** : कल्याण विभाग की ओर से कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच बुधवार को साइकिल का वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करना और ड्रॉपआउट की समस्या को कम करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश उच्च विद्यालय लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में कई विद्यार्थी दूरी और आवागमन की कठिनाइयों के कारण उच्च विद्यालय में नामांकन नहीं करा पाते हैं। सरकार की इस योजना से विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च विद्यालय में नामांकन ले सकेंगे। साइकिल वितरण कार्यक्रम के तहत राजकीय मध्य विद्यालय घुनसूली के 26, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पदमपुर के 24 और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहागड़ा के 19 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गयी।

## उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

# समस्त तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने आज समाहरणालय ब्लॉक-ए सभागार में मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को समारोह की सफलतापूर्वक तैयारी एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, संजय भगत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची, गौरव गोस्वामी, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री आस्था शरण, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची,

- मोरहाबादी की ओर जानेवालीं सड़कों की मरम्मत एवं साफ-सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैम्प तथा अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर भी पूरी तैयारी करने के दिये गये निर्देश

मोनी कुमारी, ADM नक्सल रांची, सुदर्शन मुर्मू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, रामगोपाल पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, वसिम अहमद, परियोजना निदेशक ITDA, मनीषा तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार,



नजारत उप समाहर्ता रांची, डॉ. सुदेश कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, सहायक प्रशासक रांची नगर निगम, पथ प्रमंडल 1, कार्यपालक अभियंता भवन, पेय जल, सर्जेन्ट मेजर, जिला अग्निशमन पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मोरहाबादी मैदान में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की समस्त तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं, ताकि कार्यक्रम गरिमापूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को निर्देश दिये गये कि आगंतुकों के लिए मैदान के दाईं एवं बाईं ओर वाटरप्रूफ पंडाल/गैलरी तथा कुर्सियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मैदान का समतलीकरण, बैरिकेडिंग तथा मंच एवं साउंड बॉक्स के लिए आवश्यक टॉवर निर्माण का कार्य भी समय से पूरा किया जाए। जिला नजारत उपसमाहर्ता को मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तैयार करने, आयोजन स्थल पर मुख्य मंच की व्यवस्था तथा आमंत्रित अतिथिगणों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची को विद्युत व्यवस्था तथा साउंडप्रूफ जनरेटर की व्यवस्था को अंतिम रूप देने और पूर्ण तैयार रखने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, वितरण प्रमंडल गोंडा को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल आपूर्ति, वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था तथा परेड पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए मोरहाबादी मैदान में अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मोरहाबादी की ओर जाने वाली सड़कों की मरम्मत एवं साफ-सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप तथा अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर भी पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी से संबंधित अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं तत्परता से करें तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण कर लें, ताकि समारोह भव्य एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## झारखंड के मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने बुलायी सर्वदलीय बैठक

# एसआईआर तैयारियों पर हुई गहन चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के मुख्य चुनाव पदाधिकारी द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एसआईआर तैयारियों पर गहन चर्चा हुई। इस बैठक में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व प्रदेश महासचिव सूर्यकांत शुक्ला और लाल किशोर नाथ शाहदेव ने किया। पार्टी ने मतदाता सूची और संबंधित प्रक्रियाओं को लेकर कई अहम मुद्दे उठाए। बैठक के दौरान कांग्रेस ने शिकायत दर्ज कराई कि 5 अगस्त को जारी होने वाली मतदाता ड्राफ्ट सूची अब तक कई बूथों पर बीएलए-2 को नहीं मिली है। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 185, 186 और 187 का उदाहरण देते हुए बताया गया कि बीएलओ द्वारा एजेंटों को सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कल तक सभी बीएलए-2 को निःशुल्क ड्राफ्ट सूची मुहैया कराने के सख्त निर्देश दिए। कांग्रेस नेताओं ने एएसडीडीसूची को लेकर भी गहरी चिंता जताई। इस सूची में लगभग 14.50 लाख ऐसे मतदाता शामिल हैं जो अनुपस्थित या अनमैप्ड हैं। आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया कि 15 दिनों के भीतर इन मतदाताओं को नोटिस जारी किया जाएगा। पार्टी द्वारा दावा और आपत्ति दर्ज कराने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की गई थी। इस पर चुनाव आयोग ने जानकारी दी कि 8 एवं 9 अगस्त और 22 एवं 23 अगस्त को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे, जहां प्राप्त दावों और आपत्तियों का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा।

## सितम्बर माह तक पूर्ण करें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लम्बित आवास : नैंसी सहाय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नैंसी सहाय, भाप्रसे, निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा राज्य के सभी शहरी नगर निकायों के नगर आयुक्त/ अपर नगर आयुक्त/ उप नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारियों एवं नगर निकाय के टीम के साथ विडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), एनिमल बर्थ कंट्रोल, पीएम स्वनीधि योजना तथा मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के प्रगति की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक बी एल सी की समीक्षा के दौरान निदेशक महोदया द्वारा निदेश दिया गया कि लगभग 14,000 आवास फाउंडेशन एवं लिंटेल स्तर पर हैं उन्हें अगले एक माह में रूफ लेवल

- लाभुकों को आवास पूर्ण करने हेतु अविलम्ब करें किस्तों का भुगतान
- दस नगर निकायों में बनेंगे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर
- शहरी गरीबों के आर्थिक संवर्द्धन हेतु पी एम स्वनिधि एवं मुख्यमंत्री श्रमिक योजना को दें प्राथमिकता

तक लायें और जो आवास रुफ लेवल तक पहुंच गया है उसे सितम्बर माह तक पूर्ण करें। इसके साथ ही बिभिन्न चरणों में लंबित जिओ टैगिंग को अविलम्ब पूर्ण करने का निदेश दिया कइस हेतु सभी नगर निकायों को साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए आवासों को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने निदेश दिया कि सभी नगर निकायों को आवास निर्माण हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध करा दी गयी है, अतः लाभुकों के किस्तों का भुगतान करने में तेजी लायें, ताकि आवासों का निर्माण तीव्र प्रगति से हो सके कसभी नगर निकाय एस एन ए स्पर्श के माध्यम से आवंटित राशि का 80 प्रतिशत खर्च करते हुए नगरीय प्रशासन निदेशालय से राशि की माँग करें कजिन निकायों द्वारा अब तक लाभुकों को भुगतान की कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गयी है, उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। PMA (व) 2.0 के तहत नगर निकायों को राशि भेजी जा रही है। भुगतान हेतु संचिका एवं विपत्र तैयार करें। इस वर्ष 1 लाख नए आवास स्वीकृत कराने हैं। वर्तमान में 73,000 नए सर्वेक्षण से लाभुकों का चयन किया गया है, जिसमें 44,000 लाभुकों का सत्यापन कर लिया गया है। नगर निकायों में निरंतर रूप से प्रचार-प्रसार, कैंप एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से पात्र आवास विहीन परिवारों से नए आवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ) के तृतीय घटक किफायती आवास परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान निदेशक महोदया द्वारा निदेश दिया गया कि इच्छुक लाभुकों के होम लोन आवेदनों कि संख्या बैंकों में बढाई जाये क किफायती आवास परियोजनाओं के तहत निर्मित एवं निमार्णाधीन आवासों के विरुद्ध आवास आवंटन शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें।

## झारखंड के 18 जिलों में सामान्य से कम बारिश, छह जिलों में ही सामान्य वर्षा, 06 अगस्त के लिए ऑरेंज अलर्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में इस मानसून सीजन में अब तक बारिश सामान्य से कम रही है। मौसम विभाग के अनुसार, एक जून से पांच अगस्त तक राज्य के 24 में से केवल छह जिलों में ही सामान्य वर्षा दर्ज की गई है, जबकि 18 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। सामान्य वर्षा वाले जिलों में रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां और धनबाद शामिल हैं। वहीं चतरा, गढ़वा, गिरिडीह, पलामू, कोडरमा और हजारीबाग में स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। इन जिलों में सामान्य से 40 से 62 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि राज्य में अब तक सामान्य 559.8 मिलीमीटर वर्षा के मुकाबले 408 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से 27 प्रतिशत कम है। विभाग के मानकों के अनुसार, सामान्य वर्षा से 19 प्रतिशत तक की कमी को सामान्य श्रेणी माना जाता है, जबकि इससे अधिक कमी होने पर वर्षा सामान्य से कम मानी जाती है। मौसम विभाग ने छह अगस्त को राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं नौ अगस्त तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा की आशंका के मद्देनजर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

## वाईवीएन यूनिवर्सिटी में मतदाता जागरूकता अभियान

# ECINET ऐप से वोटर रजिस्ट्रेशन की दी गयी जानकारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : लोकतंत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से BN यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) प्रकोष्ठ की ओर से "Register as a Voter" विषय पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ECINET मोबाइल ऐप के माध्यम से मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, ई-EPIC डाउनलोड करने, मतदाता सूची में नाम खोजने तथा निर्वाचन आयोग की विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. दीप्ति भार्गव, डीएसडब्ल्यू डॉ. आरती गुप्ता, कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन की डीन डॉ. मांडवी राय तथा एनएसएस समन्वयक डॉ. कौशल किशोर ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार होने के साथ-साथ लोकतंत्र को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। उन्होंने सभी पात्र विद्यार्थियों से समय पर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने तथा आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एउक्छएळ ऐप की विभिन्न सुविधाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे वे स्वयं डिजिटल माध्यम से निर्वाचन संबंधी सेवाओं का लाभ उठा सकें। वक्ताओं ने युवाओं से अपने परिवार एवं समाज के अन्य पात्र नागरिकों को भी मतदाता बनने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 : मतदाता सूची के प्रारूप का हुआ प्रकाशन

# मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत राज्य सहित रांची जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने रांची जिला के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे प्रकाशित मतदाता सूची के प्रारूप में अपना नाम, पता एवं अन्य विवरण का अवश्य मिलान कर लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि, नाम छूट जाना अथवा अन्य आवश्यक संशोधन की आवश्यकता हो तो निर्धारित अवधि के दौरान संबंधित आवेदन प्रपत्र के माध्यम से दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करें। जिला पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सही एवं अद्यतन रूप में दर्ज होना आवश्यक है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे स्वयं अपना नाम जांचने के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों का नाम भी मतदाता सूची में सुनिश्चित करें तथा आवश्यकता होने पर समय पर दावा एवं आपत्ति दर्ज कराएं।

## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा का 3 दिवसीय 'सावन मेला-शॉपिंग फेस्टिवल' आज से

# फैशन-ज्वेलरी-राखी-हस्तशिल्प के स्टॉल रहेंगे आकर्षण का केन्द्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सावन माह के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा 6, 7 एवं 8 अगस्त 2026 को अग्रसेन भवन, अपर बाजार में तीन दिवसीय 'सावन मेला-शॉपिंग फेस्टिवल' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मेला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क खुला रहेगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। यहां महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री का सुनहरा अवसर मिलेगा। साथ ही शहरवासियों को एक ही छत के नीचे खरीदारी और मनोरंजन दोनों की सुविधा उपलब्ध होगी। मेले में विविधता से भरपूर स्टॉल लगाए जाएंगे। डिजाइनर फैशन व एथनिक परिधान, ट्रेंडी ज्वेलरी, हाथ से बने हस्तशिल्प एवं गृह सज्जा के सामान, राखी व लड्डू गोपाल के आकर्षक वस्त्र-श्रृंगार, होमेड फूड, चाट-पकवान एवं मिठाइयों के स्टॉल विशेष आकर्षण रहेंगे। साथ ही बच्चों के लिए गेम्स और फोटो जोन की भी व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने बताया कि मेले के सभी स्टॉल बुक हो चुके हैं और इस बार स्टॉल्स की संख्या व वैरायटी दोनों पिछली बार से अधिक है। शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल सचिव रेखा राईका एवं कोषाध्यक्ष स्मिता अग्रवाल ने रांची वासियों से अपील की कि वे परिवार सहित पधारकर इस आयोजन को सफल बनाएं और महिला उद्यमियों का उत्साह बढ़ाएं। यह जानकारी शाखा की मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

## अवैध बुलडोजर कार्रवाई पर झारखंड सरकार को हाई कोर्ट से झटका, एलपीए खारिज




**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने अवैध रूप से दुकान ध्वस्त किए जाने के मामले में राज्य सरकार की लेटर्स पेटेंट अपील (एलपीए) खारिज करते हुए एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार और उसके अधिकारियों ने बिना वैधानिक अधिकार के याचिकाकर्ता की दुकान को बुलडोजर से ध्वस्त किया, जो सरकारी शक्ति के दुरुपयोग और मनमानी कार्रवाई का उदाहरण है। खंडपीठ ने चतरा के उपायुक्त को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर 5.25 लाख रुपये की मुआवजा राशि झारखंड उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री में जमा कराएं। अदालत ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर राशि जमा कराने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी उपायुक्त की होगी। राशि जमा होने के बाद याचिकाकर्ता अपनी पहचान और बैंक विवरण प्रस्तुत कर मुआवजा प्राप्त कर सकेंगे।

## छात्र आन्दोलन को अन्नावादी इंसाफ पार्टी का समर्थन

- हेमन्त सरकार से मांगें जल्द मानने की अपील
- बार-बार पेपर लीक से छात्रों का मनोबल टूट रहा
- इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अन्नावादी इंसाफ पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलूर रहमान के नेतृत्व में कई दिनों से अनशनरत युवा नेता देवेंद्र महतो से मुलाकात कर छात्र आंदोलन का समर्थन किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार से छात्रों की लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। इस अवसर पर अधिवक्ता कफीलूर रहमान ने कहा कि बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से छात्रों का मनोबल टूट रहा है, जो देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है, इसलिए इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर आकर छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करनी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि छात्र हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी मांगों पर अविलंब कार्रवाई की जाए, ताकि युवाओं का भरोसा शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं पर कायम रह सके। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलूर रहमान, अनूप कुमार, अधिवक्ता नवीन कुमार, फुलेश्वर महतो, लबरेज आलम एवं युगल किशोर अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अभिभावकों को बच्चों के प्रति जागरूक करना ही लक्ष्य : डालसा


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : तमाड़ प्रखण्ड के उलीडीह पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया एवं उन्हें माननीय नालसा द्वारा संचालित योजना आशा के बारे में जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि माननीय न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव ईंचार्ज की मौजुदगी में डालसा टीम के द्वारा यह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी अनिमा



मल्लिक, सोनामणि देवी, प्रदुम्ण प्रमाणिक, पूजा कुमारी, प्रवीण मुण्डा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी अनिमा मल्लिक ने नालसा द्वारा संचालित योजना आषा पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया और कही कि नालसा प्रोजेक्ट आशा, बाल विवाह के पूर्ण उन्मूलन की दिशा में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी पहल है। इसके उद्देश्यों के बारे में भी जानकारी दी गयी। पीएलवी सोनामणि देवी और पूजा कुमारी ने कहा कि माता-पिता और बच्चों को बाल विवाह के कानूनी व स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, पीड़ित बच्चों और जोखिम वाले परिवारों को सामाजिक व पारिवारिक दबाव से निपटने के लिए सशक्त बनाना ही उद्देश्य है। पीएलवी प्रदुम्ण प्रमाणिक एवं प्रवीण मुण्डा ने कहा कि पीड़ित बच्चों को कानूनी सहायता, शेल्टर होम और मानसिक कल्याण के लिए मुफ्त काउंसिलिंग प्रदान करना ही इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। अंत में डालसा टीम के द्वारा आगामी 12 सितम्बर को व्यवहार न्यायालय, रांची में होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गयी। अनिमा मल्लिक व सोनामणि देवी ने कहा कि वादकारी अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क करा सकते है। अंत में नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर फोकस किया गया तथा पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया गया। आगे डालसा टीम ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निस्तारण हेतु दिनांक 21, 22 और 23 अगस्त को व्यवहार न्यायालय, रांची में आयोजित होनेवाली विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामले को शीघ्र और सौहाद्रपूर्ण ढंग से समाधान करा सकते है।

## प्रैक्टिस ऑफ टीचिंग का हुआ गौरवपूर्ण समापन : कांके विद्यालय में 2024-26 के प्रशिक्षु शिक्षकों को सम्मानपूर्ण विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रांची के बी.एड. सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु शिक्षकों का विद्यालयीय अभ्यास-पाठ बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची के निदेर्शानुसार विभिन्न सरकारी विद्यालयों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय, कांके में विद्यालय परिवार द्वारा प्रशिक्षु शिक्षकों के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मो. कुर्बान अंसारी ने प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना भी है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को आदर्श शिक्षक बनने का संदेश दिया। महाविद्यालय के पर्यवेक्षक डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि अब हम सभी को अपने प्रत्येक दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ करना है, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक अद्वैत चैतन्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## एक झलक

### बरही डाक घर में कम मूल्य पर उपलब्ध है गंगाजल और वाटरप्रूफ राखी का लिफाफा

**बरही :** पवित्र सावन का महीना और रक्षाबंधन को लेकर बरही डाकघर में गंगाजल और वाटरप्रूफ राखी का लिफाफा उपलब्ध है। बता दे की इस बात की जानकारी देते हुये पोस्टमास्टर विरेन्द्र कुमार मेहता ने बताया इस पवित्र सावन के महीने में दो त्यौहार मनाया जाता शिवालियों में शिव जी को जल चढ़ाया जाता है,दूसरा रक्षा बंधन जिसे लेकर भारत सरकार के आदेशानुसारअब पोस्ट ऑफिस में गंगाजल और वॉटरप्रूफ राखी का लिफाफा उपलब्ध कराया जा रहा है ऐसा भी देखा जाता है कि बहुत सी बहने अपने निजी कार्य या अन्य कारण भाई से दूर रहती है और उन्हें डाक पार्सल के माध्यम से भाई को राखी भेजती है सावन का महीना बारिश का भी महीना होता है कभी-कभी यहां देखा जाता है। मौके पर डाक निरीक्षक अभिषेक कुमार, डाक सहायक हरि कृष्ण चौधरी, बिरजू रविदास, साथ ही डाकिया प्रेम कुमार, रूपा कुमारी सम्मिलित थी।

### बरही में पुराने जर्जर भवनों की होगी नीलामी

**बरही :** प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा एक नीलामी सूचना जारी की गई है। जिसका ज्ञापांक संख्या 937 है। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि दिनांक 17/08/2026 को ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। इस ग्राम सभा में सभी ग्रामीण, आम जनता एवं जनप्रतिनिधि सादर आमंत्रित हैं। ग्राम सभा में प्रखंड के पुराने एवं जर्जर भवनों को ध्वस्त करने का निर्णय लिया जाएगा। ध्वस्तीकरण के बाद निकलने वाली सामग्री जैसे ईंट, छड़, दरवाजा, खिड़की एवं अन्य सामग्रियों की खुली नीलामी की जाएगी। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि निर्धारित तिथि को ग्राम सभा में उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लें।

### कटकमसांडी प्रखंड में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच

**कटकमसांडी :** बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए फूड इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार पाण्डेय ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान उन्होंने विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए अपने साथ ले गए। उन्होंने दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों को हमेशा ढककर रखने तथा उन्हें मक्खियों, मच्छरों और तिलचट्टों से सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना खाद्य सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है।

## उपायुक्त ने नगर व कटकमदाग प्रखंड का किया निरीक्षण

# विकास कार्यों व भूमि मामलों की जांच के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**हजारीबाग/कटकमदाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने बुधवार को नगर क्षेत्र एवं कटकमदाग प्रखंड का भ्रमण कर विभिन्न विकास योजनाओं, भूमि संबंधी मामलों तथा प्रशासनिक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नगर भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने पेलावल क्षेत्र के वार्ड संख्या-1, रोड संख्या-3 में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा राजन के घर से अलहीरा स्कूल, पेलावल दक्षिणी तक निर्मित किए जा रहे पीसीसी पथ का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि स्वीकृत पथ के कुछ हिस्से को स्थानीय लोगों द्वारा चाहरदीवारी निर्माण कर संकीर्ण कर दिया गया है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान यह प्रकाश में आया कि स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आवास निर्माण करने तथा समुचित नाली निकासी व्यवस्था नहीं की गई है, इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की, वहीं वार्ड संख्या-21 में निर्माणाधीन नए फ्लैटों के निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण में स्वीकृत नक्शा एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन में गंभीरता नहीं दिखाई दी। उपायुक्त ने तत्काल टाउन प्लानर को कार्यालय बुलाकर मामले की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



**कटकमदाग प्रखंड का भ्रमण**

उपायुक्त कटकमदाग प्रखंड पहुंचे, जहां उन्होंने एक आवेदनकर्ता द्वारा भूमि संबंधी शिकायत पर मौजा खपरियावां में स्वयं स्थल निरीक्षण किया। जांच के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण में प्रथम दृष्टया यह तथ्य सामने आया कि संबंधित भूमि को गलत तरीके से डीड तैयार कर बिक्री किए जाने का मामला है। इस पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई तथा वरीय सहायक राजेश कुमार का तत्काल स्थानांतरण करने का निर्देश दिया। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने कटकमदाग अंचल कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत असेंबलिंग किए जा रहे साइकिलों का निरीक्षण कर वितरण कार्य में तेजी लाने एवं अविलंब लाभुकों के बीच साइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल (जीपीएफटी) के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया।

## उपायुक्त ने की खनन विभाग की समीक्षा बैठक



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में उपायुक्त कक्ष में बुधवार को खनन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न खनन परियोजनाओं की प्रगति, राजस्व संग्रहण, खनन क्षमता तथा खनिजों से प्राप्त रॉयल्टी की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को ऐसे सभी अवैध ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस निर्गत करते हुए नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने खनिजों पर देय रॉयल्टी से संबंधित नए प्रावधानों की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में वृद्धि के लिए सभी खनन गतिविधियों की नियमित निगरानी एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा निर्धारित रोक अवधि समाप्त होने के उपरांत बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया तथा पत्थर खनन लीज से संबंधित स्वीकृति एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने विभिन्न खनन परियोजनाओं की उत्पादन क्षमता, रॉयल्टी प्राप्ति तथा विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने और अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बड़कागांव सीएचसी में जच्चा-बच्चा की मौत पर आक्रोश जांच और कार्रवाई के आश्वासन पर खत्म हुआ धरना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रसव के दौरान कथित चिकित्सकीय लापरवाही से जच्चा और नवजात की मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना के विरोध में मंगलवार शाम से परिजन, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीण शव के साथ सीएचसी परिसर में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने दोषी चिकित्सक पर कार्रवाई, स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की। करीब नौ घंटे चले धरने के बाद देर रात बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल और अंचलाधिकारी मनोज कुमार की पहल पर प्रशासन एवं प्रदर्शनकारियों के बीच वार्ता हुई। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार ने मृतक परिवार के एक सदस्य को रोजगार दिलाने, आर्थिक सहायता के लिए पहल करने, घटना की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई और सीएचसी व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया। इसके बाद रात करीब तीन बजे धरना समाप्त हुआ और शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। मामले को लेकर सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार से मुलाकात कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की। सिविल सर्जन ने जांच समिति गठित करने और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने दवाई चोरी मामले में भी एफआईआर की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी। घटना के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## हजारीबाग डेंटल कॉलेज मंडई में नि:शुल्क दंत जांच शिविर आयोजित



**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा मंडई स्थित राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय में बुधवार को निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 104 से अधिक स्कूली बच्चों के दांतों की निशुल्क जांच की गई तथा उन्हें मुख एवं दंत स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए दांतों की नियमित देखभाल और समय-समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समय पर उपचार सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्थान सामाजिक सरोकारों के तहत इस प्रकार के जनहितकारी निशुल्क शिविर आयोजित करता रहेगा। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के चिकित्सक डॉ मुस्कान, साक्षी मिश्रा, पायल, हर्षिता, हर्षवर्धन, आयुष एवं राज कुमार (पीआरओ) ने सरहानीय योगदान दिया।

## एलएम ग्रुप ऑफ कॉलेज में क्विज व प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

# झारखंड टॉप-10 में दो छात्राओं ने लहराया परचम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** चानो स्थित एलएम ग्रुप ऑफ कॉलेज (नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फामेर्सी) में वार्षिक परीक्षा परिणाम, क्विज प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, वहीं वार्षिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों का उत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, बरकट्ठा विधानसभा के प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, अशोक देव, शशि मोहन सिंह, भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया महेंद्र राम, भालचंद्र मिश्रा, दामोदर मेहता, अनंत कुमार आर्य, संस्थान के निदेशक लखन मेहता, डॉ. नीलू कुमारी एवं डॉ. रंजन मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा रही। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विशेष रूप से झारखंड राज्य के टॉप-10 मेधावी विद्यार्थियों की सूची में एलएम ग्रुप ऑफ कॉलेज की दो छात्राओं ने स्थान बनाकर संस्थान का गौरव बढ़ाया। पूजा कुमारी ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया, जबकि कुमकुम पाण्डेय ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।




## 29 दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण, ट्राई साइकिल से बढेंगे आत्मविश्वास के पहिये



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके लिए विद्यालय तक की राह आसान बनाने के उद्देश्य से प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर में ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 29 दिव्यांग विद्यार्थियों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। ट्राई साइकिल मिलने से बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा ने विद्यार्थियों को ट्राई साइकिल सौंपते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा तभी सार्थक होगी, जब प्रत्येक बच्चे को उसकी आवश्यकता के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी दिव्यांग बच्चा केवल संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। ट्राई साइकिल उनके लिए महज एक वाहन नहीं, बल्कि शिक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का सशक्त माध्यम है। इससे बच्चों का विद्यालय तक पहुंचना आसान होगा और उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ट्राई साइकिल वितरण से पहले सभी दिव्यांग विद्यार्थियों का विशेष आकलन कराया गया था।

## विभावि में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक

# कार्यों की हुई समीक्षा, दायित्वों का हुआ निर्धारण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन से संबंधित समिति की बैठक बुधवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित की गई। बैठक का संचालन करते हुए छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने बताया की पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पूर्ण गरिमा के साथ किया जाना है। उन्होंने विभिन्न समितियों तथा उनको दिए गए दायित्व की समीक्षा की। सभा में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की ओर से कुछ सुझाव प्राप्त हुए जिसे संबंधित समिति को विचारार्थ सुपुर्द कर दिया गया। तय हुआ कि इस वर्ष भी निमंत्रण हेतु डिजिटल आमंत्रण पत्र का उपयोग किया जाएगा। अवकाश प्राप्त शिक्षकों को आमंत्रित करने में विशेष ध्यान दिया जाएगा। मार्च पास्ट की जवाबदेही डॉ उमेंद्र कुमार सिंह एवं डॉ शत्रुघ्न कुमार पांडे की समिति को दिया गया। जलपान की व्यवस्था का दायित्व डॉ राजू राम एवं प्रो तनवीर यूनुस की समिति को सौंपी गई। मंच की व्यवस्था का दायित्व डॉ विनोद रंजन एवं डॉ मेराज नबी सिद्दीकी की समिति को दिया गया। विकास पदाधिकारी डॉ देवनारायण राम एवं डॉ नवीन चंद्र की समिति को परिसर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने का दायित्व दिया गया। पंडाल, ध्वनि विस्तारक एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था संबंधी दायित्व विश्वविद्यालय के सीसीडीसी प्रो मिथिलेश कुमार सिंह एवं वित्त पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार पाल की समिति को सौपा गया। पंडाल में बैठने की व्यवस्था की देखरेख का दायित्व प्रो तनवीर यूनुस एवं डॉ रजनीश कुमार की समिति को दी गई। बैनर, सर्टिफिकेट और आमंत्रण पत्र संबंधित दायित्व डॉ आशीष कुमार शाह एवं डॉ अरुण कुमार मिश्रा की समिति को दी गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को व्यवस्थित करने का दायित्व डॉ जॉनी रूफीना तिर्की तथा प्रेस एवं मीडिया का दायित्व डॉ सुकल्याण मोइत्रा एवं डॉ गंगा नाथ झा की समिति को दी गई। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में विधि व्यवस्था को बनाए रखने का दायित्व विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ सादिक रज्जाक एवं डॉ सुबोध कुमार सिंह की समिति को दी गई। स्मृति चिन्ह और पुरस्कार की खरीद और व्यवस्था संबंधी दायित्व डॉ विनोद रंजन एवं डॉ अरुण कुमार मिश्रा की समिति को दी गई। प्रतिमा स्थल पर पुष्पार्पण कार्यक्रम का दायित्व डॉ प्रणिता एवं डॉ अमिता कुमारी की समिति को दी गई। डॉ गंगा नाथ झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विद्यालय सिंहपुर में आठवीं के विद्यार्थियों के बीच साइकिलों का वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** प्रखंड के मध्य विद्यालय सिंहपुर में बुधवार को कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच सरकार की साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य (भाग-1) राकेश रंजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि (बरही विधानसभा) मुकुंद साव, सांसद प्रतिनिधि आशीष सिंह, दादपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिन्हा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार कमल तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण रविदास ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान कीं। अतिथियों ने



विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह और बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षा शास्त्र विभाग ने स्वामी विवेकानंद सभागार में मनाया नशा मुक्ति अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार 05 अगस्त को 'नशा मुक्ति अभियान' कार्यक्रम का अयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रवज्वलन एवं आचार्य विनोबा भावे की तस्वीर पर पुष्प अर्पण करके की गई। स्वागत भाषण प्रो० (डॉ.)मृत्युञ्जय प्रसाद द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी विश्वविद्यालय के सी.सी.डी.सी. प्रो. (डॉ.) मिथिलेश कुमार सिंह थे। कार्यक्रम में विश्वविलय के कुलानुशासक डॉ. सादिक रज्जाक, परिक्षा नियंत्रक डॉ. पंकज कुमार माझी, वित्तीय पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार पाल, विकास पदाधिकारी सह अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. डी.एन. राम ने मंच की शोभा बढ़ाई। प्रो. मिथिलेश कु० सिंह ने नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को पढ़ने का नशा करना चाहिए ताकि उसका भविष्य उज्जवल हो। शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) तनवीर युनूस ने अपने संबोधन द्वारा विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। विद्यार्थि अपूर्वा, आदर्श और ईशा कुमारी ने अर्थपूर्ण गीत की प्रस्तुति से सबको नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरबा में साइकिल, कॉपी, डायरी और बैग का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही :** चरही उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरबा, चुरचू प्रखंड में वर्ग नवम सत्र 2025-26 के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक एवं ग्राम पंचायत जरबा की मुखिया सुनीता देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रमुख के हाथों वर्ग नवम एवं दशम के विद्यार्थियों के बीच कॉपी एवं डायरी का भी वितरण किया गया। वहीं, वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों के बीच कॉपी एवं स्कूल बैग वितरित किये गये। साइकिल पाकर बच्चे काफी उत्साहित और प्रसन्न दिखे। इस अवसर पर प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने कहा कि 'सरकार के निरंतर प्रयासों से सरकारी विद्यालयों में संसाधनों की पूर्ति हो रही है, जिससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष पूनम देवी, उपाध्यक्ष घनश्याम ठाकुर, शिक्षकगण विपिन कुमार राय, रामदुलार, राजेंद्र प्रजापति, रोशन कुमार, जोहरा फातमा, संगीता कुमारी, गीता कुमारी, अनिता कुमारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरही डीलर संघ की मासिक बैठक सम्पन्न

### प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने पर डोमन पाण्डेय किये गये सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड डीलर संघ की मासिक बैठक बुधवार को प्रखंड परिसर में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोहर भगत की अध्यक्षता हुई। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने किया। बैठक में एमओ ने डीलरों को ससमय अनाज का उठाव करने तथा ससमय अनाज का वितरण करने सहित अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अपात्र लाभुकों को समय से पहले स्वेच्छा से राशनकार्ड सरेंडर करने की बात कही।इसके अलावा ऑनलाइन में हो रहे त्रुटि के समाधान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं डीलरों



ने अपने लंबित कमीशन राशि के भुगतान में विलंब होने पर खेद जताया। कमीशन भुगतान को लेकर डीलर संघ ने मांग पत्र सौंपें।सौंपें गए आवेदन में डीलरों ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वितरण किए गए राशन का जनवरी, फरवरी 23 फरवरी, मार्च 24जनवरी फरवरी एवं मार्च 25एंव मार्च 26 का कमीशन भुगतान नहीं हुआ है। तथा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वितरण किए गए 2023 का पूरे साल में नमक एवं चना दाल वितरण किया गया जिसका कमीशन भुगतान अब तक बकाया है। डीलरों को समय पर कमीशन भुगतान नहीं के कारण आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। वहीं प्रखंड गोदाम प्रबंधक संजय यादव ने सभी डीलरों को समय पर राशन रिसीव करने कि निर्देश दिया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला व शिशु अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# माताओं को स्तनपान के प्रति किया गया जागरूक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर इमली कोठी स्थित एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु अस्पताल में बुधवार को नि:शुल्क स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं, नवप्रसूता माताओं एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व, शिशु के पोषण एवं मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए स्तनपान विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, विभिन्न खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेल-खेल में उपस्थित महिलाओं को स्तनपान कराने की सही विधि, नवजात शिशु की देखभाल, संतुलित पोषण तथा शिशु के स्वस्थ विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। प्रश्नोत्तरी एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से चित्रों एवं प्रस्तुति की सहायता से स्तनपान की वैज्ञानिक एवं सही तकनीक, नवजात शिशु को गोद में रखने की उचित स्थिति, मां के पोषण, शिशु की देखभाल तथा स्तनपान से जुड़े विभिन्न तथ्यों की विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं ने विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य माताओं को जागरूक कर प्रत्येक नवजात को जीवन की सर्वोत्तम शुरूआत दिलाना है। उन्होंने कहा कि मां का दूध शिशु के लिए प्रकृति का सबसे सुरक्षित, संपूर्ण एवं पौष्टिक आहार है।

- मां का दूध नवजात के लिए सबसे सुरक्षित और सम्पूर्ण आहार, जागरूकता से मिलेगी स्वस्थ जीवन की बेहतर शुरुआत : हर्ष अजमेरा
- स्तनपान मां और शिशु के बीच स्नेह, विश्वास और स्वस्थ भविष्य की सबसे मजबूत कड़ी है : जया सिंह




## राज कुमार बने आजसू छात्र संघ चुरचू प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही (हजारीबाग) :** चुरचू प्रखंड के हेंदेगढ़ा पंचायत सभागार में आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मांडू विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो के निर्देश तथा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में राज कुमार को आजसू छात्र संघ, चुरचू प्रखंड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार महतो ने कहा कि यह नियुक्ति संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज कुमार के नेतृत्व में छात्र संगठन नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा और युवाओं को पार्टी से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष राज कुमार को शुभकामनाएं देते



हुए नेताओं और कार्यकताओं ने कहा कि यह पद उनकी मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम है। उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। इस अवसर पर संजय कुमार महतो, चंदन राज, अनुज कुमार, पिंकू, शिवम, प्रकाश, रोशन, पंकज, आनंद, कपिल, अशोक महतो, उमेश महतो, राजेंद्र महतो, महेंद्र महतो, जितेंद्र महतो, गोविंद महतो सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक झलक

### महुदा में बालू लदा ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**बाघमारा (धनबाद) :** महुदा थाना क्षेत्र के अंधारी नदी घाट पर बुधवार को बालू लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चालक भीखू सहीस की मौत हो गई। मृतक बोकारो जिले के दलटांड़ का रहने वाला बताया जा रहा है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में कथित अवैध बालू खनन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने घाटों से अवैध बालू उठाव और ट्रैक्टरों से ढुलाई का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मामले में जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### दीवार गिरने से वृद्ध महिला की मौत

**बाघमारा (धनबाद) :** तेतुलमारी क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह हरिजन टोला में मंगलवार देर रात मिट्टी की दीवार गिरने से 75 वर्षीय कारी देवी की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह अपने कच्चे घर में सो रही थीं। अचानक दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के इकलौते पुत्र चुन्नू दास का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। बुधवार सुबह तक प्रशासनिक अधिकारियों के नहीं पहुंचने से लोगों में नाराजगी देखी गई। बाद में एक सामाजिक कार्यकर्ता ने घटनास्थल पहुंचकर अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहायता दी। ग्रामीणों के सहयोग से शव का अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत राशि, मुआवजा और आवास योजना का लाभ देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर कच्चे मकान बरसात के मौसम में हादसों का कारण बन रहे हैं, इसलिए प्रशासन को समय रहते कदम उठाने चाहिए।

### जमीन मुआवजे के विवाद में सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष, युवक का सिर फूटा

**सिन्दरी (धनबाद) :** सेल की टासरा परियोजना क्षेत्र अंतर्गत मोतीनगर में जमीन मुआवजे के विवाद ने एक ही परिवार को दो गुटों में बांट दिया। बुधवार को विवाद इतना बढ़ गया कि सगे भाइयों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आशीष पर कथित रूप से लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिससे उसका सिर फट गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद रीता देवी और अनिता देवी ने गौशाला ओपी में लिखित शिकायत देकर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कोयला क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का आगाज

# तकनीकी दक्षता में पुलिस को परख रहा विभाग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आधुनिक पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की दिशा में धनबाद पुलिस केंद्र सभागार में बुधवार से तीन दिवसीय कोयला क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में धनबाद और बोकारो जिले के पुलिस पदाधिकारी एवं जवान भाग ले रहे हैं। ड्यूटी मीट का उद्देश्य पुलिसकर्मियों की अनुसंधान क्षमता, तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक कौशल को विकसित करना है, ताकि वे बदलते अपराध के स्वरूप और आधुनिक चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकें। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस महानिरीक्षक (बोकारो प्रक्षेत्र) शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, एडिशनल एसपी (चास) वेदांत शंकर सहित कई वरीय पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि ड्यूटी मीट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पुलिसकर्मियों के ज्ञान, दक्षता और पेशेवर क्षमता को निखारने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों और वैज्ञानिक अनुसंधान की आधुनिक विधियों का प्रशिक्षण कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध अनुसंधान को अधिक प्रभावी बनाता है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग के लिए तकनीकी रूप से दक्ष होना समय की आवश्यकता है। ड्यूटी मीट पुलिसकर्मियों को अनुभव साझा करने, नई कार्यप्रणालियां सीखने और वैज्ञानिक जांच पद्धतियों को अपनाने का अवसर प्रदान करता है, जिससे जनता को बेहतर पुलिस सेवा मिल सकेगी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में पुलिस निरीक्षक से लेकर सिपाही स्तर तक के कर्मियों की विधि विज्ञान (एफएसएल), मेडिको-लीगल, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, लॉ रूल्स, कोर्ट जजमेंट, फिंगर प्रिंट, फोटोग्राफी, पैकिंग एवं फॉरवर्डिंग, कंप्यूटर साक्षरता, पुलिस श्वान दस्ता, एंटी-सबोटाज चेक तथा वीडियोग्राफी सहित कई विषयों पर मौखिक एवं लिखित परीक्षा ली जा रही है। मूल्यांकन के लिए रांची से सीआईडी, एटीएस और एफएसएल की विशेषज्ञ टीम भी धनबाद पहुंची है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन आगे की प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा।

## झरिया की दो बेटियों ने लागत व प्रबंधन लेखाकार की अंतिम परीक्षा पास कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



पारुल जोशी श्रुति शर्मा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** झरिया के आमलापाड़ा की दो प्रतिभाशाली बेटियों ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकार (सीएमए) की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे झरिया क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सफलता हासिल करने वाली छात्राओं में कुमारी पारुल जोशी और कुमारी श्रुति शर्मा शामिल हैं। पारुल जोशी, विजय जोशी एवं श्रीमती बेबी जोशी की पुत्री हैं, जबकि श्रुति शर्मा, महेश शर्मा एवं श्रीमती सुनीता शर्मा की पुत्री हैं। दोनों छात्राएं आमलापाड़ा, झरिया की निवासी हैं। उन्होंने अपनी 11वीं और 12वीं की पढ़ाई झरिया स्थित मनीष कोचिंग सेंटर से पूरी की थी। छात्राओं की सफलता पर कोचिंग संस्थान के संचालक डॉ. मनीष शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों भविष्य में भी अपने परिवार, क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करेंगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा की अध्यक्ष श्रीमती किरण शर्मा, मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा तथा मारवाड़ी ब्राह्मण धर्मशाला के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने दोनों छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों ने भी इसे झरिया की बेटियों की प्रेरणादायक सफलता बताया।

## एलआईसी में विनिवेश के विरोध में बीमा कर्मचारियों का प्रदर्शन, सरकार से फैसला वापस लेने की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त विनिवेश के विरोध में बुधवार को धनबाद सहित हजारीबाग मंडल के सभी 37 कार्यालयों में बीमा कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने भोजनावकाश के दौरान द्वार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर आयोजित किया गया। कर्मचारियों ने 3 अगस्त 2026 को घोषित ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी और कम करने के निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की। मंडलीय महासचिव जगदीश चंद मित्तल ने कहा कि प्रस्तावित विनिवेश से एलआईसी की सार्वजनिक प्रकृति प्रभावित होगी और यह सरकार की आर्थिक नीतियों की विफलता को दर्शाता है। मंडल अध्यक्ष हेमंत मिंया ने कहा कि सरकार लगातार सार्वजनिक उपक्रमों के शेयर बेचकर राजस्व जुटाने का प्रयास कर रही है, जो राष्ट्रीय संपत्तियों के हित में नहीं है। संगठन सचिव अमित कुमार ने कहा कि एलआईसी केवल लाभ कमाने वाली संस्था नहीं, बल्कि करोड़ों पॉलिसीधारकों के विश्वास और बचत का प्रतीक है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर सरकार के फैसले का विरोध जताया।

## पांडेडीह बाजार में विशेष स्वच्छता अभियान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बाघमारा (धनबाद) :** धनबाद नगर निगम ने बुधवार को वार्ड संख्या 4 अंतर्गत पांडेडीह बाजार, तेतुलमारी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र की व्यापक सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव कराया गया। अभियान के तहत तेतुलमारी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में फूलों और फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया।

## अनाथ हुई तीन बहनों से मिले सिन्दरी विधायक, तत्काल आर्थिक सहायता देकर हरसम्भव सहयोग का दिया भरोसा



**धनबाद :** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के मुकुन्दा पंचायत अंतर्गत तिलाटांड़ गांव में माता-पिता के निधन के बाद अनाथ हुई तीन मासूम बच्चियों से मिलने विधायक चंद्रदेव महतो पहुंचे। उन्होंने पीड़ित बच्चियों और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की तथा उनके भविष्य को लेकर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार, बच्चियों के पिता इंद्रजीत मोदक का तीन वर्ष पूर्व निधन हो गया था। इसके बाद उनकी मां गीता देवी ही परिवार का एकमात्र सहारा थीं, लेकिन पांच दिन पूर्व बीमारी से उनका भी निधन हो गया। इससे तीनों बच्चियां पूरी तरह अनाथ हो गईं। विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि इस कठिन समय में बच्चियों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने उनकी शिक्षा, पालन-पोषण और अन्य आवश्यक जरूरतों में निरंतर सहयोग देने का भरोसा दिलाया। विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों ने भी बच्चियों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि हीरालाल मोदक, सूरजीत चंद्रा, रघुनंदन सिंह, जलधर मोदक, बादल रवानी, काशीनाथ मोदक, आशीष मोदक, विपदतारन मोदक समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## झारखंड टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में पुरानी टीम पर फिर भरोसा, प्रदीप सिंह बने चेयरमैन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की आम बैठक एवं त्रैवार्षिक चुनाव बुधवार को रांची स्थित स्वागतम मैरेज हॉल में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बैठक में वर्ष 2026-2029 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अधिकांश पुराने पदाधिकारियों को उनके पिछले कार्यकाल के बेहतर प्रदर्शन के आधार पर दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष शुशील कुमार वर्मा ने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और संगठन की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत कर की। इसके बाद मनोज कुमार एवं लखेंद्र महतो को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। सदस्यों की सहमति से चुनाव प्रक्रिया सर्वसम्मति से पूरी कराई गई। नई कार्यकारिणी में प्रदीप कुमार सिंह को प्रदेश चेयरमैन, शुशील कुमार वर्मा को अध्यक्ष, द्वारिका प्रसाद तिवारी को महासचिव, पुरुषोत्तम कुमार रंजन को कार्यकारी अध्यक्ष, भारती को सचिव तथा संजय कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में राज्य के करीब 15 जिलों से आए जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**बाघमारा (धनबाद) :** पथरा स्थित संकल्प एजुकेशन में बुधवार को पद्म भूषण से सम्मानित पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर जय धरती मां फाउंडेशन की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को याद करते हुए उनके सपनों के राज्य के निर्माण का संकल्प दोहराया। मुख्य अतिथि फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद ने शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि झारखंड के गठन में विनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन और ए.के. राय की भूमिका ऐतिहासिक रही है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत है। संकल्प एजुकेशन के निदेशक एवं फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो ने कहा कि संस्था का उद्देश्य 'सोना झारखंड' को 'प्रतिभावान झारखंड' बनाना है। इसके लिए प्रत्येक आदिवासी गांव में निःशुल्क शिक्षा केंद्र स्थापित करने और पारंपरिक अखड़ा संस्कृति को पुनर्जीवित करने की योजना बनायी गयी है।

## बंद पड़े बीसीसीएल स्कूल भवन में निःशुल्क शिक्षा केन्द्र खोलने की मांग, अनिश्चितकालीन धरना शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** डुमरा स्थित बंद पड़े बीसीसीएल के नेहरू बालिका उच्च विद्यालय भवन में निःशुल्क शिक्षा केंद्र स्थापित करने की मांग को लेकर बुधवार से स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों ने बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन सत्याग्रह सह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आंदोलन की अध्यक्षता रमेश कुमार महतो ने की। धरना को संबोधित करते हुए संपूर्ण जन जागृति संगठन के प्रेम कुमार ने कहा कि बीसीसीएल द्वारा कई वर्षों पूर्व नेहरू बालिका उच्च विद्यालय को बंद कर दिए जाने से क्षेत्र के गरीब एवं ग्रामीण परिवारों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन वर्षों से अनुपयोगी पड़ा है, इसलिए इसका उपयोग जनहित में करते हुए वहां निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालित किया जाना चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सके। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक बीसीसीएल प्रबंधन विद्यालय भवन में निःशुल्क शिक्षा केंद्र शुरू करने का निर्णय नहीं लेता, तब तक उनका सत्याग्रह और धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। धरना में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की भागीदारी रही, जिससे आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन मिला। कार्यक्रम में गुड़िया कुमारी, निशा कुमारी, खुशबू देवी, काजल देवी, सुमन कुमारी, रेणुका कुमारी, आशा शर्मा, कुंती देवी, नीलम बरनवाल, रतनी देवी, बसंती देवी, सुशीला देवी, अनीता देवी समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## धनबाद-झरिया में निर्बाध बिजली आपूर्ति और सुंदरपुर में लाइन विस्तार की मांग

# जीएम ने दिया जल्द कार्रवाई का भरोसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** धनबाद एवं झरिया क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और तकनीकी खराबियों से परेशान उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेत्री श्रीमती अनुपमा सिंह के निर्देश पर उनके प्रतिनिधियों एवं सुंदरपुर के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ सुंदरपुर पांच नंबर एवं सोलह नंबर पहाड़ी में वर्षों से लंबित विद्युत लाइन विस्तार का मामला प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक को बताया कि धनबाद और झरिया के कई इलाकों में बार-बार बिजली कटने, लो-वोल्टेज तथा अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण आम लोगों के साथ व्यवसाय और दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं सुंदरपुर के लगभग 60 परिवार अब तक नियमित बिजली सुविधा से वंचित हैं। पूर्व में आवेदन देने के बावजूद विद्युत लाइन विस्तार का कार्य शुरू नहीं होने पर ग्रामीणों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की। विद्युत महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि विभाग धनबाद एवं झरिया में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

## प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित, 04 सितम्बर तक दर्ज होंगे दावा-आपत्ति

**धनबाद :** जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों–सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी और बाघमारा–में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के तहत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने का अवसर रहेगा। इस दौरान मतदाता अपने नाम, पता, आयु या अन्य विवरण में सुधार कराने अथवा नए नाम जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित बीएलओ के पास आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर तक नोटिस, सत्यापन और प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। इसके बाद 7 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

## धनबाद में 9-10 अगस्त को डीएमसी मॉल में सजेगा 'शिल्पोत्सव', स्थानीय शिल्पकारों को मिलेगा बाजार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** स्थानीय शिल्पकारों और माटी कलाकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन 9 और 10 अगस्त को डीएमसी मॉल में दो दिवसीय 'शिल्पोत्सव' का आयोजन करेगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के ग्रामीण एवं स्थानीय हस्तशिल्प कलाकारों को अपने उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री के लिए मंच उपलब्ध कराया जाएगा। शिल्पोत्सव में करीब 20 स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां हस्तनिर्मित कलाकृतियों और माटी उत्पादों की बिक्री होगी। साथ ही माटी कला एवं हस्तशिल्प निर्माण का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे लोग पारंपरिक शिल्प निर्माण की प्रक्रिया को करीब से देख सकेंगे। जिला प्रशासन का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों की आय बढ़ाने के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। आयोजन में भाग लेने के इच्छुक शिल्पकारों के लिए जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), ऑफिसर्स कॉलोनी, धनबाद में पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर, कला का प्रकार, पता और आधार नंबर सहित आवश्यक विवरण जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9709816703 या ई-मेल dicdhanbad@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है। शिल्पोत्सव के दौरान सबसे आकर्षक स्टॉल और सर्वाधिक बिक्री करने वाले स्टॉल धारकों को उपायुक्त द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे 9 और 10 अगस्त को डीएमसी मॉल पहुंचकर स्थानीय कलाकारों के उत्पाद खरीदें और उनके हुनर को प्रोत्साहित करें।

## निचितपुर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से गूंजा क्षेत्र

# भक्ति और संस्कार का दिया संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** निचितपुर क्षेत्र में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन पूरा इलाका भक्ति और आध्यात्मिक माहौल में सराबोर रहा। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और भगवान की भक्ति में लोग भाव-विभोर होकर कथा श्रवण करते रहे। कथा व्यास स्वामी हरिदास जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि संसार का वैभव क्षणिक है, जबकि भगवान का नाम और सद्गुरु की कृपा ही मनुष्य को शाश्वत आनंद और वास्तविक सुख प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण का संदेश है कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण ही सबसे सरल और सर्वोत्तम साधन है। जो भक्त पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ प्रभु का स्मरण करते हैं, उनके योग-क्षेम का भार स्वयं भगवान वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि धन, पद और ऐश्वर्य समय के साथ समाप्त हो जाते हैं, लेकिन भक्ति, सद्गुरु की कृपा और प्रभु का नाम जीवनभर साधक का साथ देते हैं।

## डिजिटल भुगतान में बढ़ते साइबर फ्रॉड को लेकर एनपीसीआई ने किया सतर्क

**धनबाद :** डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग के बीच एनपीसीआई ने टेक्स्ट मैसेज के जरिए होने वाली साइबर धोखाधड़ी को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। संस्था के अनुसार साइबर ठग अक्सर बैंक, सरकारी एजेंसियों और अन्य भरोसेमंद संस्थानों के नाम से फर्जी एसएमएस भेजकर लोगों को लिंक पर क्लिक करने, ऐप डाउनलोड करने या ओटीपी, यूपीआई पिन और पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित करते हैं। एनपीसीआई ने लोगों से किसी भी संदेश पर कार्रवाई करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने और केवल आधिकारिक स्रोतों का ही उपयोग करने की अपील की है। संस्था ने यह भी कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और किसी भी संदिग्ध संदेश या नंबर की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 या संचार साथी पोर्टल पर करें। सतर्कता और समय पर सत्यापन से अधिकांश डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी से बचा जा सकता है।

## गोविंदपुर भू-धंसान के बाद दहशत बरकरार दूसरे दिन भी मलबे में सामान तलाशते रहे लोग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास थाना क्षेत्र के सिलेक्टेड गोविंदपुर बस्ती में हुए भीषण भू-धंसान के दूसरे दिन बुधवार को भी प्रभावित परिवारों की मुश्किलें कम नहीं हुईं। घर जमींदोज होने के बाद लोग दिनभर मलबे में दबे घरेलू सामान, जरूरी दस्तावेज और पशुओं को निकालने में जुटे रहे। हादसे में कई मवेशियों की भी दबकर मौत हो गई। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और आसपास के घरों में रहने वाले लोग भी अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं। घटना की जानकारी मिलने पर बीसीसीएल प्रबंधन, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, कांग्रेस जिला महासचिव राजेश राम तथा बाघमारा अंचल अधिकारी गिरिजानन्द किस्कू ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से बातचीत कर नुकसान की जानकारी ली। इस दौरान बीसीसीएल प्रबंधन एवं वार्ड पार्षद डॉ. मधुमाला की ओर से प्रभावित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी कराई गई। निरीक्षण के दौरान बीसीसीएल अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों को बेलगड़िया पुनर्वास स्थल पर स्थानांतरित होने का प्रस्ताव दिया। अधिकारियों का कहना था कि वहां पानी, बिजली, भोजन और अस्थायी आवास सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## धनबाद पुलिस केन्द्र का मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायी : आईजी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने बुधवार को धनबाद पुलिस केंद्र का निरीक्षण कर यहां विकसित आधारभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सराहना की। पुलिस ड्यूटी मीट-2026 के शुभारंभ के बाद उन्होंने पुलिस केंद्र का विस्तृत जायजा लिया और कहा कि कम समय में जिस तरह पुलिस केंद्र का स्वरूप बदला गया है, वह राज्य के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायी मॉडल है। निरीक्षण के दौरान आईजी ने वाहन शेड, मुख्य द्वार, परेड ग्राउंड, शस्त्रागार, ऑफिसर फ्लैट तथा नवनिर्मित सभागार का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने निमार्णाधीन 100 बेड के महिला बैरक का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना समय पर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि बेहतर आधारभूत सुविधाएं पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार लाती हैं। उन्होंने धनबाद पुलिस द्वारा संसाधनों के बेहतर उपयोग और परिसर के सुव्यवस्थित रखरखाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की व्यवस्थाओं से अन्य जिलों को भी सीख लेनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान आईजी ने पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, एडिशनल एसपी (चास) वेदांत शंकर सहित जिले के सभी डीएसपी एवं एसडीपीओ उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने आईजी को पुलिस केंद्र में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी दी।

## बेलगड़िया के युवाओं के लिए आईआईटी (आईएसएम) के दरवाजे खुले

# मुफ्त कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू, विशेष बस सेवा भी चलेगी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भू-धंसान एवं अग्नि प्रभावित क्षेत्र बेलगड़िया के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा और रोजगार से जोड़ने की दिशा में धनबाद जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिला प्रशासन और बैंक ऑफ इंडिया सोशल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से बुधवार को आईआईटी (आईएसएम) में 'डी-युवा' (धनबाद यूथ अपग्रेडेशन थ्रू वोकेशनल एंड एडवांस्ड डिजिटल स्किल्स) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, आईआईटी (आईएसएम) के प्रोफेसर धीरज कुमार तथा बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर दिनेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि जिला प्रशासन पिछले एक वर्ष से इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रयासरत था। अब बेलगड़िया के युवाओं को देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी (आईएसएम) में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 900 युवाओं को तीन वर्षों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा प्रशिक्षणार्थियों के लिए बेलगड़िया से आईआईटी (आईएसएम) तक विशेष बस सेवा भी शुरू की जाएगी। कोर्स में कंप्यूटर एप्लीकेशन, कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, डेटा एंट्री, ऑफिस असिस्टेंट, वेब डेवलपमेंट और पायथन आधारित डेटा क्यूरेशन जैसे आधुनिक विषय शामिल हैं। प्रत्येक बैच के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को कंप्यूटर या टैबलेट भी प्रदान किया जाएगा। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगा। उन्होंने छात्रों से पूरे समर्पण के साथ प्रशिक्षण पूरा करने की अपील करते हुए कहा कि सशक्त युवा ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं।

## हर्ल को हस्तांतरित जमीन को लेकर राज्य सरकार ने नहीं लिया कोई राजस्व

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिंदर हर्ल को हस्तांतरित 695 एकड जमीन को लेकर राज्य सरकार ने कोई राजस्व नही लिया है । झारखंड विधान सभा की विशेष समिति प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण ने हर्ल प्रबंधन से एफसीआई द्वारा हस्तांतरित 695 एकड जमीन के एवज में राज्य सरकार को दिए गए राजस्व को लेकर जानकारी मांगी थी। हर्ल के वरिष्ठ प्रबंधक मानव संशाधन विक्रांत कुमार ने इस संबंध में विधान सभा की विशेष समिति को दास्तावेज के साथ सूचित किया। जिसमें बताया गया है कि 6 मार्च 2018 को लिज दस्तावेज पर मुद्रक एवं निबंधन शुल्क से विमुक्त के प्रस्ताव पर तात्कालिक मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं मंत्रीपरिषद ने स्वीकृति दी थी।

## धनबाद को मिली नयी जिला कृषि पदाधिकारी, अंजना कुमारी ने सम्भाला पदभार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिले को नई जिला कृषि पदाधिकारी मिल गई हैं। श्रीमती अंजना कुमारी ने बुधवार को जिला कृषि कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। श्रीमती अंजना कुमारी इससे पूर्व गिरिडीह में असिस्टेंट सॉयल केमिस्ट के पद पर कार्यरत थीं। कृषि विभाग में उनके अनुभव को देखते हुए अब उन्हें धनबाद जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में जिले में कृषि विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, निवर्तमान जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा का स्थानांतरण पाकुर जिले में किया गया है। पदभार हस्तांतरण के दौरान विभागीय अधिकारियों और कर्मियों ने दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सम्पादकीय.....

## आर्थिक असमानता पर बहस

**भारत** और अमेरिका में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर लम्बे समय से बहस होती रही है। जहां कुछ विशेषज्ञ इसे सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का कारण मानते हैं, वहीं जॉन ओ. मैकगिनीस अपनी किताब में दलील देते हैं कि अमीर लोकतंत्र में संतुलन, नवाचार और वैचारिक विविधता को बढ़ावा देते हैं। अमेरिका में अमीरों के और अमीर होने और मध्य वर्ग की आर्थिक समृद्धि के रुकने को लेकर पिछले कुछ दशकों में काफी चर्चा हुई है। वहां शीर्ष 01 प्रतिशत ; अर्थात सर्वाधिक अमीरों के खिलाफ 'ऑक्युपाय वॉल स्ट्रीट' जैसे आन्दोलन भी हुए। समाज में असमानता बढ़ने पर अस्थिरता बढ़ने की दलील दी जाती रही है। अमेरिका में सर्वाधिक अमीरों पर टैक्स लगाने की मांग भी होती रही है। ऐसी मांग करनेवालों में बर्कशायर हैथवे के संस्थापक वॉरेन बफेट भी शामिल रहे हैं, जो स्वयं दुनिया के शीर्ष अमीर लोगों में शामिल हैं। अमीरों को लेकर अमेरिका में यह बहस इसलिए महत्त्व रखती है, क्योंकि वह दुनिया का सबसे ताकतवर लोकतंत्र है और उसकी अर्थव्यवस्था भी सबसे बड़ी है। दूसरी तरफ, भारत जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, यहां भी समाज में बढ़ती असमानता को लेकर पिछले कुछ दशकों में बहस हुई है। जाने-माने अर्थशास्त्रियों ने भी भारत में बढ़ती असमानता पर लिखा है। इनके मुताबिक आर्थिक उदारीकरण के बाद भारत में आर्थिक असमानता शीर्ष स्तर पर पहुंच गयी है। उन्होंने इसके लिए क्रोनी कैपिटलिज्म ; अर्थात सांठगांठ वाले पूंजीवाद को भी दोषी ठहराया है। ऐसे जानकार इस बात को लेकर भी आगाह करते आये हैं कि आर्थिक असमानता देश की सामाजिक और राजनैतिक व्यवस्था के लिए चुनौतियां पैदा करती है। हालांकि, कुछ अर्थशास्त्रियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अमीरों का बचाव किया है। उनके मुताबिक अमीर ऐसे समाज में जरूरी स्थायित्व लाते हैं। उन्होंने इस सोच को चुनौती दी है कि अरबपति ताकतवर होने के कारण लोकतंत्र के नियमों की अनदेखी करते हैं। उनका कहना है कि असल में अमीर दूसरे प्रभावशाली समूहों के सामने संतुलन स्थापित करते हैं। ऐसे समूहों में उन्होंने पत्रकारों, अकादमिक जगत और एंटरटेनमेंट की दुनिया के लोगों को शामिल किया है। उनका कहना है कि ऐसे समूह लोगों की सोच बनाने और बदलने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं, लेकिन इनका कोई चुनावी उत्तरदायित्व नहीं होता। दूसरी ओर, अमीर सिविक संस्थाओं को पैसा देते हैं। वे विविध विचारों को बढ़ावा देने के साथ इनोवेशन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इससे किसी एक समूह का वैचारिक रूप से दबदबा नहीं बन पाता। जॉन ने लिखा है कि अमीरों की परोपकारी वृत्ति की वजह से कई देशों में कला, शिक्षा और सिविल सोसायटी ने उन्नति की। उन्होंने इस संदर्भ में तकनीकी दुनिया के दिग्गजों का जिक्र किया है। जॉन का दावा है कि इन लोगों की ओर से लाये गये प्लैटफॉर्म्स ने सूचना के लोकतांत्रीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। अमेरिका जैसे देशों में पब्लिक ओपिनियन, लॉबिंग और नौकरशाही की वजह से नीतियां बदलने का दबाव होता है, लेकिन अमीरों पर किसी समूह का दबाव नहीं होता। इसलिए उन्हें जो सही लगता है, वे उसे बढ़ावा देते हैं। वैसे, बताने की आवश्यकता नहीं कि कई बार राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशियों की फंडिंग कर अमीर अपने हिसाब से अमेरिका में नीतियां भी बनवाते हैं। कई बार वे ऐसी नीतियों की वकालत कर देते हैं, जिनसे केवल उन्हीं का फायदा होता है। बहरहाल, समाज में असमानता को सही तो बिलकुल नहीं ठहराया जा सकता ; भले कोई इसे लेकर चाहे जिस तरह की जितनी दलीलें पेश कर ले।

## ● किसने क्या कहा



अनुच्छेद 370 का हटना जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के विकास में नया अध्याय

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को केन्द्र सरकार देगी हरसम्भव आर्थिक सहायता

**जेपी नड्डा**
स्वास्थ्य मंत्री

# उच्च शिक्षा परिसरों में एचआईवी के बढ़ते मामले

विशेष | **डॉ. सत्यवान सौरभ**



> युवाओं में एचआईवी संक्रमण की खबर कई गम्भीर प्रश्न खड़े करती है। क्या हमारे शैक्षणिक संस्थानों में स्वास्थ्य और यौन शिक्षा पर्याप्त है? क्या युवाओं को सुरक्षित व्यवहार, संक्रमण के कारणों और बचाव के उपायों की वैज्ञानिक जानकारी मिल रही है? क्या परिवार और समाज इस विषय पर खुल कर संवाद करने को तैयार हैं? यदि इन प्रश्नों का उत्तर 'नहीं' है, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि समस्या केवल स्वास्थ्य की नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक सोच और शिक्षा व्यवस्था की भी है। भारतीय समाज में आज भी यौन स्वास्थ्य पर खुल कर बात करना सहज नहीं माना जाता। माता-पिता संकोच करते हैं, शिक्षक कई बार इस विषय से बचते हैं और विद्यार्थी अधूरी या भ्रामक जानकारी इंटरनेट अथवा मित्रों से प्राप्त करते हैं।

**देश** का भविष्य उसके युवा तय करते हैं और युवा शक्ति का सबसे बड़ा केंद्र हमारे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हैं। ऐसे में यदि किसी राज्य से यह समाचार सामने आए कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी एचआईवी संक्रमण से प्रभावित पाए गए हैं और सरकार को उच्च शिक्षा संस्थानों में व्यापक जांच अभियान चलाने का निर्णय लेना पड़ा है, तो यह केवल स्वास्थ्य विभाग का विषय नहीं रह जाता। यह शिक्षा, समाज, परिवार, नीति-निमार्ताओं और पूरे राष्ट्र के लिए गंभीर चेतावनी है। यह समय भय फैलाने का नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता और व्यापक जागरूकता के साथ इस चुनौती का सामना करने का है। एचआईवी यानी ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर हमला करता है। यदि समय पर जांच और उपचार न मिले तो यह एड्स जैसी गंभीर अवस्था तक पहुंच सकता है। हालांकि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति ने इसे अब एक नियंत्रित बीमारी बना दिया है। एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी की सहायता से संक्रमित व्यक्ति सामान्य और लंबा जीवन जी सकता है। इसलिए सबसे महत्वपूर्ण है समय पर पहचान, नियमित उपचार और संक्रमण की रोकथाम। युवाओं में एचआईवी संक्रमण की खबर कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है। क्या हमारे शैक्षणिक संस्थानों में स्वास्थ्य और यौन शिक्षा पर्याप्त है? क्या युवाओं को सुरक्षित व्यवहार, संक्रमण के कारणों और बचाव के उपायों की वैज्ञानिक जानकारी मिल रही है? क्या परिवार और समाज इस विषय पर खुलकर संवाद करने को तैयार हैं? यदि इन प्रश्नों का उत्तर 'नहीं' है, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि समस्या केवल स्वास्थ्य की नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक सोच और शिक्षा व्यवस्था की भी है। भारतीय समाज में आज भी यौन स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना सहज नहीं माना जाता। माता-पिता संकोच करते हैं, शिक्षक कई बार इस विषय से बचते हैं और विद्यार्थी अधूरी या भ्रामक जानकारी इंटरनेट अथवा मित्रों से प्राप्त करते हैं। परिणामस्वरूप मिथक, भ्रांतियां और गलत निर्णय जन्म लेते हैं। जबकि वैज्ञानिक जानकारी ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह समझना भी आवश्यक है कि एचआईवी संक्रमण केवल असुरक्षित यौन संबंधों से ही नहीं, बल्कि संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुई के प्रयोग तथा संक्रमित मां से शिशु तक भी फैल सकता है। वहीं हाथ मिलाने, साथ बैठने, भोजन साझा करने, गले मिलने, छींकने या मच्छर के काटने से एचआईवी नहीं फैलता। दुर्भाग्य से आज भी समाज का एक बड़ा वर्ग इन तथ्यों से अनभिज्ञ है। यही अज्ञानता संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव और सामाजिक बहिष्कार को जन्म देती है। उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत युवा जीवन के ऐसे दौर में होते हैं जहां स्वतंत्रता, जिज्ञासा और नए अनुभवों का विस्तार होता है। ऐसे में उन्हें सही दिशा देना केवल परिवार का नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों और सरकार की भी जिम्मेदारी है। प्रत्येक कॉलेज और विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य परामर्श केंद्र, प्रशिक्षित काउंसलर, गोपनीय जांच सुविधा और नियमित जागरूकता कार्यक्रम होने चाहिए। विद्यार्थियों को यह भरोसा मिलना चाहिए कि यदि वे किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के साथ आगे आते हैं, तो उनकी निजता और सम्मान पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। यदि किसी राज्य ने उच्च शिक्षा संस्थानों में एचआईवी जांच अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है, तो इसका उद्देश्य केवल संक्रमित व्यक्तियों की पहचान करना नहीं होना चाहिए। इसके साथ परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, उपचार और जागरूकता को समान महत्व देना होगा। जांच तभी सफल होगी जब विद्यार्थी इसे भय या शर्म के बजाय स्वास्थ्य सुरक्षा का सामान्य कदम मानें। मीडिया की भूमिका भी यहां अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। किसी भी आंकड़े या घटना को सनसनीखेज बनाकर प्रस्तुत करने से समाज में भय और भ्रम पैदा होता है। इसके विपरीत यदि मीडिया वैज्ञानिक तथ्यों, विशेषज्ञों की राय और जागरूकता पर आधारित संवाद को बढ़ावा दे, तो समाज अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील बन सकता है। बीमारी को अपराध या चरित्र से जोड़कर देखने की प्रवृत्ति को समाप्त करना भी आवश्यक है। आज नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी चिंता का विषय है। मादक पदार्थों के सेवन, विशेषकर संक्रमित सुई के साझा उपयोग से भी एचआईवी संक्रमण का खतरा बढ़ता है। इसलिए नशा मुक्ति अभियान और एचआईवी जागरूकता कार्यक्रमों को एक-दूसरे से जोड़कर चलाने की आवश्यकता है। केवल उपचार से नहीं, बल्कि जोखिमपूर्ण व्यवहार को कम करके ही संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। भारत ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से पिछले वर्षों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। नए संक्रमणों में कमी आई है और लाखों संक्रमित लोगों को उपचार उपलब्ध कराया गया है। फिर भी यदि युवाओं में संक्रमण के मामले चिंता पैदा कर रहे हैं, तो यह संकेत है कि अब जागरूकता के पुराने तरीकों की समीक्षा कर उन्हें अधिक प्रभावी, आधुनिक और युवाओं के अनुकूल बनाना होगा। परिवार की भूमिका इस पूरे विषय में सबसे महत्वपूर्ण है। बच्चों और किशोरों के साथ विश्वासपूर्ण संवाद, सही जानकारी और भावनात्मक सहयोग उन्हें जोखिमपूर्ण परिस्थितियों से बचा सकता है।

# युद्ध नहीं, शांति ही मानवता का भविष्य

गौरतलब | **सुनील कुमार महला**



> आज, लगभग आठ दशक बाद भी, यह दिन केवल इतिहास का स्मरण भर नहीं है, बल्कि वर्तमान विश्व को चेतावनी देनेवाला एक अवसर भी है। कहना गलत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया मानो बारूद के ढेर पर खड़ी है। हर ओर युद्ध, संघर्ष और तनाव का वातावरण दिखाई देता है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में ईरान-इजरायल के बीच बढ़ता तनाव और टकराव, गाजा में जारी संघर्ष तथा अन्य क्षेत्रीय विवाद वैश्विक शांति के सामने गम्भीर चुनौती बन चुके हैं।

**06** अगस्त को विश्वभर में हिरोशिमा दिवस मनाया जाता है। पाठक जानते होंगे कि यही वह दिन है, जब वर्ष 1945 में अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर पहला परमाणु बम गिराया था। इस दिन विश्वभर में परमाणु हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है तथा शांति, परमाणु निरस्त्रीकरण और मानवता का संदेश दिया जाता है। आज, लगभग आठ दशक बाद भी, यह दिन केवल इतिहास का स्मरण भर नहीं है, बल्कि वर्तमान विश्व को चेतावनी देने वाला एक अवसर भी है। कहना गलत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया मानो बारूद के ढेर पर खड़ी है। हर ओर युद्ध, संघर्ष और तनाव का वातावरण दिखाई देता है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में ईरान-इजरायल के बीच बढ़ता तनाव और टकराव, गाजा में जारी संघर्ष तथा अन्य क्षेत्रीय विवाद वैश्विक शांति के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं। वास्तव में, युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होते, बल्कि वे नई समस्याओं की शुरूआत करते हैं। शांति ही मानवता का सबसे शक्तिशाली अस्त्र है। यही संदेश हमें भगवान गौतम बुद्ध के उपदेशों में भी मिलता है। धम्मपद, जो बौद्ध साहित्य के सबसे लोकप्रिय और प्रेरणादायक ग्रंथों में से एक है, गौतम बुद्ध के 423 उपदेशों (गाथाओं) का संग्रह है। इसमें कहा गया है-'न हि वेरेण वेराणि सम्मन्तीध कुदाचनं।अवेरेण च सम्मन्ति, एस धम्मो सनन्तनो।।' अर्थात वैर से वैर कभी समाप्त नहीं होता; वैर केवल प्रेम, करुणा और अहिंसा से ही समाप्त होता है। यही सनातन सत्य है। सच तो यह है कि गौतम बुद्ध का यह संदेश आज के युद्धग्रस्त विश्व में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। युद्ध हो या सीमा पर तनाव, आतंकवाद हो या नक्सलवाद अथवा किसी भी प्रकार का सशस्त्र संघर्ष-इनकी सबसे बड़ी कीमत हमेशा आम नागरिकों को चुकानी पड़ती है। हजारों निर्दोष लोगों की जान चली जाती है, लाखों लोग अपने घर छोड़ने को विवश हो जाते हैं और आने वाली पीढ़ियाँ भय, असुरक्षा तथा मानसिक आघात के वातावरण में जीवन बिताने को मजबूर हो जाती हैं। बहरहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि हिरोशिमा दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि युद्ध का अंतिम परिणाम केवल विनाश होता है। 06 अगस्त 1945 को हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम ने पूरी दुनिया को यह भयावह सच्चाई दिखाई थी कि यदि युद्ध की आग परमाणु हथियारों तक पहुँच जाए, तो उसका दुष्परिणाम केवल किसी एक देश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी मानव सभ्यता को उसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

## आज का इतिहास

- ब्रुसेल्स में 1821 को 'कौरियर ऑफ पेज बास' अखबार का प्रथम संस्करण प्रकाशित।
- बोलीविया ने 1825 में पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
- मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना 1862 में की गयी।
- प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने मिल कर 'वंदेमातरम्' समाचार पत्र का प्रकाशन 1906 में प्रारम्भ किया।
- ऑस्ट्रिया ने 1914 में रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- अमेरिका ने 1945 में जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराये।
- क्यूबा ने 1960 में देश के सभी प्रॉपर्टी का राष्ट्रीयकरण किया।
- जमैका में 1962 को यूनाइटेड किंगडम का साम्राज्य समाप्त हुआ और उसे स्वतंत्रता मिली।
- अमेरिका के नेवादा में विश्व के सबसे प्राचीन वृक्ष प्रोमेथस को 1964 में काटा गया।
- नासा ने 1996 में मंगल पर जीवन होने की सम्भावना जतायी।
- भारत व ऑस्ट्रेलिया में 2001 को आर्थिक समझौता।
- भारत और पाकिस्तान में तनाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने 2002 में पाकिस्तान से अपने नागरिकों को वापस बुलाया।
- वर्ष 2000 में फिजी के प्रधानमंत्री महेन्द्र चौधरी के खिलाफ तख्तापलट के मामले में उपराष्ट्रपति जोपे सेनीलोली को 2004 में 04 वर्ष की जेल।
- दोनों देश 2005 में सीमा पर साझा गस्त तेज करने पर सहमत।
- मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मन्दिर को 2007 में क्षतिग्रस्त कर दिया गया।
- हंगरी के वैज्ञानिकों ने 2007 में लगभग 80 लाख साल पुराने देवदार के वृक्ष का जीवाश्म प्राप्त करने का दावा किया।
- सरकारी कम्पनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को 2008 में अन्ध्र प्रदेश के कृष्णा पट्टनम में 880 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल बॉयलर लगाने का आर्डर मिला, जो इस श्रेणी का पहला ऑर्डर है।
- जम्मू-कश्मीर में 2010 को अचानक आयी बाढ़ से कम से कम 255 लोग मारे गये।




## सांख्य और कर्मयोग का सम्बन्ध

**भौतिक** जगत के विश्लेषणात्मक अध्ययन (सांख्य) का उद्देश्य आत्मा को प्राप्त करना है। भौतिक जगत की आत्मा विष्णु या परमात्मा है. भगवान की भक्ति का अर्थ परमात्मा की सेवा है। एक विधि से वृक्ष की जड़ खोजी जाती है और दूसरी विधि से उसको सींचा जाता है। सांख्य दर्शन का वास्तविक छात्र जगत के मूल अर्थात विष्णु को ढूंढता है, और फिर पूर्णज्ञान समेत अपने को भगवान की सेवा में लगा देता है। अतः मूलतः इन दोनों में कोई भेद नहीं है क्योंकि दोनों का उद्देश्य विष्णु की प्राप्ति है। जो लोग चरम उद्देश्य को नहीं जानते, वे ही कहते हैं कि सांख्य और कर्मयोग एक नहीं है। किंतु जो विद्वान है, वह जानता है कि इन दोनों भिन्न विधियों का उद्देश्य एक है। दार्शनिक शोध (सांख्य) का वास्तविक उद्देश्य जीवन के चरम लक्ष्य की खोज है। चूंकि जीवन का चरम लक्ष्य आत्म-साक्षात्कार है, अतः दोनों विधियों से प्राप्त होने वाले परिणामों में कोई अन्तर नहीं है। वस्तुतः जो पदार्थ से विरक्ति व कृष्ण में आसक्ति को एक तरह देखता है, वही वस्तुओं को यथारूप में देखता है। मायावादी संन्यासी सांख्य दर्शन के अध्ययन में लगे रहते हैं तथा वैष्णव संन्यासी वेदान्त सूत्रों के यथार्थ भाष्य भागवत दर्शन के अध्ययन में लगे रहते हैं। वैष्णव संन्यासियों को भौतिक कार्य से कोई सरोकार नहीं रहता, तो भी वे भगवान की भक्ति में नाना प्रकार के कार्य करते हैं।

## सुविचार

बाधाएं दरअसल भयावह चीजें हैं, जिन पर आपका ध्यान उस समय जाता है, जब आप की नजर लक्ष्य से हट जाती है।
**हेनरी फोर्ड**

सही राह पर होने के बाद भी यदि आप वहां बैठे ही रहोगे, तो कोई गाड़ी आपको कुचल कर चली जायेगी।
**विल रोजर्स**



## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। समय ठीक है। | **तुला** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। |
| **वृष** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। | **वृश्चिक** समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। समय अच्छा है। |
| **मिथुन** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जायेगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जायेगी। | **धनु** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाये, तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। समय ठीक है। |
| **कर्क** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समय अच्छा है। | **मकर** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। |
| **सिंह** यार-दोस्तों के साथ साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। समय ठीक है। | **कुंभ** सुख-आनन्ददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। |
| **कन्या** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। | **मीन** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। |

# एक ऐसी दुनिया, जहां सब उपलब्ध हैं, मगर कोई उपस्थित नहीं !



**प्रो. आरके जैन**

**सभ्यता** का सबसे गहरा घाव किसी युद्ध, महामारी या आर्थिक संकट ने नहीं, उस चमकती स्क्रीन ने दिया है जिसे हमने सुविधा समझकर जीवन का केंद्र बना लिया। इतिहास में पहली बार संवाद के साधन सबसे अधिक हैं, पर संवाद सबसे कम है। आवाजें हैं, पर महत्व नहीं। हर चेहरा ऑनलाइन है, पर हर मन ऑफलाइन हो रहा है। रिश्ते, दफ्तर, लोकतंत्र और अंतर्मन तक 'म्यूट' होने लगे हैं। उँगलियाँ सक्रिय हैं, पर संवेदनाएँ निष्क्रिय। उत्तर तुरंत मिल रहे हैं, लेकिन किसी को समझने में पहले से अधिक समय लग रहा है। यह तकनीक की विजय नहीं, मानवीय उपस्थिति के मौन विस्थापन की कथा है। जिसने दुनिया को जोड़ने का दावा किया, उसी ने मनुष्य को उसके सबसे निकट बैठे व्यक्ति से सबसे अधिक दूर कर दिया। यही हमारे समय का सबसे मौन, व्यापक और सबसे कम समझा गया सामाजिक पतन है। परिवारों का विघटन अब खामोशी में हो रहा है। घर दीवारों से नहीं, स्क्रीन से संचालित हैं। एक ही छत के नीचे लोग अलग-अलग डिजिटल दुनियाओं में जी रहे हैं। भारत में औसत व्यक्ति प्रतिदिन सात घंटे से अधिक स्क्रीन पर बिताता है। माता-पिता पाँच घंटे से अधिक और बच्चे चार घंटे से अधिक समय स्मार्टफोन पर बिताते हैं। अध्ययनों में दो-तिहाई माता-पिता और आधे से अधिक बच्चों ने माना कि मोबाइल ने रिश्तों की ऊष्मा घटा दी है। भोजन की मेज, जो कभी संवाद का केंद्र थी, अब रील्स का मंच है। बच्चे बोलना चाहते हैं, पर माता-पिता स्क्रीन पर हैं; माता-पिता संवाद चाहते हैं, तब बच्चे स्क्रॉल करते हैं। सामने बैठे व्यक्ति की उपेक्षा कर मोबाइल में डूबे रहने की आदत-'फुबिंग'-सामान्य हो रही है। रिश्ते अचानक नहीं टूटते; वे पहले सुनना, फिर महसूस करना छोड़ते हैं। अंततः केवल औपचारिक संपर्क बचता है। घर अब भी हैं, पर आत्मीयता साइलेंट मोड में है। कार्यस्थलों की सबसे बड़ी दूरी अब किलोमीटरों में नहीं, मनुष्यों के बीच मापी जाती है। कार्यालयों की नई वास्तुकला ईंट-पत्थर नहीं, बैंडविड्थ से बनती है। वर्क फ्रॉम होम ने काम घर तक पहुँचाया, पर अदृश्य दूरियाँ खड़ी कर दीं। कमरे पास, मन दूर। शोध बताते हैं कि दूरस्थ कर्मचारी अधिक अकेलापन और मानसिक तनाव महसूस करते हैं। डिजिटल बैठकों में कैमरे बंद, माइक्रोफोन म्यूट; उपस्थिति दर्ज, सहभागिता नहीं। कर्मचारी का मूल्य विचारों से अधिक ऑनलाइन सक्रियता से आँका जाता है। प्रमोशन चेहरों से नहीं, स्क्रीन पर दर्ज गतिविधियों से जुड़ने लगा है। कभी दफ्तर बातचीत से चलते थे, आज वह काम के बीच बची है। तकनीक ने गति बढ़ाई, पर सहयोग का ताप घटा दिया। कार्यस्थल संवाद नहीं, डिजिटल प्रक्रियाओं के केंद्र हैं।
किसी लोकतंत्र का पतन तब नहीं शुरू होता, जब लोग बोलना छोड़ देते हैं; वह तब शुरू होता है, जब वे सुनना छोड़ देते हैं। जनचर्चा की चौपाल अब एल्गोरिदम के दरबार में बदल चुकी है। कभी राजनीति जनसभाओं, बहसों और प्रत्यक्ष संवाद से चलती थी; आज स्क्रीन पर सिमट गई है। सोशल मीडिया पर राजनीतिक सामग्री का उपभोग बढ़ रहा है, पर विचार की गहराई घट रही है। युवा समाचार रील्स में देखते हैं, नारे शॉर्ट्स में सुनते हैं और आक्रोश इमोजी से जताते हैं। संवाद की जगह प्रतिक्रिया ने ले ली है-लाइक, शेयर, एंग्री फेस।

# प्रशांत किशोर की जीत से क्या बदलेगी बिहार की सियासत

गौरतलब | **राधा रमण**



> राजनीति के जानकार भी यह समझ नहीं सके। उधर, जनसुराज की करारी हार से पक्ष-विपक्ष दोनों खुश थे। जनसुराज ने अपना कोर मुद्दा शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और पलायन को ही बनाया था। आज भी जनसुराज से जुड़े लोग उन्हीं मुद्दों की बात करते हैं। बांकीपुर उपचुनाव में इस बार सबसे कम मतदान हुआ था। 03 लाख 79 हजार मतदाताओं वाले बांकीपुर में इस बार महज 1,30,246 लोगों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

**प्रशांत** किशोर ने पटना के बांकीपुर विधानसभा उप चुनाव में वह करिश्मा कर दिखाया, जिसकी बड़े-बड़े राजनीतिक पंडितों को उम्मीद नहीं थी। बांकीपुर का चुनाव परिणाम महज एक विधानसभा का चुनावी नतीजा नहीं माना जाना चाहिए। यह विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस्तीफे से खाली हुई वह सीट है, जिस पर नितिन नवीन और उनके स्वर्गीय पिता नवीन किशोर सिन्हा का पिछले 30 वर्षों से कब्जा था। प्रशांत किशोर ने महज 30 दिनों की मेहनत से बड़ा उलटफेर कर दिया।
यह सब अचानक नहीं हुआ। बेशक, इसके लिए प्रशांत किशोर को अपना सौ प्रतिशत देना पड़ा। सनद रहे कि पानी सौ डिग्री पर उबालने पर ही वाष्प बनता है। नौ महीने पहले बिहार विधानसभा के चुनाव में जनसुराज के 236 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो चुकी थी। महज दो उम्मीदवार ही अपनी जमानत बचा पाए थे। हालांकि तब भी जनसुराज को 3.4 फीसदी वोट जरूर मिले थे। किसी नयी-नवेली पार्टी के लिए यह कम नहीं है। राजनीति के जानकार भी यह समझ नहीं सके। उधर, जनसुराज की करारी हार से पक्ष-विपक्ष दोनों खुश थे। जनसुराज ने अपना कोर मुद्दा शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और पलायन को ही बनाया था। आज भी जनसुराज से जुड़े लोग उन्हीं मुद्दों की बात करते हैं। बांकीपुर उपचुनाव में इस बार सबसे कम मतदान हुआ था। 3 लाख 79 हजार मतदाताओं वाले बांकीपुर में इस बार महज 1,30,246 लोगों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसमें से 64,151 मत अकेले प्रशांत को मिले। भाजपा उम्मीदवार नीरज सिन्हा को 44,827 और राजद की रेखा गुप्ता को 14,273 मत मिले। शेष बचे 22 उम्मीदवारों में से प्रगतिशील जनता पार्टी के मनोरंजन श्रीवास्तव को सबसे अधिक 973 तो निर्दलीय ब्रजेश पटेल को सबसे कम महज 70 वोट मिले। 646 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। 2025 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद प्रशांत हताश होकर घर नहीं बैठे। वह पश्चिम चंपारण के भितिहरवा आश्रम पहुंचे, जहां से गांधीजी ने अंग्रेजों के खिलाफ नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था। उन्होंने 24 घटे का मौन व्रत किया फिर कहा कि वह लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए बिहार में घर-घर तक जाएंगे। जनसुराज की लड़ाई किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि बिहार बदलने की है। बिहार में खुशहाली लाना ही उनका ध्येय है। उन्होंने अपने जीवन का 10 साल बिहार के विकास के लिए समर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने दिल्ली का अपना आवास छोड़कर अपने 20 वर्षों की अर्जित कमाई का 90 फीसदी जनसुराज को दान कर दिया। कहा, आगे भी वह जो कमाएंगे, उसका 90 फीसदी जनसुराज का होगा। उन्होंने लोगों से भी कम से कम 1000 रुपये जनसुराज को दान करने की अपील की। बाद के दिनों में लोगों ने देखा कि चाहे पटना में जहानाबाद की नीट छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला हो, पटना के ही बंटी यादव की हत्या अथवा आरा के बेलौटी गांव के भारत भूषण तिवारी की हिरासत में लेकर हत्या, प्रशांत किशोर हर जगह पहुंचे और पीड़ितों के आंसू पोंछे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# प्रारूप मतदाता सूची जारी, उपायुक्त ने बूथों का लिया जायजा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बुधवार को प्रारूप मतदाता सूची और एएसडीडी सूची का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान की प्रक्रिया भी आगे बढ़ गई है। जिला प्रशासन ने लोगों से सूची में अपना नाम और विवरण जांचने तथा किसी भी त्रुटि की स्थिति में निर्धारित समय के भीतर दावा या आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने लातेहार प्रखंड के चार मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लातेहार बाजार स्थित मध्य विद्यालय के पूर्वी और पश्चिमी भाग के मतदान केंद्रों के अलावा इचाक स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के दोनों मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित मतदाता सूची और एएसडीडी सूची की जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान की जानकारी हर पात्र मतदाता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी लोगों को दी जाए, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची का अवलोकन करें। यदि नाम, पता, आयु या अन्य विवरण में कोई त्रुटि हो अथवा किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची में दर्ज नहीं हो तो निर्धारित अवधि के भीतर दावा या आपत्ति दर्ज कर उसका निराकरण कराएं। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मडकी, ईआरओ-सह-अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, एईआरओ-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आदिवासी महोत्सव की तैयारी तेज उपायुक्त ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



**लातेहार :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आदिवासी महोत्सव-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महोत्सव की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई और सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि टाउन हॉल में होने वाला यह आयोजन झारखंड की जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच है। इसलिए आयोजन से जुड़ी हर व्यवस्था बेहतर और व्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा, मंच सज्जा और आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था समय रहते पूरी करने का निर्देश दिया।महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पारंपरिक छऊ नृत्य, ट्राइबल फैशन शो और नागपुरी गीत-संगीत के माध्यम से स्थानीय कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा अतिथियों के स्वागत, आवागमन और अन्य व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों से समन्वय के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक जिम्मेदारी तय समय पर पूरी हो, ताकि जिला स्तरीय आदिवासी महोत्सव गरिमापूर्ण और यादगार बन सके। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक सरोजनी तिर्की, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मातृ वंदना योजना के लम्बित मामलों के जल्द निपटारे के डीडीसी ने दिये निर्देश



**लातेहार :** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति का प्रखंडवार आकलन किया गया और लंबित मामलों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में लाभुकों के पंजीकरण, आधार सीडिंग, एनपीसीआई मैपिंग, फेस ऑथेंटिकेशन, सत्यापन, स्वीकृति और भुगतान की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में योजना की प्रगति पहले की तुलना में बेहतर हुई है, लेकिन तय लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी प्रखंडों को और सक्रिय होकर काम करना होगा।उप विकास आयुक्त ने कहा कि योजना का उद्देश्य गर्भवती और धात्री महिलाओं तक समय पर आर्थिक सहायता पहुंचाना है।इसलिए किसी भी पात्र महिला का आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का जल्द निपटारा करें और लाभुकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करें।

## एक झलक

### सामाजिक कार्यकर्ता श्यामा सिंह का निधन

**लातेहार :** नामुदाग पंचायत की पूर्व मुखिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्यामा सिंह का बुधवार सुबह निधन हो गया। 18 जुलाई को ब्लैक कोबरा के डसने के बाद वह पिछले 19 दिनों से तुंबागड़ा मिशन अस्पताल में भर्ती थीं। बुधवार सुबह करीब 8:45 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। श्यामा सिंह ने गरीबों, मजदूरों और वंचितों के अधिकारों के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया। मनरेगा, सूचना का अधिकार, वन अधिकार और खाद्य सुरक्षा कानून से जुड़े आंदोलनों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। वर्ष 2014 में अभिनेता आमिर खान ने उन्हें अपने टीवी कार्यक्रम 'सत्यमेव जयते' में सम्मानित किया था। उनके निधन पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे जन आंदोलनों के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

### श्रावणी मेले का उद्घाटन समारोह आज, तैयारियां पूरी

**लातेहार :** चंदवा के हरैया शुक्र बाजार परिसर में आयोजित होने वाले पारंपरिक श्रावणी मेले का उद्घाटन समारोह गुरुवार को होगा। श्रावणी मेला समिति ने समारोह के लिए आमंत्रण जारी करते हुए क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। समिति के अनुसार, हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रावणी मेले का आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मेले में स्थानीय लोगों के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और आगंतुकों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन स्थल पर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार के उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद शामिल होंगे। उनके द्वारा मेले का विधिवत उद्घाटन किए जाने के बाद विभिन्न गतिविधियों की शुरूआत होगी। समिति का कहना है कि यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसमें लोगों की सक्रिय भागीदारी हमेशा देखने को मिलती है। श्रावणी मेला समिति, चंदवा ने सभी नागरिकों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने तथा मेले की परंपरा को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की है।

### स्वर्णरेखा नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**पूर्वी सिंहभूम :** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र स्थित बारीडीह बस्ती के पास बुधवार सुबह सुवर्णरेखा नदी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। सुबह नदी में स्नान करने पहुंचे स्थानीय लोगों की नजर पानी में तैर रहे शव पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना सीतारामडेरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गयी।

# बनवारी साहू महाविद्यालय में बीए और बीकॉम नामांकन का अंतिम अवसर, 07 अगस्त तक बढ़ी आवेदन की तिथि



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में स्नातक स्तर के बीए और बीकॉम पाठ्यक्रमों में नामांकन के इच्छुक इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अंतिम अवसर दिया गया है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार अब अभ्यर्थी 7 अगस्त 2026 तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही इसी अवधि के भीतर महाविद्यालय में आवश्यक दस्तावेज भी जमा करने होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यह समय सीमा उन विद्यार्थियों के लिए बढ़ाई गई है, जो किसी कारणवश अब तक आवेदन नहीं कर सके हैं। इसलिए सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द आवेदन और दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया पूरी करें। इस बीच विश्वविद्यालय की ओर से सभी विषयों में सीटों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। सीटें बढ़ने से अब विद्यार्थियों के लिए अपनी पसंद के विषय में प्रवेश मिलने की संभावना अधिक हो गई है। ऐसे में छात्र-छात्राएं उपलब्ध किसी भी विषय में नामांकन करा सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन आवेदन के बाद निर्धारित समय के भीतर सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों का सत्यापन और जमा करना अनिवार्य होगा।

# कोडरमा प्रीमियर लीग का आगाज



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा :** राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के प्राचार्य राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संस्थान परिसर में 10 दिवसीय कोडरमा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनोमेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान की विभिन्न शाखाओं की पांच टीमों–बाइनरी ब्लास्ट, इलेक्ट्रो कोडर्स, ब्लैक डायमंड, पाइथन-11 एवं अल्फा स्ट्राइकर्स–ने भाग लिया। टूनामेंट का उद्घाटन संस्थान के वरीय व्याख्याता डॉ. उमेश कुमार ने रिबन काटकर तथा बल्लेबाजी कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, टीम भावना, और आपसी सहयोग का आह्वान किया। संस्थान के खेल प्रभारी संतोष कुमार ने छात्र-खिलाड़ियों को अनुशासन, समयपालन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा प्रत्येक खिलाड़ी को अपने आचरण से संस्थान का गौरव बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इसके उपरांत डॉ. उमेश कुमार ने पाइथन-11 के कप्तान विजय कामरान तथा अल्फा स्ट्राइकर्स के कप्तान विश्वनाथ रवानी के बीच टॉस कराकर प्रथम मैच का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि ₹खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है। खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीमवर्क की भावना विकसित करते हैं। मुझे विश्वास है कि कोडरमा प्रीमियर लीग के माध्यम से छात्र न केवल अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, बल्कि खेल भावना, आपसी सौहार्द और अनुशासन का भी श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्थान के व्याख्यातागण सोहन टोपो, मनोज यादव, भूपेंद्र कुमार, संजय कुमार, अखिलेश कुमार, हीरालाल कुमार तथा सहायक कर्मचारी आदित्य भगत, अभिषेक कुमार, पंकज यादव एवं विक्की यादव सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# बोलबम जयघोष के बीच देवघर रवाना हुए 70 कांवरिये



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में लातेहार सदर प्रखंड की बेदी पंचायत के तुपुखुर्द गांव से 70 कांवरियों का जत्था बुधवार को देवघर के लिए रवाना हुआ। गांव में बोल बम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रवानगी से पहले श्रद्धालुओं के लिए मंगलकामना की गई। बेदी पंचायत के मुखिया रामदयाल उरांव और समाजसेवी नागेंद्र प्रसाद साहू ने सभी कांवरियों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की यात्रा आस्था, अनुशासन और सेवा का प्रतीक है। सभी श्रद्धालु पूरी सावधानी के साथ यात्रा पूरी करें और बाबा का आशीर्वाद लेकर सकुशल अपने घर लौटें। जत्थे में युवा, बुजुर्ग और विभिन्न गांवों के श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा पर निकलने वालों में श्रवण कुमार, सुनील कुमार, राजेंद्र उरांव, मुकेश उरांव, खेलावन उरांव, श्यामकिशोर सिंह, गोपाल सिंह, पवन कुमार, नंदलाल प्रसाद, धीरज कुमार, विकास कुमार, शिव कुमार, विशाल कुमार, अमित कुमार, जगदेव सिंह और नंदकिशोर सिंह समेत कुल 70 श्रद्धालु शामिल हैं।

# मारवाड़ी सम्मेलन ने लिया 21 हजार फलदार पौधे वितरित करने का संकल्प



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी सम्मेलन कोडरमा जिला की एक बैठक श्री अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। जिसमें पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से आगामी 16 अगस्त को आयोजित होने वाले पौधा वितरण अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में इस वर्ष 21 हजार फलदार पौधों के वितरण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया। सदस्यों ने अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहभागिता और जनसहयोग पर बल दिया। बैठक में कहा गया कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण भी मिलेगा। संगठन ने समाज के लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाने की अपील की। बैठक के दौरान गत वर्ष आयोजित पौधा वितरण कार्यक्रम का आय-व्यय विवरण गोपाल सर्राफ ने प्रस्तुत किया, जिसकी सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित किया। सर्वसम्मति से इस वर्ष के पौधा वितरण अभियान के लिए गौरव माहेश्वरी, विपुल चौधरी को परियोजना निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 100 पौधों की लागत 4,000 रुपये निर्धारित की गई है और अधिक से अधिक आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग का आह्वान किया। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी चर्चा हुई।

## जहां कभी गूंजती थीं गोलियां वहां अब पुलिस लगा रही चौपाल

**लातेहार :** कभी नक्सलियों की जन अदालत और गोलियों की आवाज से दहशत में रहने वाला चंदवा प्रखंड का चेतर गांव अब बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। जिस जगह पर एक समय नक्सलियों का खौफ हावी रहता था, वहीं अब पुलिस ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुन रही है और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिला रही है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में चलाए गए अभियान से जिले में नक्सली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। इसका परिणाम है कि पहले अति नक्सल प्रभावित रहा चेतर गांव आज सामान्य जीवन की ओर लौट रहा है। इसी क्रम में एसपी के निर्देश पर गांव में पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में लातेहार एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता और चंदवा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोरंजन सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं, उनके सुझाव लिए और कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। अधिकारियों ने ग्रामीणों से पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की।

# विश्व स्तनपान सप्ताह

# लातेहार में मातृ-शिशु स्वास्थ्य और बेटी बचाओ अभियान को तेज करने के निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को समाहरणालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त ने की। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) और महिला पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। बैठक में स्तनपान के महत्व, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई।उप विकास आयुक्त ने कहा कि नवजात शिशु के स्वस्थ विकास और मां के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य माताओं, परिवारों और समाज को इसके महत्व के प्रति जागरूक करना है। साथ ही नवजात शिशुओं को जन्म के बाद शुरूआती छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने के लिए प्रेरित करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है।बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी प्रखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों और गांवों में बैठकों के माध्यम से स्तनपान के लाभ, संतुलित पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा कुपोषण की रोकथाम से जुड़े संदेश लोगों तक पहुंचाए जाएंगे। इसके साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाएगा, ताकि बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सविता कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनीता कुमारी सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों की महिला पर्यवेक्षक मौजूद रहीं।

# चेक पोस्ट-12 बंद करने और जर्जर सड़क की मांग पर हाइवा मालिकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** जिला हाइवा ऑनर एसोसिएशन के बैनर तले मगध कोल परियोजना के चेक पोस्ट संख्या-12 के पास बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई। हाइवा मालिकों ने चेक पोस्ट-12 को बंद करने और कोयला परिवहन मार्ग की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है। हड़ताल के कारण मगध कोलियरी में कोयला परिवहन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। एसोसिएशन के सचिव शहनवाज ने बताया कि चेक पोस्ट-12 पर लगाए गए आरएफआईडी बैरियर में वाहनों का नंबर स्कैन होने में काफी समय लग रहा है। इससे घंटों तक वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। उन्होंने कहा कि पहले एक हाइवा दिनभर में चार बार कोयला लोड कर साइडिंग तक पहुंचाता था, लेकिन अब यह संख्या घटकर दो फेरे रह गई है। इससे स्थानीय हाइवा मालिकों और ट्रांसपोर्टरों की आय में भारी कमी आई है और उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कोयला परिवहन मार्ग पर कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहनों के संचालन में परेशानी और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

## पलामू में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित

# 04 सितम्बर तक दर्ज होंगे दावा-आपत्ति



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपील की। उपायुक्त ने बताया कि जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 2032 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 14,99,296 मतदाता हैं, जिनमें 7,78,456 पुरुष, 7,20,839 महिला एवं 1 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। साथ ही 2,65,651 ASDDF तथा 3,46,596 Anomalies Electors को नियमानुसार नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान जिन मतदाताओं का नाम प्रारूप सूची में नहीं है, वे निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। वहीं किसी नाम में त्रुटि, स्थानांतरण, विलोपन अथवा अन्य संशोधन के लिए भी निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा।

# डंडई सीएचसी में जल्द बहाल होगी बिजली, पोल लगाने का कार्य शुरू



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**डंडई (गढ़वा) :** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में वर्षों से बिजली के अभाव की समस्या अब जल्द समाप्त होने वाली है। अस्पताल तक बिजली पहुंचाने के लिए सीमेंटेड पोल लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बिजली विभाग के अनुसार लगभग सभी आवश्यक पोल लगाए जा चुके हैं और एक सप्ताह के भीतर तार खींचकर ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव की पहल पर शुरू हुए इस कार्य से स्वास्थ्यकर्मियों और ग्रामीणों में खुशी है। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि अब तक प्रसव सहित कई चिकित्सीय कार्य लालटेन और मोबाइल की रोशनी में करने पड़ते थे। वहीं, सांप-बिच्छू जैसे विषैले जीवों का भी खतरा बना रहता था। हालांकि, उन्होंने पोल के निचले हिस्से में कंक्रीट नहीं किए जाने पर चिंता जताते हुए इसे जल्द पूरा करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली नहीं होने से रात में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती थीं और मरीजों को इलाज के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता था। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने बताया कि विधायक के प्रयास से यह कार्य शुरू हुआ है।

# चोरी की बाइक और लोडेड देशी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार, हथियार के साथ फोटो मिलने पर हुआ खुलासा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के साहद गांव में पुलिस ने छापेमारी कर चोरी की मोटरसाइकिल और लोडेड देशी कट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव के एक नवनिर्मित मकान में कुछ युवक नशापान कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस गश्ती दल ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही दो युवक मौके से फरार हो गए, जबकि राहुल कुमार भुईयां (पिता- रमेश कुमार राम) एवं प्रिंस कुमार (पिता- नरेन्द्र राम), दोनों निवासी साहद, थाना लेस्लीगंज, जिला पलामू को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से बिना नंबर प्लेट की एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि मोटरसाइकिल को कुलदीप भुईयाँ (पिता- जंगी भुईयाँ) एवं जितेन्द्र भुईयाँ, दोनों निवासी अखौरी पतरा, थाना लेस्लीगंज, द्वारा डालटनगंज से चोरी किया गया था। चोरी की बाइक को बिक्री के उद्देश्य से साहद में छिपाकर रखा गया था। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन की तलाशी ली, जिसमें हथियार के साथ उनकी तस्वीरें मिलीं। इसके आधार पर पुलिस ने उनके घरों में छापेमारी की। आरोपियों की निशानदेही पर एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया, जिसके बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।

## पुलिस ने चोरी के मामले का किया उद्भेदन, चोरी का सोने का लॉकेट बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक मामले का सफल उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया सोने का लॉकेट बरामद कर विधिवत जब्त किया गया है। वादी अंकित तिवारी, पिता स्वर्गीय सतीश तिवारी, निवासी श्रीराम पथ, पांकी रोड, वार्ड संख्या-6, थाना शहर, जिला पलामू के लिखित आवेदन के आधार पर शहर थाना कांड संख्या-165/2026, दिनांक 16 मई 2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर मामले का उद्भेदन करते हुए सरफराज उर्फ छोटू कुरैशी (उम्र 21 वर्ष), पिता इलियास उर्फ बबल कुरैशी, निवासी साहपुर, थाना चैनपुर, जिला पलामू को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया सोने का लॉकेट बरामद कर विधिवत जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

**बरामदगी : एक सोने** का लॉकेट

**गिरफ्तार अभियुक्त : सरफराज** उर्फ छोटू कुरैशी, उम्र 21 वर्ष, पिता इलियास उर्फ बबल कुरैशी, निवासी साहपुर, थाना चैनपुर, जिला पलामू।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार एक विधि-विरुद्ध किशोर निरुद्ध



**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने शहर थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया है। दोनों के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) राजेश यादव के नेतृत्व में शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि अंबेडकर पार्क के पास दो व्यक्ति अवैध हथियार की खरीद-बिक्री की बातचीत कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे, लेकिन पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुई। हथियार के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद हथियार जब्त कर शहर थाना कांड संख्या 289/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंशु कुमार चन्द्रवंशी (18), निवासी कुंड मोहल्ला, हॉस्पिटल चौक, मेदिनीनगर के रूप में हुई है। वहीं, विधि-विरुद्ध किशोर के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## एक झलक

### अंजुमन इस्लामिया बघनी के चुनाव का हुआ एलान



**सिसई** : सिसई प्रखंड के अंजुमन इस्लामिया बघनी की सदर और सेक्रेट्री पद का चुनाव को लेकर गांव के सभी ग्रामीणों की बैठक हुई और अंजुमन चुनाव का ऐलान किया गया। चुनाव अंजुमन फ्लाहुल मुस्लिमीन सिसई के देख रेख में कराया जाएगा चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से होगा। बैठक में अंजुमन इस्लामिया बघनी की 16 सदस्यीय चुनाव समिति का चयन किया गया।

### बीएसएल में अधिकारियों को लेकर 'मंथन' लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिए 'मंथन' शीर्षक के अंतर्गत एक लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संयंत्र में अंतर-विभागीय समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा रणनीतिक लक्ष्यों, परिचालन उत्कृष्टता, संगठनात्मक विकास एवं कर्मचारी कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन एवं अधिकारियों के मध्य संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक तथा संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सीजेआई ने एलएडीसी योजना पर दिये आश्वासन, हुआ स्वागत

**बोकारो** : इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स, झारखंड इकाई सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा दिल्ली में एलएडीसी योजना के संबंध में दिए गए आश्वासनों के प्रति आभार व्यक्त किया । इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स झारखंड के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बताया कि पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ के अधिवक्ता संगठनों के संयुक्त एक्शन कमेटी द्वारा लगभग एक माह तक चलाए गए आंदोलन के बाद प्राप्त ये आश्वासन—कि सितंबर तक नई नियुक्तियां नहीं की जायेगी, मौजूदा पैनल का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाएगा तथा कानूनी बिरादरी से परामर्श कर योजना की समीक्षा व संशोधन किया जाएगा—अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक कदम हैं।

### विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) -2026 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

# 04 सितम्बर तक दर्ज किये जा सकेंगे दावे व आपत्तियां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर)-2026 से संबंधित कार्यों एवं आगामी गतिविधियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 20 जून से 29 जून 2026 तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों की छपाई का कार्य किया गया। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल पदाधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण किया गया। 29 जुलाई तक मतदान केंद्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया भी पूरी की गई।विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 05 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। मतदाता सूची से



संबंधित दावे एवं आपत्तियां 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दर्ज की जा सकेंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन 05 अगस्त से 03 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 अक्टूबर 2026 को निर्धारित है।दावों एवं आपत्तियों के संग्रहण के लिए मतदान केंद्र स्तर पर प्रथम विशेष शिविर 08 एवं 09 अगस्त तथा द्वितीय विशेष शिविर 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित किए जाएंगे। सभी संबंधित बीएलओ शिविर में उपस्थित रहकर दावा एवं आपत्ति प्राप्त करेंगे। रक्षके तहत 15 अगस्त 2026 को संबंधित पंचायत भवनों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ तथा चुनाव पाठशाला के सदस्य उपस्थित रहेंगे। ग्राम सभा के माध्यम से मतदाता सूची का सत्यापन करने तथा छूटे हुए पात्र नागरिकों का नाम जोड़ने के संबंध में जानकारी दी जाएगी।इसके अतिरिक्त, 25 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक 'होम टू रोल' सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बीएलओ द्वारा परिवारवार मतदाता विवरण का सत्यापन करते हुए सभी घरों पर निर्धारित स्टिकर लगाया जाएगा। दावों एवं आपत्तियों के समयबद्ध निष्पादन के लिए मतदान केंद्रों का आवंटन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के बीच किया गया है। इनमें अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा निर्मल सोरेन, कार्यपालक दंडाधिकारी मनोज कुमार रवि, अंचल अधिकारी कोडरमा रवि भूषण प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच भोला पांडेय, अंचल अधिकारी डोमचांच रविंद्र कुमार पांडेय तथा अंचल अधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा शामिल हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के नाम तथा विवरण की जांच अवश्य कर लें। किसी प्रकार की त्रुटि, नाम छूटने अथवा अन्य संशोधन की आवश्यकता होने पर निर्धारित अवधि के अंदर संबंधित बीएलओ अथवा विशेष शिविर में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उप विकास आयुक्त रवि जैन, अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार एवं विभिन्न मीडिया संस्थानों के संवाददाता व अन्य मौजूद रहे।

## आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, 108 एम्बुलेंस सेवा, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, स्वास्थ्य संस्थानों की ब्रांडिंग तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आमजन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आयुष्मान भारत सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रभावी ब्रांडिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित मानकों के अनुरूप साइनेज, प्रवेश द्वार (एंट्री प्वाइंट) एवं सूचना पट्ट लगाए जाएं, ताकि आमजन को योजनाओं एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की स्पष्ट जानकारी मिल सके।

## उप विकास आयुक्त ने रायडीह व घाघरा में विभिन्न विकासात्मक कार्यों आयुष्मान भवनों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन ने रायडीह एवं घाघरा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकासात्मक कार्यों, निमार्णाधीन एवं नवनिर्मित सरकारी भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रायडीह में निमार्णाधीन आयुष्मान भवन तथा घाघरा में नव निर्मित आयुष्मान भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने रायडीह स्थित निमार्णाधीन आयुष्मान भवन के अद्यतन कार्यों की समीक्षा की तथा कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं घाघरा स्थित नव निर्मित आयुष्मान भवन का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता का भी परीक्षण किया।इसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने घाघरा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भ्रमण किया। विद्यालय में उन्होंने छात्राओं से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई, भविष्य की आकांक्षाओं एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्राओं से विद्यालय में आने वाली समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं संबंधित पदाधिकारियों से भी विद्यालय की आधारभूत आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों एवं अन्य जरूरतों की जानकारी ली तथा आवश्यक व्यवस्थाएं जल्द ही सुनिश्चित किए जाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने घाघरा एवं रायडीह प्रखंड के अन्य विकासात्मक तथा निमार्णाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया।

## दिल दहला देनेवाली घटना : एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या, हत्यारोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नावाडीह (बोकारो)** : बोकारो जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। कुकुरलीलवा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी गई। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस मौके पर कैंप कर रही है।इससे पहले मामले में हत्या का आरोपी राजू सिंह सड़क पर घटना को अंजाम देने के बाद हाथ में टांगी लिए घूमता रहा।डर से लोग सामने नहीं जा पा रहे थे।जानकारी के मुताबिक, जो भी व्यक्ति आगे बढ़ता था, वह उसकी तरफ टांगी लेकर मारने के लिए दौड़ पड़ता था, जिसकी वजह से बहुत देर तक शव घटनास्थल पर ही पड़ा रहा। आरोपी के हाथ में हथियार लेकर घूमने का वीडियो भी सामने आया है।इस घटना के संबंध में मृतक के बेटे सेवा महतो ने बताया कि आरोपी हमसे बराबर लड़ाई झगड़ा करता था। उसने आज भी लड़ाई झगड़ा करते हुए घर से टांगी लेकर आया और हमला करके मेरे मां-पिता की हत्या कर दी। साथ ही मेरे छोटे भाई की पत्नी को भी घायल कर दिया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी भी मौत हो गई। नावाडीह प्रखंड के कुकुरलीलवा निवासी जानकी महतो, उनकी पत्नी और बहू धान रोपने के लिए खेत की ओर जा रहे थे।इसी दौरान पड़ोस के रहने वाले राजू सिंह से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।आरोप है कि विवाद के बाद राजू सिंह ने टांगी से जानकी महतो पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा ,इसके बाद आरोपी ने जानकी महतो की पत्नी पर भी टांगी से हमला कर दिया।हमले में दोनों की मौत हो गई। वहीं बीच-बचाव करने पहुंची बहू पर भी आरोपी ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में घायल बहू को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

गुमशुदा महिला सरीता कुमारी, उम्र–करीब 20 वर्ष, पे0–भदवा सिंह, सा0–कुडरूम गंझुटोली, थाना–बानो,जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड, दिनांक–17.07.2026 को हुरदा जाने के लिए निकली थी, जो अबतक अपने घर वापस नहीं आयी है। गुमशुदा महिला की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

हुलिया की विवरणी :–

**लिंगः**–स्त्री।

**उम्रः**–23 वर्ष।

**रंग** :–साँवला।

**उँचाईः**–05 फीट।

**बालः**–काला।

**भाषाः**–हिन्दी, मुण्डारी एवं सादरी।

**पहनावाः**–हरा रंग का नाईटी एवं इवाई चप्पल।

**चेहराः**–गोल।

**आँखः**–सामान्य।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा महिला के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444

पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227

थाना प्रभारी, गिरदा ओ0पी0 – मोबाइल नं0–9608015593

पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531

मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 – मोबाइल नं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR 386659 (Simdega) 26-27 (D)



## बूथों का निरीक्षण करने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजनील तिग्गा, बोले...कोई भी वैध मतदाता सूची से नहीं छूटेगा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने बुधवार को जिले के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) से जानकारी लेते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य प्रक्रियाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि यदि कोई भी वैध मतदाता किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गया है, तो उसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाण-पत्र के आधार पर फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ा या आवश्यक संशोधन कराया जा सकता है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी सजगता के साथ इस कार्य में लगी हुई है। पार्टी के सभी बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) बूथों पर मौजूद रहकर लोगों की हर संभव सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना कारण मतदाता सूची से न कटे और यदि किसी को किसी प्रकार की परेशानी हो तो वह कांग्रेस के बीएलए से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रोहित उरांव एवं जिला महासचिव रफी अली भी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पुतो कोडरमा में नवोदय विद्यालय समिति का मना 40वां स्थापना दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : बुधवार को अपराह्न 3:30 बजे पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पुतो, कोडरमा के एम.पी. हॉल में नवोदय विद्यालय समिति का 40वाँ स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कुमार अश्विनी अमिताभ द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति के पश्चात अपने प्रेरक संबोधन में प्राचार्य महोदय ने नवोदय विद्यालय समिति की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवशाली यात्रा, उपलब्धियों तथा राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय देश के प्रतिभाशाली ग्रामीण छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार एवं सर्वांगीण विकास का उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रहे हैं तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुके हैं।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नवोदय विद्यालय समिति के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्था की उपलब्धियों एवं अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया कार्यक्रम का प्रभावी एवं आकर्षक संचालन कक्षा 11 की छात्राएँ सौम्य कुमारी एवं स्वीटी कुमारी ने किया।


**राँची समाहरणालय, राँची**

(भू–अर्जन शाखा)

www.dlaoranchi.in, dlaoranchi@gmail.com

**आम–सभा**

Link Line Between Lodhma-Piska by Passing Hatia/Ranchi परियोजना एवं Modification of Existing 132 km Double Circuit Transmission Line in Lodhma-Balsiring Section in Connection with the Work परियोजनान्तर्गत मौजा–टिकराटोली एवं चेटे, थाना सं० क्रमशः–125 एवं 256 में भूमि अधिग्रहण हेतु ग्राम सभा आयोजित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | प्रतिनियुक्ति कर्मियों का नाम एवं पदनाम | संबंधित मौजा का नाम | तिथि / समय | निर्धारित स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री पंकज सिन्हा, कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची। | टिकराटोली | 24.08.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न | पंचायत भवन, टिकराटोली |
| 02 | श्री राज कुमार महतो, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची | चेटे | 25.08.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न | पंचायत भवन, चेटे |

उपरोक्त प्रतिनियुक्ति कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को ससमय स्थल पर उपस्थित होकर ग्राम सभा का आयोजन करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
राँची।

PR 386676 Land Reforms(26-27)D


## थाना दिवस में 41 मामलों की सुनवाई 33 का मौके पर हुआ निपटारा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के सभी थाना परिसरों में बुधवार को आयोजित थाना दिवस में लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में भूमि विवादों के मामलों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित समाधान का प्रयास किया गया।थाना दिवस के दौरान जिलेभर से कुल 41 मामले दर्ज किए गए। इनमें 40 मामले जमीन संबंधी विवाद के थे, जबकि एक मामला महिला से जुड़ा था। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त सुनवाई के बाद 33 मामलों का निष्पादन तत्काल थाना स्तर पर ही कर दिया गया। शेष मामलों में आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि थाना स्तर पर विवादों का समाधान होने से उन्हें काफी राहत मिली है। अब छोटे-छोटे मामलों के लिए कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इससे समय के साथ आर्थिक खर्च की भी बचत हो रही है।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के तहत विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये आकर्षक मॉडल

## कार्यशील मॉडल से विद्यार्थियों ने दिखायी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : सेक्रेड हार्ट स्कूल में विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन एवं विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के अंतर्गत विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने विंडमिल का कार्यशील मॉडल तथा मानव उत्सर्जन तंत्र पर आधारित रोल प्ले प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विंडमिल मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों ने पवन ऊर्जा के उपयोग एवं विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। वहीं, उत्सर्जन तंत्र पर आधारित रोल प्ले के माध्यम से शरीर से अपशिष्ट पदार्थों के निष्कासन की प्रक्रिया को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। विंडमिल मॉडल तैयार करने वाले विद्यार्थियों में शिनू, सनी, ओम, समर, नैतिक, प्रियां, आर्यन, अंकित, विराट, हर्षित और आरोही शामिल रहे। वहीं, उत्सर्जन तंत्र पर रोल प्ले प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों में दर्पण, पायल, ओम, अंकित एवं रिशिका शामिल थे। पूरी गतिविधि का मार्गदर्शन ईवीएस शिक्षिका कामिनी सहाय ने किया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल तैयार करने, उनकी कार्यप्रणाली समझने तथा दर्शकों के समक्ष आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देने में उत्साह दिखाया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें सीखने, प्रयोग करने, समस्याओं का समाधान खोजने और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर देती है।

### उपायुक्त ने बिशुनपुर के सुदूरवर्ती पीवीटीजी क्षेत्रों का किया स्थल निरीक्षण

# मूलभूत सुविधाओं के त्वरित समाधान के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक स्थल निरीक्षण कर विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के बिरजिया परिवारों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत संचालित कार्यों, कृषि गतिविधियों, खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था एवं शिक्षा संबंधी आधारभूत संरचनाओं का भी जायजा लिया।उपायुक्त ने पंचायत बिशुनपुर अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम होलेग (बिरजिया टोली) तक लगभग एक किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे। यहां निवासरत 16 बिरजिया परिवारों से उन्होंने संवाद किया और उनकी दैनिक आवश्यकताओं एवं आजीविका से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने पहुंच पथ निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना, चेकडैम निर्माण, जल मीनार की मरम्मत एवं निर्माण, गार्डवाल तथा पुलिया निर्माण की मांग रखी।उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित सोलर लाइट, जल मीनार एवं आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा लंबित आवासों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की आवश्यकता बताने पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी योजना के तहत कार्य स्वीकृत नहीं हो पाता है, तो जिला स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से समाधान की संभावनाएं तलाशते हुए कार्य कराया जाएगा।

## झारखंड सीनियर नेटबॉल टीम में सार्थक सिंह और आयुष का चयन

**बोकारो** : 7 से 9 अगस्त तक हरियाणा के पलवल स्थित सुभाष चंद्र बोस इनडोर स्टेडियम में आयोजित 44 वे सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में सार्थक एस सिंह और आयुष ख्वास झारखंड सीनियर नेटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। 26 जुलाई को गोड्डा एवं बेड़ो रांची में आयोजित चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों ने शारीरिक फिटनेस,तकनीकी दक्षता,टीम समन्वयन, खेल कौशल,एवं मैच की परिस्थितियों का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान फेडरेशन के अधिकारी सहित झारखंड नेटबॉल संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव भूपेन्द्र राम, साहेब मंडल ,साकेत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सार्थक सिंह और आयुष ख्वास के चयन पर बोकारो जिला नेटबॉल संघ अध्यक्ष संजीव सिंह,सचिव निशांत कुमार, उपाध्यक्ष मीनाक्षी कुमारी, कोषाध्यक्ष प्रांजल सैकिया, रण विजय ओझा, राम लखन मिस्त्री, ललिता उरांव एवं सभी सदस्यों ने दोनों खिलाड़ियों को ढेरों शुभकामनाएं दी एवं नेशनल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।


**कार्यालय,विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल धुर्वा, रॉची**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/29/2026-27** दिनांक–05 / 08 / 2026

| क्रम0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | धुर्वा रॉची स्थित ज्युडिशियल एकेडमी के विभिन्न कार्यालय भवन में अधिष्ठापित स्पलीट, कैसेट एवं डकटेबल टाईप वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 33,43,574=00 | 5,000=00 | 67,000=00 | एक वर्ष |
| II | सेक्टर–2, धुर्वा रॉची स्थित निर्वाचन कार्यालय के सर्वर रूम एवं मिटिंग हॉल हेतु 1 अदद् 40 के0वी0ए0 ऑन लाईन यू0 पी0 एस0 के अधिष्ठापन का कार्य। | 16,77,606=00 | 5,000=00 | 34,000=00 | 35 दिन |
| III | स्मार्ट सिटी धुर्वा रॉची स्थित 11 अदद् मंत्री बंगला के परिसर में एल0ई0डी0 फ्लड लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 27,73,542=00 | 5,000=00 | 56,000=00 | 35 दिन |
| IV | कोचांग, अडकी, खूँटी स्थित I.R.B-5 के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 13,46,815=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | 35 दिन |
| V | कूरूंगा, अडकी, खूँटी स्थित JAP-7 के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 23,98,857=00 | 5,000=00 | 48,000=00 | 35 दिन |
| VI | सिंह मोड, हटिया, रॉची स्थित हटिया गेस्ट हाउस में 28 अदद् 1.5 टन क्षमता के स्पलीट वातानुकूलित संयत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 22,91,704=00 | 5,000=00 | 46,000=00 | 35 दिन |
| VII | ए0 जी0 मोड, डोरण्डा, रॉची स्थित नये न्यायाधिश बंगला सं0–01 में 3 अदद् 2.0 टन एवं न्यायाधिश बंगला सं0–5 में 09 अदद् 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 11,31,072=00 | 2,500=00 | 25,000=00 | 35 दिन |
| VIII | धुर्वा रॉची स्थित E311 Ec-2 F28, F6, E93 Sec.-2, Vidhyak awash RN-160, 161, 103, 165, 205, 116 F-28 जैप आईटी सी0ई0ओ0, निर्वाचन कार्यालय में कुल 11 अदद् 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 13,38,102=00 | 2,500=00 | 27,000=00 | 35 दिन |
| IX | नामकूम, रॉची स्थित स्टेट फूड टेस्टिंग लेबोरेट्री में 500 के0वी0ए0 3 फेज ट्रॉसफार्मर, सर्विस केबल एवं पैनल के अधिष्ठापन का कार्य। | 28,79,534=00 | 5,000=00 | 58,000=00 | 35 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.08.2026 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 17.08.2026 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 22.08.2026 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 24.08.2026 को 4.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 / ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉची

PR 386724 (Energy)26-27*D

## एक झलक

### अवैध हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर :** जिले के गोराडीह थानान्तर्गत एक अपराधकर्मी को 01 देशी कट्टा, एवं 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को पुलिस अधीक्षक नगर ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी हेतु सघन गश्ती एवं चोरी, छिनतई के हॉट स्पॉट पर छापामारी की जा रही है। इसी क्रम में गोराडीह थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की गोराडीह थानान्तर्गत जिलेबिया मोड़ के समीप कुछ अपराधकर्मी अवैध आग्नेयास्त्र के साथ किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने के उद्देश्य से घुम रहे हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसपी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर, भागलपुर के निगरानी में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विधि-व्यवस्था, भागलपुर तथा थानाध्यक्ष गोराडीह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

### जन सुराज की जीत पर निकला विजय जुलूस

**बक्सर :** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज की शानदार जीत के उपलक्ष्य में बुधवार को बक्सर शहर में विजय जुलूस, जश्न एवं आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष बजरंगी मिश्रा के नेतृत्व में निकला विजय जुलूस ज्योति चौक से प्रारंभ होकर पुलिस चौकी, पीपरपाती रोड, मुनीम चौक, जमुना चौक, ठठेरी बाजार मोड़ होते हुए पुनः पुलिस चौकी पर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में कार्यकताओं ने रंग-गुलाल उड़ाकर, मिठाइयां बांटकर और नारे लगाकर जीत का उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि एवं चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक तथागत हर्षवर्धन ने कहा कि बांकीपुर की जीत केवल एक विधानसभा सीट की जीत नहीं, बल्कि बिहार में बदलाव की चाह रखने वाली जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर के नेतृत्व में प्रदेश की राजनीति नई दिशा की ओर बढ़ रही है।

### सीआईएसएफ बटालियन व आर्मी बेस कैम्प की तैयारी तेज

**किशनगंज :** अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा किशनगंज जिला देश की सामरिक सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार ने जिले में सीआईएसएफ बटालियन और आर्मी बेस कैंप स्थापित करने की तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए जिला प्रशासन ने आवश्यक भूमि चिह्नित कर गृह विभाग को प्रस्ताव भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पोठिया प्रखंड की बुढ़नई पंचायत में सीआईएसएफ बटालियन की स्थापना के लिए 110 एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी गई है। आर्मी बेस कैंप के लिए ठाकुरगंज प्रखंड में 189 एकड़ तथा कोचाधामन-बहादुरगंज सीमा क्षेत्र में 201 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। इस प्रकार सेना के बेस कैंप के लिए कुल 390 एकड़ भूमि का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है।
किशनगंज की सीमा नेपाल से जुड़ी हुई है, जबकि बांग्लादेश की सीमा यहां से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर मंथन

# छह वर्षों की उपलब्धियों को बताया विकसित भारत की मजबूत नींव




एजेंसी

**बक्सर :** महार्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के अर्थशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की छह वर्षीय उपलब्धियों पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के मानस भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षाविदों ने नई शिक्षा नीति को भारतीय शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाने वाली ऐतिहासिक पहल बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. कृष्णा कांत सिंह ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा को ज्ञान, कौशल, अनुसंधान और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार तैयार कर रही है। मुख्य वक्ता के रूप में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के प्रो. संजय कुमार सिंह एवं प्रो. जितेन्द्र कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा आधारित शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल शिक्षा और आधारभूत संरचना के विकास में नीति की उपलब्धियों एवं संभावनाओं पर विस्तार से विचार रखे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अमृता कुमारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि आयोजन सचिव एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अरविंद वर्मा ने संचालन करते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### हल्की बारिश में नर्क बना वार्ड 39, लोगों में आक्रोश

**भागलपुर :** नगर निगम भागलपुर के विकास और जल निकासी के तमाम बड़े-बड़े दावों की पोल हल्की सी बारिश ने खोलकर रख दी है। नगर निगम के वार्ड नंबर 39 स्थित मौलाना चक छोटी मस्जिद के समीप की मुख्य सड़क रातों-रात तालाब में तब्दील हो गई है। एक तरफ जहां नगर निगम कर्मियों की हड़ताल के कारण पूरा शहर कचरे और गंदगी के ढेर से कराह रहा है, वहीं दूसरी तरफ जलजमाव के कारण स्थानीय लोग और राहगीर बदबूदार गंदे पानी में उतरकर अपनी किस्मत को कोसने पर मजबूर हैं। मौलाना चक छोटी मस्जिद और मजार शरीफ जाने वाले मुख्य मार्ग पर थोड़ी सी फुहारें पड़ते ही सड़क पर गंदा पानी भर जाता है।

# सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सातवें दिन भी रही जारी

एजेंसी

**सारण :** प्रमंडल के छपरा नगर निगम सहित सभी नगर परिषदों और नगर पंचायतों में दैनिक सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही। बिहार लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन एवं बिहार स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले कर्मियों ने अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सारण प्रमंडल अध्यक्ष सियाराम सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कर्मचारी दैनिक कर्मियों की सेवा स्थायी करने, ठेका प्रथा समाप्त करने तथा एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ देने की मांगों पर




अड़े हैं। आंदोलन के सातवें दिन छपरा नगर निगम के कर्मचारियों ने प्रमुख मार्गों पर जुलूस निकाला, एनजीओ के सफाई अभियान का विरोध किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के अंत में महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता के आवास के समीप कचरा फेंककर विरोध प्रकट किया। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि राज्य स्तर पर ठोस समझौता होने तक आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। इस मामले पर महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में मांगें रखने का अधिकार सभी को है, लेकिन इस हरकत से मैं आहत हूँ।

# केन्द्रीय विद्यालय, स्पोर्ट्स साइंस सेंटर व 19 विशेष अदालतों को मंजूरी

## बिहार कैबिनेट : 17 प्रस्तावों पर मुहर

- विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बेहतर सुविधा मिलेगी
- सरकार के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना



एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्य सचिवालय स्थित कैबिनेट हॉल में हुई बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में 17 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में शिक्षा, खेल, पेयजल, स्वास्थ्य, न्यायिक व्यवस्था, उद्योग, संस्कृति और राष्ट्रव्यापी अभियानों से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने पूर्वी चंपारण जिले के पीपराकोठी स्थित सरकारी भूमि पर केंद्रीय विद्यालय के संचालन के लिए शिक्षा मंत्रालय को 30 वर्षों की लीज, नवीकरण के विकल्प के साथ उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी। सरकार का मानना है कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बेहतर सुविधा मिलेगी। खेल क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजगीर स्थित राज्य खेल अकादमी परिसर में स्पोर्ट्स साइंस सेंटर (उच्च प्रदर्शन खेल प्रशिक्षण एवं इंजरी सेंटर) की स्थापना, संचालन, रखरखाव, मानव संसाधन और अत्याधुनिक उपकरणों की व्यवस्था को मंजूरी दी गई। सरकार के अनुसार यह केंद्र खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और खेल चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कैविनेट की बैठक में शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) के तहत जमालपुर जलापूर्ति परियोजना के लिए 102.22 करोड़ रुपये और मुंगेर जलापूर्ति परियोजना के लिए 177.72 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पश्चिम चंपारण (बेतिया), मधुबनी, भोजपुर (आरा), सिवान, अररिया, सुपौल, खगड़िया, जहानाबाद, बक्सर, जमुई, कैमूर (भभुआ), कटिहार, सीतामढ़ी, मुंगेर, मधेपुरा, बांका, शेखपुरा, औरंगाबाद तथा लखीसराय में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 19 अतिरिक्त अनन्य विशेष न्यायालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई। इनके संचालन के लिए जिला एवं अपर सत्र न्यायालयों में अराजपत्रित श्रेणी के 171 नए पदों के सृजन को भी स्वीकृति मिली। मंत्रिपरिषद ने 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के आयोजन को भी मंजूरी दी। सरकार के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा निर्णय लेते हुए राज्य के 16 सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों, जिनमें डेंटल कॉलेज भी शामिल हैं, के संचालन के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अपनाने का फैसला किया गया। इस प्रक्रिया के लिए अंतरराष्ट्रीय कंसल्टिंग फर्म पीडब्ल्यूसी को ट्रांजैक्शन एडवाइजर नियुक्त करने की प्रशासनिक स्वीकृति भी दी गई। सरकार का कहना है कि इससे आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। बैठक में उद्योग विभाग के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निदेशालय के लिए 106 नए पदों के सृजन तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के पुरातत्व निदेशालय में स्वीकृत 16 तकनीकी पदों में से 12 पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा भारत सरकार की फ्लैगशिप योजना 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत सर्वेक्षित पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण और मेटाडाटा निर्माण योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### दो दिवसीय अंतर-वाहिनी कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न 52वीं वाहिनी बनी विजेता

**सुपौल :** 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) बीरपुर मुख्यालय में कमांडेंट गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित दो दिवसीय अंतर-वाहिनी कबड्डी प्रतियोगिता का बुधवार को सफल समापन हो गया। प्रतियोगिता में 45वीं, 18वीं, 52वीं और 56वीं वाहिनी के जवानों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य जवानों में शारीरिक दक्षता, अनुशासन, टीम भावना, आपसी समन्वय और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। दो दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अंतिम दिन खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में 45वीं वाहिनी और 52वीं वाहिनी की टीम आमने-सामने थीं। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन शानदार प्रदर्शन के दम पर 52वीं वाहिनी ने खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं 45वीं वाहिनी की टीम उपविजेता रही।

# नये प्रयोगों से किसानों को मिल रहा लाभ : कृषि मंत्री

एजेंसी

**भागलपुर :** जिले के सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में 17वां स्थापना दिवस बुधवार को पूरे उत्साह, गरिमा और उल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने वर्चुअल माध्यम से किया और विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार रहे। कार्यक्रम में भागलपुर सांसद



अजय मंडल, कहलगांव विधायक शुभानंद मुकेश शुड्डू साईं समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, शिक्षाविद, प्रगतिशील किसान, पूर्व छात्र और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। अपने संबोधन में कृषि मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वर्ष 2010 में स्थापित बिहार कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार के क्षेत्र में पिछले 16 वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय लगातार नए-नए प्रयोग कर किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध करा रहा है। जिससे किसानों की आय और उत्पादन दोनों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार कृषि रोडमैप के तहत लगातार काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि कृषि उत्पादन के क्षेत्र में बिहार ने कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं और धान एवं दलहन उत्पादन में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।

# डिग्री कॉलेज गोमिया में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**गोमिया :** गोमिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन - एस आई आर 2026 के तहत डिग्री कॉलेज गोमिया में छात्र-छात्राओं के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 18 वर्ष के युवा मतदाताओं को सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सरिता श्रीवास्तव के निर्देश पर आयोजित किया गया। मंच संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष नितिन चेतन तिग्गा ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गोमिया अंचलाधिकारी आफताब आलम ने विद्यार्थियों को एसआईआर-2026 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है या अक्टूबर 2026 तक पूरी हो जाएगी, वे सभी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं। नाम जोड़ने, संशोधन और हटाने की प्रक्रिया 5 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगी। सीओ ने छात्रों से अपील की कि वे केवल अपना ही नहीं, बल्कि अपने घर, परिवार और गांव के लोगों को भी मतदाता सूची में नाम जांचने और दावे-आपत्ति दर्ज कराने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष मनोहर मांझी, रोशन कुमार दास, डॉ. रूपा कुमारी, डॉ. गीता कुमारी, अजय देव, पंकज सिंह, स्नेहा मेलगांडी, अमित कुमार, रमाशंकर पटेल, डॉ. सुलभा कुमारी सहित शिक्षकेत्तर कर्मी बिमल प्रसाद, राहुल कुमार, नरेश कुमार और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सहयोग शिविर का निरीक्षण कर डीएम ने त्वरित समाधान के दिये आदेश



एजेंसी

**अररिया :** जिले में विभिन्न पंचायतों और नगर निकाय क्षेत्रों में जन शिकायतों के निवारण को लेकर बुधवार को सहयोग शिविर लगाया गया।जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपना आवेदन देकर सहयोग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसी क्रम में डीएम विनोद दूहन ने नगर परिषद अररिया क्षेत्र अंतर्गत मिडिल स्कूल, जयप्रकाश नगर, वार्ड संख्या 07 तथा हाई स्कूल अररिया वार्ड संख्या 23 में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय हो कि आमजनों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहयोग शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है।

# वरिष्ठ नागरिकों तक योजनाओं का पहुंचायें लाभ : अमरेश कुमार

एजेंसी

**पूर्णिया :** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक अमरेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को बुनियाद केंद्रों के माध्यम से संचालित एसएपीएसआरसी योजना के तहत आयोजित होने वाले जन-जागरूकता कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर समीक्षा-सह-योजना बैठक हुई। जिला एवं अनुमंडल कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के पदाधिकारी, बुनियाद केंद्रों के केंद्र प्रबंधक तथा संबंधित कर्मी शामिल हुए। सहायक निदेशक ने सभी केंद्र प्रबंधकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक बुनियाद केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार प्रभावी और उद्देश्यपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाए। कार्यक्रम से पूर्व



व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक इसमें शामिल होकर सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, स्वास्थ्य एवं पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, योग, नियमित व्यायाम, कानूनी अधिकार, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल सेवाओं तथा सम्मानजनक एवं सक्रिय जीवनशैली से संबंधित जानकारी दी जाए। कार्यक्रम को केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रखते हुए संवादात्मक और सहभागितापूर्ण बनाया जाए, ताकि वरिष्ठ नागरिक अपनी समस्याएं खुलकर रख सकें और उनका त्वरित समाधान हो। अमरेश कुमार ने निर्देश दिया कि बुनियाद केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण, योग एवं व्यायाम, समूह चर्चा, परामर्श सत्र, मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ मानसिक और सामाजिक सशक्तीकरण से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। सभी गतिविधियां निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संचालित हों तथा प्रत्येक लाभार्थी को सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कार्यक्रमों के दौरान स्वच्छता, अनुशासन और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने को कहा। लाभार्थियों की उपस्थिति पंजी, गतिविधियों का अभिलेखीकरण, आवश्यक दस्तावेज, फोटोग्राफी और विस्तृत प्रतिवेदन निर्धारित समय पर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा और प्रभावी अनुश्रवण किया जा सके।

### 1.400 किलोग्राम गांजा के साथ दो अपराधकर्मी गिरफ्तार

**भागलपुर :** एसएसपी कार्यालय के हवाले से बुधवार को बताया गया भागलपुर के बुद्धचक थानान्तर्गत 1.400 किलोग्राम गांजा के साथ दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के निर्देशानुसार भागलपुर जिले में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर प्रभावी रोक लगाने हेतु ₹स्वस्थ युवा स्वस्थ भागलपुर₹ नामक विशेष महा अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत अवैध शराब, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए हॉट स्पॉट पर छापामारी की जा रही है।

# बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में हुई हार के कारणों पर भाजपा गम्भीर, हुई समीक्षा बैठक

एजेंसी

**पटना :** बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में हुई हार की समीक्षा करने में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जुट गयी है। इस क्रम में बुधवार को बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में पटना स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई, जिसमे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। करीब ढाई घंटे तक चली इस बैठक में बांकीपुर उपचुनाव में हार के कारणों पर गंभीर चर्चा की गई। चुनाव में जिम्मेदारी संभालने वाले नेताओं और कार्यकताओं से फीडबैक लिया गया। बैठक में भाजपा के मंत्री, पटना के विधायक, सांसद, प्रदेश




पदाधिकारी और चुनावी ड्यूटी में लगे कई नेता शामिल हुए। लगभग तीन दशक से भाजपा का गढ़ रही बांकीपुर सीट पर पार्टी को मिली हार को लेकर प्रदेश नेतृत्व ने नेताओं से चुनावी तैयारी, रणनीति और संगठन स्तर पर हुई कमियों की जानकारी ली। पार्टी यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर किन वजहों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। बूथ स्तर के प्रदर्शन, वोटों के अंतर और चुनावी रणनीति की समीक्षा की गई। साथ ही कार्यकताओं की भूमिका और संगठन की सक्रियता पर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने मीडिया से कहा कि बांकीपुर हार की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की जनता भाजपा के साथ रही है और जहां भी कमी हुई है, उसे चिन्हित कर सुधार किया जाएगा। रामकृपाल यादव ने जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर ने तीन महीने में बदलाव दिखाने का दावा किया है, ऐसे में भाजपा उनके काम का हर दिन हिसाब मांगेगी। उल्लेखनीय है कि बांकीपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को हुए उपचुनाव के परिणाम 3 अगस्त को घोषित हुए। इस चुनाव में जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ने भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को 19,324 वोटों के अंतर से हराया।

# नेशनल कराटे चैम्पियनशिप के लिए बोकारो के छात्र कोलकाता रवाना

**बोकारो :** नेशनल कराटे चैंपियनशिप विभिन्न वजन के आधार आयोजित कराटे प्रतियोगित में हिस्सा लेने बोकारो के छात्र कोलकाता के लिए रवाना हुए।यह प्रतियोता वजन के आधार पर वगीर्कृत किया गया है। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित बालक बालिकाएं इसमें भाग लेंगे। बोकारो से जा रही टीम का गठन कराटे एसोसिएशन के हेड कोच व जेनरल सेक्रेटरी शिहान खेदु गोराईं द्वारा किया गया है और इस टीम के साथ वूमेन टीम मैनेजर सावित्री साथ है उनके साथ में अधिकारी सेंसेई गगन कुमार साहू और सेंसेई सुभम कुमार दास भी है।यह चैम्पियशिप प्रियोनगर पश्चिम बंगाल के नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स एरीना में आयोजित हो रहा है। नेशनल कराटे चैंपियनशिप 7 अगस्त 2026 से शुरू हो कर 9 अगस्त तक होना है। इस चैंपियनशिप की मेजबानी आल बेंगल स्पोर्ट्स कराटे- डो एसोसिएशन कर रहा है। चयन शिहान खेदु गोराईं ने मीडिया से बात करते हुए कहा की चयन प्रक्रिया में बच्चों का प्रदर्शन अति उत्कृष्ट रहा चुने हुए उत्कृष्ट बच्चे बोकारो से कोलकत्ता के लिए ट्रेन से रवाना हो रहे है, उन्होंने आगे कहा की आशा के अनुरूप बच्चे वहां भी अपना प्रदर्शन दिखाएंग और जिला का नाम रोशन करेंगे।

# अपर लोक अभियोजक ने किया पौधरोपण

**तेनुघाट :** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के अपर लोक अभियोजन कार्यालय के समीप अपर लोक अभियोजक सर्वेश आनंद सिंह के द्वारा एक आम का वृक्ष लगाया गया। वृक्ष लगाने के बाद सर्वेश आनंद सिंह ने कहा अभियोजन कार्यालय के समीप कोई भी वृक्ष नहीं रहने के कारण उनका मन था कि यहां पर कोई पौधा लगे। इस बात की जानकारी अधिवक्ता अशोक यादव को हुई तो उन्होंने एक आम का वृक्ष बुधवार को लेकर लोक अभियोजक के कार्यालय पहुंच कर सर्वेश आनंद सिंह को दिया। उसके बाद आम वृक्ष को देखकर सर्वेश आनंद सिंह काफी खुश हुए और पौधा लगाकर प्रसन्नता जाहिर किया। पौधा रोपण के समय सहायक लोक अभियोजक नवीन कुमार मिश्रा एवं आशीष रंजन लोहरा, अधिवक्ता अरुण कुमार सिन्हा, जीवन सागर, राज कुमार यादव, शदब अंजुम, शकीना परवीन, राजू सिंह, रानू सिंह, महेश कुमार, अर्जित कुमार सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## एक झलक

### राज्य रैंकिंग मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्द्धा 08 अगस्त से

**इंदौर :** मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा सत्र की पहली राज्य रैंकिंग मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन 8 अगस्त से स्थानीय अभय प्रशाल में किया जाएगा। मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में होने वाली इस स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में वेटरन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। म.प्र. वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी के सचिव गौरव पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष एकल के 40+, 50+, 60+, 65+ और 70+ आयु वर्ग में मुकाबले खेले जाएंगे। इसके अलावा महिला एकल, पुरुष युगल और मिश्रित युगल वर्ग में भी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 125 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। मुकाबले स्टेग अमेरिका की 12 टेबलों पर आयोजित किए जाएंगे।

### राष्ट्रमण्डल खेलों से गायब हुआ पाक मुक्केबाज

**ग्लास्गो :** ग्लास्गो राष्ट्रमण्डल खेलों से पाकिस्तान का एक मुक्केबाज कुदरातुल्लाह गायब हो गया है। इस मुक्केबाज के गायब होने से पाक मुक्केबाजी महासंघ की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। ये पहला मामला नहीं है जब कोई पाक खिलाड़ी गायब हुआ हो। इससे पहले भी कई बार ऐसे वाकये होते रहे हैं। इसी को लेकर पाकिस्तान ओलंपिक संघ का कहना है कि राष्ट्रमंडल खेलों में अपने मुकाबले में उतरने के बाद कुदरातुल्लाह टीम होटल से गायब हो गया था जिसके बाद से ही उसका कुछ पता नहीं चला है। हैरानी की बात ये है कि उसका पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास ही है। इसके बाद भी वह गायब हो गया। वहीं इससे पहले भी एक बार राष्ट्रमंडल खेलों से पाकिस्तान के दो मुक्केबाज सुलेमान बलोच और नजीरूल्लाह खान बर्मिंघम में गायब हो गए थे जबकि पासपोर्ट दल प्रमुख के पास थे। पाक ओलंपिक संघ के एक अधिकारी के अनुसार वापसी की तैयार के लिए अहम कुदरातुल्लाह के कमरे में गये थे पर मुक्केबाज वहां नहीं था जबकि उसका सामान और निजी चीजें कमरे में ही थीं।

### पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज पर हासिल की बढ़त

**जमैका :** अब्दुल्ला शफीक की 160 रनों की शानदार पारी की सहायता से पाकिस्तान ने यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 387 रन बना लिए है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पहली पारी में 344 रन बनाए थे। इस प्रकार पाक टीम को 43 रनों की बढ़त मिल गयी। वहीं अब्दुल्ला शफीक वेस्टइंडीज की धरती पर 150 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज भी बन गये हैं। उन्हें टीम के कप्तान बाबर आजम का भी अच्छा साथ मिला, जिन्होंने उनके साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। आजम हालांकि शतक नहीं लगा पाये और 88 रनों की पर आउट हो गये। बाबर के आउट होने के बादनिचले क्रम में साजिद खान ने 30 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को 387 रनों तक पहुंचाने में मदद की। इससे पहले, मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। उनकी टीम ने जस्टिन ग्रीव्स और रोस्टन चेज के शानदार अर्धशतकों की सहायता से 344 रनों का अच्छा स्कोर बनाया था।

## सेंट लुईस रैपिड एंड ब्लिट्ज : प्रज्ञानानंद रैपिड चरण में शीर्ष पर

एजेंसी

**सेंट लुईस :** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने सेंट लुईस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूनार्मेंट के रैपिड चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। नौ राउंड के बाद उन्होंने संभावित 18 में से 12 अंक जुटाए और इसी के साथ इस वर्ष के अंत में होने वाले ग्रैंड चेस टूर (जीसीटी) फाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया।विश्व चैंपियनशिप 2026 की दौड़ से बाहर हो चुके प्रज्ञानानंद ने रैपिड चरण में सटीक रणनीति, बेहतरीन तकनीक और जीत के जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, उन्हें अंतिम



(नौवें) राउंड में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वान फोरेस्ट के हाथों हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह एक अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर बने रहे।उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। सिंदारोव इसी वर्ष विश्व शतरंज चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में भारत के डी. गुकेश को चुनौती देंगे। अमेरिका के वेस्ली सो भी 11 अंकों के साथ शीर्ष खिलाड़ियों की दौड़ में बने हुए हैं।हालांकि, टूनार्मेंट का फैसला केवल रैपिड चरण से नहीं होगा। अब खिलाड़ियों को 18 ब्लिट्ज मुकाबले खेलने हैं, जहां प्रत्येक जीत पर एक अंक मिलेगा। कुल 2 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूनार्मेंट के विजेता को 50 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। यदि प्रज्ञानानंद अंतिम राउंड जीत जाते तो ब्लिट्ज चरण में उनकी बढ़त और मजबूत होती। रैपिड चरण में उन्होंने चार जीत, चार ड्रॉ और एक हार के साथ 12 अंक हासिल किए। रैपिड चरण के बाद अंक तालिका में लेवोन अरोनियन, लेनियर डोमिंगेज पेरेज, अनिश गिरी और विन्सेंट कीमर नौ-नौ अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

## 21 को होगा शीर्ष खिलाड़ियों से नीरज का मुकाबला

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब 21 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में जीत के इरादे से उतरेंगे। ग्लासगो राष्ट्रमण्डल खेलों में नीरज रजत पदक ही जीत पाये थे। ऐसे में उनका लक्ष्य अब स्वर्ण जीतना रहेगा। नीरज का प्रयास इससे पहले पूरी तरफ से फिट होना रहेगा। जिससे वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह चोट से उबरने के बाद नीरज का तीसरा टूनार्मेंट होगा, और उनके प्रदर्शन में धीरे-धीरे सुधार दिख रहा है। जून में दोहा डायमंड लीग में उन्होंने 85.69 मीटर का थ्रो फेंककर चौथा स्थान हासिल



किया था, जो उनकी वापसी के शुरूआती संकेत थे। हालांकि, उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ग्लासगो में 85.83 मीटर रहा है। लुसाने में यह सिर्फ पदक जीतने की बात नहीं होगी, बल्कि उनकी फिटनेस और शीर्ष एथलीटों के खिलाफ उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता का भी एक महत्वपूर्ण परीक्षण होगा। लुसनो में नीरज का सामना श्रीलंका के रूमेश पथिरागे से भी होगा। पथिरागे ने इस सत्र में शानदार फॉर्म दिखाया है; उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में 89.75 मीटर का थ्रो लगाकर स्वर्ण पदक जीता था और जून में गोल्डन गाला पिएट्रो मेनिया में 92.62 मीटर का एक असाधारण थ्रो दर्ज किया था, जो इस सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और उन्हें मौजूदा समय के सबसे खतरनाक एथलीटों में से एक बनाता है। उनके अलावा, राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम, मौजूदा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, और पूर्व विश्व चैंपियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट जैसे दिग्गज भी नीरज को कड़ी टक्कर देंगे।

# डीपीएल : वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को पांच विकेट से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वेस्ट दिल्ली लायंस ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 में शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए मंगलवार रात साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज. को पांच विकेट से हरा दिया। पहले गेंदबाजों ने साउथ दिल्ली की टीम को 19.5 ओवर में 160 रन पर समेट दिया, इसके बाद लक्ष्य को पांच विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज.की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और कोई भी बड़ी साझेदारी नहीं कर सकी। वेस्ट



दिल्ली के गेंदबाजों ने पूरे मैच में सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी करते हुए बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। पारी के अंतिम चरण में विजन पांचाल ने 12 गेंदों में 24 रन की तेज पारी खेलकर टीम को 160 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। वेस्ट दिल्ली लायंस की ओर से मयंक गुसाईं ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में केवल 13 रन देकर तीन विकेट झटके। कुलवंत खेजरोलिया ने दो विकेट लिए, जबकि नितीश राणा ने भी एक सफलता हासिल की। 161 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट दिल्ली लायंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने पावरप्ले में ही 26 रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद नितीश राणा और कृष यादव ने तीसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़कर पारी को संभाला। राणा ने 25 गेंदों पर 32 रन की संयमित पारी खेली। मध्यक्रम में कुछ विकेट गिरने के बावजूद वेस्ट दिल्ली की टीम मैच पर अपनी पकड़ बनाए रही।

## सकारात्मक सोच और बेहतर रणनीति से मिली जीत : आयुष

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज. पर जीत के बाद वेस्ट दिल्ली लायंस के कार्यवाहक कप्तान आयुष दोसेजा ने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरकर अपनी रणनीति को पूरी तरह सफल बनाया। दोसेजा ने कहा, श्यह



हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण जीत थी। कल की हार के बाद हम सकारात्मक मानसिकता के साथ वापसी करना चाहते थे। हमने अच्छी योजना बनाई, सकारात्मक रहे और अपनी रणनीति को पूरी तरह अमल में उतारा। कप्तान के तौर पर जिस तरह खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी निभाई, उससे मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने मैच के हीरो मयंक गुसाईं की जमकर तारीफ की। गुसाईं ने गेंदबाजी में चार ओवर में मात्र 13 रन देकर तीन विकेट लिए और बाद में 10 गेंदों पर नाबाद 19 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दोसेजा ने कहा, श्मयंक ने शानदार गेंदबाजी की। वह बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, लेकिन आज उनकी गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। टी20 मैच में चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर तीन विकेट लेना शानदार प्रदर्शन है।

## भारतीय टीम का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचना कठिन , श्रीलंका के पास अच्छा अवसर : चोपड़ा

एजेंसी

**मुम्बई :** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम जिस प्रकार से खेल रही है। उसको देखते हुए उसके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 के फाइनल में पहुंचने की संभावना बेहद कम है। वहीं श्रीलंका के पास अच्छा अवसर है। चोपड़ा के अनुसार ये सही है कि भारतीय टीम दो बार की उपविजेत रही है पर इस बार उसकी राह लगभग असंभव नजर आ रही है। वहीं श्रीलंका के पास भारत के खिलाफ होने वाली आगामी घरेलू सीरीज जीतकर शीर्ष चार में जगह बनाने का अवसर है। भारतीय टीम 15 अगस्त से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। वर्तमान



हालातों पर नजर डालें तो डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में भारतीय टीम 48.150 फीसदी अंकों (पीसीटी) के साथ पांचवें स्थान पर है, जिसने नौ मैचों में चार जीत और चार हार दर्ज की हैं। वहीं, श्रीलंका 41.67 पीसीटी के साथ छठे स्थान पर है। चोपड़ा ने बताया कि श्रीलंका के लिए यह सीरीज निर्णायक साबित हो सकती है। उन्होंने कहा, अगर हम (भारत) 2-0 से हारते हैं, तो हम सिर्फ 39 फीसदी अंक र रहेंगे और श्रीलंका 61 फीसदी अंक पर पहुंच जाएगा और चौथे नंबर पर आ जाएगा। अगर श्रीलंका भारत को 2-0 से हराता है तो वह दौड़ में शामिल हो जाएगा। तब उनके आगे बढ़ने का वास्तविक मौका होगा, वरना उनके लिए यह पास आकर भी दूर रहने वाली कहानी होगी। इससे स्पष्ट है कि श्रीलंका के पास इस सीरीज में क्लीन स्वीप कर डब्लूटीसी फाइनल की दौड़ में मजबूत दावेदारी पेश करने का सुनहरा अवसर है। वहीं, भारतीय टीम के हिसाब से देखें तो चोपड़ा ने बताया कि अगर भारत सीरीज में क्लीन स्वीप करता है, तो उन्हें फायदा मिल सकता है। उन्होंने कहा, अगर हम यह सीरीज 2-0 से जीतते हैं, तो हम 57.58 फीसदी अंक तक पहुंच जाएंगे।

## सीए ने भारतीय मूल के नील को अंडर-19 टीम में किया शामिल

एजेंसी

**सिडनी :** भारत को जिस प्रकार 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के तौर पर एक उभरता हुआ सितारा मिला है। वैसा ही एक सितारा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को भी मिल गया है। संयोग की बात ये है कि ये उभरता क्रिकेटर नील पटेल भी भारतीय मूल का है। युवा सलामी बल्लेबाज नील पटेल ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया है। इसी कारण इस बल्लेबाज को अगले माह 13 सितंबर से होने वाले भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। नील को ऑस्ट्रेलिया के 16 सबसे होनहार और उभरते हुए क्रिकेटरों की सूची में भी जगह मिली है जिससे उनकी असाधारण खेल क्षमता का अंदाजा होता है। नील ने बहुत



कम उम्र में ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट और एज-ग्रुप टूनार्मेंट्स में काफी अधिक रन बनाये हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के सबसे रोमांचक और आक्रामक युवा बल्लेबाजी प्रतिभा में से एक माना जाता है। न्यू साउथ वेल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने अपनी ठोस तकनीक, क्रीज पर गजब के संयम और लंबी पारियां खेलने की क्षमता से चयनकताओं को प्रभावित किया है। यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए पटेल ने सिर्फ.16 साल की उम्र में सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने एक कैलेंडर साल में 1,000 से ज्यादा रन बनाकर सिडनी प्रीमियर क्रिकेट फर्स्ट ग्रेड के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक बनने का कारनामा किया था। एक ओपनर के तौर पर इस उभरते क्रिकेटर को तेजी से खेलने का तरीका आता है। जिससे वह किसी भी प्रारुप में एक मूल्यवान खिलाड़ी बनाता है। नील के लिए भारत का यह दौरा सिर्फ एक क्रिकेट सीरीज नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बेहद खास है। भारतीय मूल के होने के कारण, भारत की टर्निंग पिचों पर खेलना उनके लिए एक घरेलू और विदेशी दोनों तरह का अनूठा अनुभव होगा। क्रिकेट जानकारों का मानना है कि उपमहाद्वीप की पिचों पर स्पिनरों का सामना करना किसी भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के लिए सबसे कठिन परीक्षा होती है। अगर नील अहमदाबाद और राजकोट की पिचों पर रन बनाने में सफल रहते हैं, तो उन्हें शीघ्र ही ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में अवसर मिला सकता है। ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम अपने भारत दौरे में एकदिवसीय और दो चार दिवसीय मैच भी खेलेगी। भारत का यह दौरा नील के करियर को एक नई दिशा देने वाला साबित होगा।

## हॉकी सब-जूनियर व जूनियर पुरुष हॉकी टीम चयन का ट्रायल सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** चयनित खिलाड़ी 10 से 14 अगस्त 2026 तक जमशेदपुर में आयोजित हॉकी झारखंड सब जूनियर और जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में लेगी भाग ।10 से 14 अगस्त 2026 तक पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर में हॉकी झारखंड के तत्वावधान में आयोजित होने वाली नवल टाटा हॉकी झारखंड सब-जूनियर एवं जूनियर राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2026 (पुरुष) में भागीदारी के लिए हॉकी राँची सब-जूनियर पुरुष टीम एवं जूनियर पुरुष टीम के गठन हेतु आज अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, मोराबादी रांची में हॉकी



खिलाड़ियों का खुली चयन ट्रायल आयोजित की गई। ट्रायल में रांची जिले के विभिन्न इलाके एवं खेल प्रशिक्षण केंद्रों से कुल 53 खिलाड़ियों ने भाग लिया। हॉकी रांची के चयनकताओं द्वारा कई घंटों तक चले ट्रायल के बाद सब-जूनियर और जूनियर वर्ग के लिए अलग अलग 18-18 खिलाड़ियों को चयनित किया गया है जिन्हे रांची जिला टीम से जमशेदपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। आज के चयन ट्रायल में मुख्य चयनकर्ता के रूप में हॉकी रांची के प्रमोद केरकेट्टा, मनोज प्रधान, असरिता लकड़ा, दुलारी टोपनो,नीतू कुमारी महतो इत्यादि उपस्थित थे। इस अवसर पर हॉकी झारखंड के कोषाध्यक्ष सह हॉकी रांची के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री मति असरीता लकड़ा ने कहा कि अब हॉकी रांची की जो भी टीम बनेगी, इसी तरह खुली चयन ट्रायल आयोजित की जायेगी।

## बीसीसीआई चयन समिति में हो सकता है बदलाव

**अगरकर को हटाये जाने की सम्भावना**

एजेंसी

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम में बड़े बदलाव हो सकते हैं। इससे चयन समिति और प्रबंधन भी बचे नहीं हैं। यहां तक कि मुख्य चयनकर्ता के पद से अजीत अगरकर को हटाये जाने की संभावनाएं भी बढ़ गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार मुख्य चयनकर्ता अगरकर का कार्यकाल अगले महीने सितंबर, समाप्त हो रहा है और उसे अगले साल तक बढ़ाये जाने की संभावनाएं नहीं हैं। इससे ये सवाल उठता है कि अगरकर के बाद इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को कौन संभालेगा। अब तक जो नाम इसके लिए उभरकर सामने आया है। वह है पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का। अगरकर ने जुलाई 2023 में मुख्य चयनकर्ता का पद संभाला था। उनके कार्यकाल में टीम इंडिया ने कई अहम उपलब्धियां हासिल की हैं जिसमें एशिया कप से लेकर चैम्पियंस ट्रॉफी और टी20 विश्वकप की जीत शामिल है। इन सफलताओं के बावजूद, उनके कार्यकाल विस्तार की संभावना कम लग रही है। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने उनके अनुबंध को पहले ही तीन महीने के लिए बढ़ाया था और 2027 विश्व कप तक विस्तार पर विचार कर रहा था। वहीं अब यह योजना मुश्किल में पड़ती दिख रही है। यह दिखाता है कि बोर्ड बड़े फैसलों की तैयारी में है, जो भविष्य की रणनीतियों से जुड़े हो सकते हैं। गौरतलब है कि लक्ष्मण का नाम मुख्य चयनकर्ता के तौर पर उभरना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

## बुमराह की खराब फिटनेस से उनके वर्कलोड मैनेजमेंट पर उठे सवाल

**पिछले 970 दिन में सिर्फ तीन एकदिवसीय ही खेल पाये**

एजेंसी

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी फिटनेस को लेकर लगातार संघर्ष करते रहे हैं। इसी कारण वह बार-बार टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। ऐसे में अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में उनके खेलने को लेकर टीम प्रबंधन की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। इसका कारण ये है कि पिछले बुमराह पिछले 970 दिन में सिर्फ तीन एकदिवसीय ही खेल पाये हैं। ऐसे में उनके वर्कलोड मैनेजमेंट पर भी सवाल उठ रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार बुमराह अपने अनूठी एक्शन और सटीक यॉर्कर के कारण क्रिकेट जगत में एक अलग पहचान बनाने में सफल रहे हैं पर यही उनकी फिटनेस के लिए भी एक चुनौती बन गई है। बीसीसीआई द्वारा उनके वर्कलोड मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दिए जाने के बावजूद, बुमराह की मैदान पर उपलब्धता एक बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। क्रिकेट के मैदान पर उतरने के बाद कोई भी खिलाड़ी अपने को चोटों से ज्यादा समय तक नहीं बचा पाता, और बुमराह इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले 970 दिनों की अवधि में बुमराह ने भारतीय टीम के लिए केवल 3 एकदिवसीय मैच खेले हैं। यह



आंकड़ा तब और भी हैरान करने वाला हो जाता है जब हम देखते हैं कि इसी दौरान भारतीय टीम ने कुल 29 एकदिवसीय मुकाबले खेले हैं, जिसका अर्थ है कि बुमराह ने इनमें से 26 महत्वपूर्ण मैचों को नहीं खेला है। 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से ही हां बुमराह कुछ ही एकदिवसीय मैचों में ही मैदान पर दिखे हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या बुमराह अपनी इस सीमित उपलब्धता के साथ भारतीय टीम को 2027 का एकदिवसीय विश्व कप जिताने में सक्षम होंगे? साथ ही, वर्कलोड मैनेजमेंट पर इतना जोर दिए जाने के बावजूद उनकी पूरी फिटनेस हासिल न कर पाना भी कई गंभीर सवाल खड़े करता है। बुमराह की अनुपस्थिति सिर्फ एकदिवीसयस फॉर्मेट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि चोट और वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण वह टेस्ट और टी-20 फॉर्मेट से भी लगातार बाहर रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में, साल 2023 के बाद से भारतीय टीम ने कुल 27 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से बुमराह केवल 22 में ही मैदान पर उतर सके हैं, यानी 5 टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट, टी-20 में तो स्थिति और भी चिंताजनक है। 2023 वनडे विश्व कप के बाद से भारतीय टीम ने कुल 78 टी-20 मैच खेले हैं, जिनमें से बुमराह ने सिर्फ 33 में ही हिस्सा लिया है। इसका मतलब है कि उन्होंने चोट या वर्कलोड मैनेजमेंट के नाम पर 45 टी-20 मुकाबलों में मैदान से बाहर ही समय बिताया है। बुमराह की यह लगातार चोटें न केवल उनके स्वयं के करियर के लिए बल्कि भारतीय टीम के लिए भी एक बड़ा सिरदर्द बन गई हैं। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर वह एकदिवसीय सीरीज में घुटने की चोट का शिकार हो गये।




टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन टेनिस में रिटर्न शॉट लगाती हुई बेलारूस की आर्यना सबालेंका।

# मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार ने आज मजबूत शुरूआत करने के बाद दिन के दूसरे सत्र में अपनी अधिकांश बढ़त गंवा दी। पश्चिम एशिया में होर्मुज स्ट्रेट खुलने की उम्मीद की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट के कारण आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर सख्त हमला करने की चेतावनी देने के बाद कच्चे तेल की कीमत में दोबारा तेजी आ गई, जिसके कारण घरेलू शेयर बाजार में दिन के दूसरे सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बन गया। दिन के दूसरे सत्र में बाजार में बने दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर के लिए गिर कर लाल निशान में भी पहुंच गए। हालांकि अंत में खरीदारी होने की वजह से इन दोनों सूचकांकों ने रिकवरी कर हरे निशान में आज के कारोबार का अंत किया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। मजबूत वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट की वजह से बीएसई का सेंसेक्स आज 626.43 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,055.38 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आने लगी। हालांकि खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी करते रहे, लेकिन इस सूचकांक की चाल पर



अधिक असर नहीं पड़ा। खासकर, दोपहर 11 बजे के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव काफी अधिक हो गया, जिसकी वजह से यह सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 769.64 अंक लुढ़क कर 143.21 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 78,285.74 अंक के स्तर तक आ गया। आखिरी आधे घंटे के कारोबार में खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर लगाया, जिससे सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से लगभग 300 अंक सुधर कर 152.05 अंक की मामूली बढ़त के साथ 78,581 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 54.30 अंक यानी 0.22 प्रतिशत उछल कर 24,669.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 62.70 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,677.60 अंक के स्तर तक पहुंचा। दूसरी ओर, दिन के दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बनने पर यह सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 179.65 अंक टूट कर 116.95 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,497.95 अंक के स्तर तक गिर भी गया। कारोबार के आखिरी 20 मिनट में हुई जोरदार खरीदारी के कारण निफ्टी दिन के निचले स्तर से 125 अंक से अधिक की रिकवरी कर 9.75 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 24,624.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## सब्सक्रिप्शन के लिए आरडी इंडस्ट्रीज का आईपीओ लॉन्च, 12 अगस्त को लिस्टिंग संभव




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लेड और लेड एलॉय के प्रोडक्ट्स तैयार करने और उनकी रिसाइक्लिंग करने का काम करने वाली कंपनी आरडी इंडस्ट्रीज का 425.87 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में सात अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद दस अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 11 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 12 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन शाम 3:45 बजे तक इस आईपीओ को 2.61 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 50 रुपये से लेकर 53 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 281 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 281 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,890 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,93,609 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 3,653 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत दो रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 8,03,52,358 शेयर जारी किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 320 करोड़ रुपये के 6,03,77,358 नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि लगभग 106 करोड़ रुपये के 1,99,75,000 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं।

## एक नजर

### आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर रखा बरकरार

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बार भी नीतिगत दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को यहां रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखने का ऐलान किया। रिजर्व बैंक के इस फैसले से लोन की ब्याज दरें भी जस की तस रहेंगी। आरबीआई ने खुदरा महंगाई दर के अनुमान घटाकर पांच फीसदी कर दिया है, जबकि जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.7 फीसदी कर दिया है। गवर्नर मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमपीसी ने तटस्थ रुख को बनाये रखने का निर्णय किया है। मौद्रिक नीति समिति ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी मौद्रिक समीक्षा में सर्वसम्मति से नीतिगत दर रेपो रेट को 5.25वि फीसदी पर यथावत रखा है। संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। देश की आर्थिक वृद्धि दर को मजबूत मांग से समर्थन मिल रहा है। मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट प्रमुख व्यापारिक मार्गों को बाधित कर वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में खुदरा महंगाई बढ़ेगी, तीसरी तिमाही में चरम पर पहुंचने के बाद ये नीचे आएगी। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान 5.1 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया है।

## डिजिटल भुगतान में बढ़ते साइबर फ्रॉड को लेकर एनपीसीआई ने किया सर्तक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद ।** डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग के बीच एनपीसीआई ने टेक्स्ट मैसेज के जरिए होने वाली साइबर धोखाधड़ी को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। संस्था के अनुसार साइबर ठग अक्सर बैंक, सरकारी एजेंसियों और अन्य भरोसेमंद संस्थानों के नाम से फर्जी एसएमएस भेजकर लोगों को लिंक पर क्लिक करने, ऐप डाउनलोड करने या ओटीपी, यूपीआई पिन और पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित करते हैं। एनपीसीआई ने लोगों से किसी भी संदेश पर कार्रवाई करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने और केवल आधिकारिक स्त्रोतों का ही उपयोग करने की अपील की है। संस्था ने यह भी कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और किसी भी संदिग्ध संदेश या नंबर की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 या संचार साथी पोर्टल पर करें। सतर्कता और समय पर सत्यापन से अधिकांश डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी से बचा जा सकता है।

### क्योरबे और बर्लिन डायग्नोस्टिक्स एंड डेकेयर की साझेदारी

## रांची में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच होगी और मजबूत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची ।** वंचित समुदायों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ बनाने हेतु कार्यरत हाइब्रिड हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म क्योरबे ने आज बर्लिन डायग्नोस्टिक्स एंड डेकेयर के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जिससे कंपनी की रांची में उपस्थिति और मजबूत होगी और शहर में एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का विस्तार होगा।पिछले चार वर्षों में, बर्लिन डायग्नोस्टिक्स एंड डेकेयर ने अपने परिवार-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ डायग्नोस्टिक्स एवं डेकेयर सेवाओं के क्षेत्र में रांची में एक मजबूत उपस्थिति स्थापित की है। अब तक 50,000 से अधिक मरीजों का उपचार और 10,000 से अधिक पीईटी-सीटी स्कैन कर चुके इस केंद्र ने स्थानीय स्तर पर एक




सुदृढ़ मरीज आधार तैयार किया है। इस केंद्र को अब बर्लिन ७ क्योरबे के नाम से नई पहचान दी जाएगी, और मरीजों को उसी स्थान पर उन्हीं डॉक्टरों एवं स्टाफ से इलाज मिलता रहेगा, साथ ही उन्हें क्योरबे के एकीकृत स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क का लाभ भी प्राप्त होगा। क्योरबे के स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क का हिस्सा बनने के बाद, यह केंद्र अपनी मौजूदा क्लिनिकल सेवाओं को क्योरबे के एकीकृत स्वास्थ्य सेवा तंत्र के साथ जोड़ेगा, जिससे रांची के मरीजों को एआई-सहायता प्राप्त डायग्नोस्टिक्स, डिजिटल मरीज रिकॉर्ड, रीयल-टाइम रिपोर्टिंग और बेहतर देखभाल समन्वय जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही मरीजों को क्योरबे के व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क, साझेदार अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेवाओं तक भी पहुंच प्राप्त होगी। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, क्योरबे के संस्थापक एवं सीईओ प्रियदर्शी मोहपात्रा ने कहा,₹क्योरबे में हमारा मानना है कि हर परिवार को समान गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा पाने का अधिकार है, चाहे वे कहीं भी रहते हों।

## मुंबई में एरेटो का स्टाइल अटैक, एरेटो की नई उड़ान, नन्हे कदमों के लिए बड़ा फैशन स्टेटमेंट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मुंबई (अनिल बेदाग)।** बच्चों के फुटवियर को सिर्फ जूतों की जरूरत नहीं, बल्कि उनके बढ़ते कदमों, आराम और एक्टिव लाइफस्टाइल का अहम हिस्सा मानने वाला एरेटो अब मुंबई में और मजबूत हो गया है। ब्रांड ने मलाड वेस्ट स्थित इन्फिनिटी मॉल में अपना नया स्टोर शुरू किया है। इसके साथ ही भारत में एरेटो के रिटेल स्टोर्स की संख्या बढ़कर 67 हो गई है, जिनमें मुंबई के पांच स्टोर शामिल हैं। एरेटो का नया स्टोर पारंपरिक शॉपिंग स्पेस से अलग अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यहां स्टोर के लेआउट से लेकर फुटवियर डिस्प्ले तक, डिजाइन को खास



तवज्जो दी गई है, ताकि माता-पिता और बच्चे जूतों के पीछे की सोच, तकनीक और उपयोगिता को आसानी से समझ सकें। ब्रांड के संस्थापक एवं सीईओ सत्यजीत मित्तल के अनुसार, मुंबई एरेटो के लिए बेहद महत्वपूर्ण बाजार है। उनका कहना है कि रिटेल नेटवर्क के विस्तार से ज्यादा परिवारों को एरेटो के फुटवियर को करीब से देखने और आजमाने का अवसर मिलेगा।

## वीआई ने तीन नये प्रीपेड रीचार्ज प्लान्स लॉन्च किये

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची ।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने तीन नए प्रीपेड रीचार्ज प्लान्स की घोषणा की है, जिसके साथ यूजर बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्पॉटीफाय प्रीमियम का लाभ उठा सकते हैं, ये प्लान एक ही रीचार्ज पर प्रीमियम म्युज़िक, एंटरटेनमेन्ट और डेटा के बेहतर फायदे सभी एक साथ देते हैं। ऐसे में ये म्युज़िक के साथ आने वाले सबसे किफायती प्रीपेड प्लान्स हैं।आज के दौर में, खासतौर पर युवा उपभोक्ताओं के लिए म्युज़िक, डिजिटल जुड़ाव का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए अपने प्रीपेड पोर्टफोलियो में स्पॉटीफाय प्रीमियम को शामिल कर वी ने प्रीमियम म्युज़िक स्ट्रीमिंग को और अधिक सुलभ बना दिया है, अब वी के यूजर इसके मुख्य रीचार्ज प्लान्स के साथ बिना किसी रूकावट ऐड-फ्री म्युज़िक, ऑफलाईन डाउनलोड्स और ऑडियो की शानदार गुणवत्ता का आनंद उठा सकते हैं। ज्यादा एंटरटेनमेन्ट और ज्यादा डेटा का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के लिए डिजाइन किए गए रु 435 के वी नॉन-स्टॉप हीरो प्रीपेड प्लान के साथ अब स्पॉटीफाय प्रीमियम भी मिलता है, जिसके लिए कोई अतिरिक्त कीमत नहीं चुकानी पड़ती, साथ ही अनलिमिटेड डेटा, अनलिमिटेड 4जी/5जी कॉल्स, रोजाना 100 एसएमएस, जियोस्टार (मोबाइल) और 28 दिनों की वैलिडिटी तो है ही। यह प्लान एक ही रीचार्ज पर प्रीमियम म्युज़िक, एंटरटेनमेन्ट और निर्बाध कनेक्टिविटी सभी कुछ एक साथ लेकर आता है, ऐसे में यह उन उपभोक्ताओं के लिए खासतौर पर फायदेमंद है जो कंटेंट का इस्तेमाल बहुत ज्यादा करते हैं। प्रीमियम म्युज़िक स्ट्रीमिंग को और भी सुलभ बनाते हुए अब रु 250 का प्रीपेड प्लान 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ 2 जीबी डेटा, अनलिमिटेड कॉल्स, 300 एसएमएस और बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्पॉटीफाय प्रीमियम के फायदे देता है। इसके अलावा वे उपभोक्ता जो टॉप-अप करना चाहते हैं, उनके लिए रु 230 का पैक बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्पॉटीफाय प्रीमियम तथा 20 से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे जियोस्टार, जी5, सोनीलिव, फैन कोड, लायन्सगेट प्ले का आसान एक्सेस लेकर आया है।

## आरबीआई ने 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया 6.7 फीसदी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मुंबई ।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.7 फीसदी और खुदरा महंगाई दर का अनुमान घटाकर पांच फीसदी कर दिया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक के बाद जानकारी दी कि रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा गया है। संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक समीक्षा में सर्वसम्मति से वित्त वर्ष 2026-27 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान है। इसमें पहली तिमाही में सात फीसदी, दूसरी तिमाही में 6.4




**खुदरा महंगाई दर का अनुमान घटाकर 5.0 फीसदी किया**

फीसदी, तीसरी तिमाही में 6.5 फीसदी और चौथी तिमाही में 6.8 फीसदी वृद्धि का अनुमान है। दोनों ओर घट-बढ़ के जोखिम संतुलित हैं। आरबीआई गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी उथल-पुथल का घरेलू आर्थिक गतिविधियों पर भी कुछ असर पड़ सकता है। मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष की (अप्रैल-जून) पहली तिमाही के प्रमुख आंकड़े घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव की स्थित बना हुआ है, जिससे निकट अवधि का परिदृश्य भी अनिश्चित है। मल्होत्रा ने कहा कि हालांकि, अब तक महंगाई का सामान्य दबाव कम ही है, लेकिन खाने-पीने की चीजों, ईंधन एवं दूसरे कच्चे माले की लागत में बढ़ोतरी होने से व्यापक स्तर पर मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम कायम है। संजय मल्होत्रा ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई के अनुमान को 5 फीसदी रखा गया है। दूसरी तिमाही में इसके 4.7 फीसदी, तीसरी तिमाही में 5.9 फीसदी और चौथी तिमाही में 5.5 फीसदी रहने का अनुमान है। गवर्नर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही में खुदरा महंगाई के दोनों ओर घट-बढ़ के साथ 5.3 फीसदी रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मुख्य महंगाई 4.3 फीसदी रहने का अनुमान है।

## पेज एक के शेष

**तैयारियां समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जायें : वंदना दादेल...**

कच्छप, नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा सहित कई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**शीर्ष अदालत में न्यायधीशों की संख्या अब होगी 38...**

संगीता यादव ने विधेयक का समर्थन करते हुए इसे ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि देश में कई मामले एक दशक से अधिक समय से लम्बित हैं और न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से आम लोगों को सुलभ, प्रभावी और त्वरित न्याय मिलने में सहायता मिलेगी।
तृणमूल कांग्रेस की डॉ. मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में लगभग 30 प्रतिशत न्यायाधीशों के पद रिक्त हैं। उनका कहना था कि यदि उच्च न्यायालयों में रिक्तियां समय पर नहीं भरी गयीं, तो केवल सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पायेंगे। डीएमके के आर. गिरिराजन ने कहा कि न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित मामलों का बोझ कम होगा। बीजू जनता दल के डॉ. सस्मित पात्रा ने विधेयक का समर्थन करते हुए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।
वाईएसआरसीपी के एस. निरंजन रेड्डी ने कहा कि प्रति न्यायाधीश मामलों की संख्या लगातार बढ़ी है, जिससे न्यायिक व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। शिवसेना की डॉ. ज्योति एन. वाघमारे ने कहा कि यह कानून लोगों में न्यायपालिका के प्रति विश्वास को और मजबूत करेगा तथा त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में सहायक होगा।
एनसीपी के राजेन्द्र जैन, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिवसेना के मिलिंद देवड़ा, टीडीपी के विजय चिंतकायाला, जेएमएम की महुआ माझी सहित विभिन्न दलों के सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया।
विधेयक पारित होने के बाद इसे आगे की संसदीय प्रक्रिया के लिए लोकसभा को भेज दिया गया। इसके बाद राज्यसभा में विशेष उल्लेख के तहत सदस्यों ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाये। दिनभर की कार्यवाही पूरी होने के बाद उपसभापति ने सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में अभ्यर्थियों का आन्दोलन जारी...**

पहले की तरह जारी रहेगा तथा मांगें पूरी होने तक वह पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि अब वह पानी का सेवन करेंगे, लेकिन अनशन जारी रहेगा।
इधर, चिकित्सकों की एक टीम धरना स्थल पर पहुंच कर देवेन्द्र नाथ महतो के स्वास्थ्य की जांच कर रही है। उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।
उल्लेखनीय है कि आन्दोलन में शामिल ब्रह्मानन्द कुमार अब भी खुले में निर्जला अनशन पर डटे हुए हैं। उन्होंने अब तक पानी का सेवन नहीं किया है। बुधवार को उनके निर्जला अनशन का चौथा दिन रहा।
आन्दोलनकारी अभ्यर्थियों ने कहा कि यह संघर्ष केवल एक भर्ती परीक्षा का नहीं, बल्कि झारखंड के लाखों युवाओं के भविष्य और भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने सरकार से कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और अभ्यर्थियों की मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।
आन्दोलन को व्यापक स्वरूप देने के लिए छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से तिरंगा यात्रा निकालने की घोषणा की। उनका कहना है कि इसके माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती प्रक्रिया की मांग और युवाओं की आवाज को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा।
इस बीच भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक भानु प्रताप शाही, विधायक सीपी सिंह और भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी सहित विपक्ष के कई नेता आन्दोलन स्थल पहुंचे। उन्होंने आन्दोलनरत छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों का समर्थन किया और भरोसा दिलाया कि भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का मुद्दा सदन से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाया जायेगा।
आन्दोलनकारी छात्रों ने दोहराया कि उनकी मांगें पूरी होने तक सत्याग्रह, आमरण अनशन और आन्दोलन जारी रहेगा।

**केन्द्र सरकार विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ शहरी अवसंरचना को उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध : संजय सेठ...**

ही सम्भव है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की पहल से कार्यस्थल की कार्यक्षमता बढ़ती है और पारम्परिक तकनीकों से आधुनिक और उन्नत तकनीकों की ओर बदलाव होता है। समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने के लिए सीपीडब्ल्यूडी के प्रयासों की सराहना करते हुए संजय सेठ ने एमपी फ्लैट्स, कर्तव्य भवन और एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव जैसी अन्य नवनिर्मित इमारतों की गुणवत्ता, सुविधा और सौन्दर्य की भी प्रशंसा की, जिनका निर्माण सीपीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था। इस 14 मंजिला बहुस्तरीय पार्किंग में उपलब्ध भूमि पर अधिकतम पार्किंग स्थान बनाने के उद्देश्य से पूर्णतः स्वचालित रोबोटिक (डॉली) तकनीक का उपयोग किया गया है। 45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह सुविधा पारम्परिक पार्किंग की तुलना में स्थान उपयोग में 60% अधिक कुशल है। इस सुविधा में सीसीटीवी निगरानी और अग्नि सुरक्षा प्रणाली भी लगी हुई है। इस तकनीक के उपयोग से लिफ्ट लॉबी में प्रवेश करने के बाद न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप और शून्य वाहन उत्सर्जन सुनिश्चित होता है।

**सीबीआई ने वांछित विशाखा राठौड़ का यूएई से कराया प्रत्यर्पण...**

विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से सम्भव हुई और यह अंतरराष्ट्रीय समन्वय का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि भारत ने 2019 से जुलाई 2026 के बीच 36 देशों से 274 भगोड़े अपराधियों को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण कराया है। केन्द्र सरकार ने मंगलवार को बताया कि यह उन अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए चलाये गये एक अभियान का हिस्सा है, जो विदेश में रह कर भारतीय कानून से बच रहे थे।

**सरकार ने छात्रों को वार्ता के लिए बुलाया...**

कर समाधान की दिशा में पहल की जा सके।
हालांकि, आन्दोलनरत छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास जाकर वार्ता करने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। उनका कहना था कि यह किसी पांच व्यक्तियों का निजी मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे राज्य के प्रतियोगी छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा जनआन्दोलन है। इसलिए यदि सरकार वास्तव में समाधान चाहती है, तो मुख्यमंत्री स्वयं धरनास्थल पर आकर सभी छात्रों के बीच खुली बातचीत करें। छात्रों ने कहा कि केवल वार्ता का निमंत्रण देना पर्याप्त नहीं है। सरकार को 14वीं जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल, टीडीपीएल तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने, पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा आन्दोलन के दौरान उठायी गयीं मांगों पर ठोस कार्रवाई का स्पष्ट आश्वासन देना होगा।
आन्दोलनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर स्पष्ट निर्णय लेकर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना, सत्याग्रह और आन्दोलन जारी रहेगा। उनका कहना है कि यह संघर्ष केवल कुछ अभ्यर्थियों का नहीं, बल्कि झारखंड के लाखों युवाओं और प्रतियोगी परीक्षार्थियों के भविष्य का प्रश्न है। छात्रों ने यह भी कहा कि सरकार यदि संवाद के माध्यम से समाधान चाहती है, तो बंद कमरे में सीमित प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के बजाय सार्वजनिक रूप से धरनास्थल पर आकर सभी आन्दोलनरत छात्रों के समक्ष अपना पक्ष रखे। उनका मानना है कि इससे सरकार की मंशा स्पष्ट होगी और आन्दोलन में शामिल सभी अभ्यर्थियों का विश्वास भी कायम रहेगा।
उल्लेखनीय है कि भर्ती परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, धांधली और अनियमितताओं के विरोध में अभ्यर्थी 29 जुलाई से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठे हैं। आन्दोलनकारी परीक्षाओं को रद्द कर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रणाली लागू करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक आन्दोलन जारी रहेगा।

**जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती विवाद पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात...**

राज्यपाल ने कथित अनियमितताओं को गम्भीर विषय बताते हुए कहा कि आयोगों की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए, जिससे उनकी पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर किसी प्रकार का प्रश्नचिह्न न लगे।
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यपाल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार छात्रों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जायेगा और इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।
इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

**झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से, स्पीकर ने सभी दलों से मांगा सहयोग...**

नहीं हुआ है। इस सम्बन्ध में जब मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मीडिया कर्मियों की ओर से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि सरकार के द्वार हमेशा खुले हुए हैं, कोई भी आकर बात कर सकता है। उन्होंने कहा कि मॉनसून सत्र को लेकर बैठक में चर्चा हुई है और सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है।
इस बार का मॉनसून सत्र के जेपीएससी सहित अन्य मुद्दों को लेकर हंगामेदार होने के आसार हैं। चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट 07 अगस्त को पेश किया जायेगा।
पांच दिवसीय इस सत्र के पहले दिन छह अगस्त को शोक प्रकाश के अलावा सामान्य कामकाज निपटाये जायेंगे। वहीं, सात अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल के बाद चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट सरकार की ओर से पेश किया जायेगा। 08 और 09 अगस्त को शनिवार और रविवार की वजह से अवकाश रहेगा। वहीं, 10 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद सम्बन्धित विनियोग विधेयक सदन से पारित कराया जायेगा। 11 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में राजकीय विधेयक पेश किये जायेंगे। सत्र के अंतिम दिन 12 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में राजकीय विधेयक पेश किये जायेंगे और गैर सरकारी संकल्प पेश किये जायेंगे।
वहीं दूसरी ओर, विधानसभा अध्यक्ष ने झारखंड विधानसभा के षष्ठम (मॉनसून) सत्र के सुचारु प्रसारण एवं प्रकाशन के निमित्त विधान सभा के पत्रकार दीर्घा समिति के साथ भी बैठक की, जिसमें पत्रकार दीर्घा समिति के संयोजक के साथ दीर्घा समिति के अधिकतर सदस्य उपस्थित रहे ।

**विधानसभा सत्र के दौरान रहेगी निषेधाज्ञा...**

धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा (नया विधानसभा) परिसर के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की गयी है। निषेधाज्ञा के दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर पांबदी लगा दी गयी है। साथ ही, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा भाला, बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलने पर भी रोक लगा दी गयी है। सत्र के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा को लेकर दो हजार से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

## एक झलक

### स्पेसएक्स का 4000 किलो वजनी रॉकेट चांद से टकराया

**वाशिंगटन :** इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का एक बेकाबू रॉकेट चांद की सतह से टकरा गया है। 4 हजार किलो वजनी और करीब 5 मंजिला इमारत जितना बड़ा यह रॉकेट करीब 8,690 किमी/घंटा की रफ्तार से टकराया। नासा ने कहा कि इस टक्कर से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। हालांकि इस टक्कर की पुष्टि तस्वीरों के आने के बाद होगी। यह बेकाबू टुकड़ा स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट का ऊपरी हिस्सा है। इसे जनवरी 2025 में फ्लोरिडा से अमेरिका और जापान के दो लूनर लैंडर को अंतरिक्ष में भेजने के लिए लॉन्च किया गया था। मिशन पूरा होने के बाद रॉकेट का यह हिस्सा अंतरिक्ष में तैरता रह गया।

### श्रीलंका में बारिश और भूस्खलन से सात की मौत

**कोलंबो :** श्रीलंका के चाय उत्पादक पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी है। इस प्राकृतिक आपदा में करीब सात लोगों की मौत हुई है और लगभग 3,500 लोग अपने घरों से विस्थापित हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखकर स्कूलों को बंद किया गया है। पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के कारण देश के कई हिस्सों में घर, खेत और सड़कें जलमग्न हो गई हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

### रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को रातभर दहलाया

**कीव :** यूक्रेन की राजधानी और आसपास के इलाकों में रातभर हुए रूसी हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई और दर्जन भर से अधिक नागरिक घायल हो गए। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने रातभर में 24 बैलिस्टिक मिसाइलें और चार एंटी-शिप मिसाइलें दागीं। वायुसेना ने अपने बयान में पहली बार उनमें से किसी को भी रोकने (इंटरसेप्ट करने) का जिक्र नहीं किया। यूक्रेन के सैन्य सूत्रों के अनुसार, सेना के पास मिसाइल इंटरसेप्टर का भंडार बहुत कम हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई में यूक्रेन में हुए रूसी हमलों में कम से कम 377 नागरिकों की मौत हुई और 2,129 लोग घायल हुए।

# ट्रेनों में आग से बचाव के लिए रेलवे के व्यापक सुरक्षा उपाय

## हर कोच में अग्निशामक यंत्र और 139 हेल्पलाइन की सुविधा



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि भारतीय रेलवे ट्रेनों और स्टेशनों पर आग जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू कर रहा है। रेलवे का उद्देश्य आग की घटनाओं की रोकथाम, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना है।

रेल मंत्री के अनुसार, रेलवे के प्रत्येक कोच में कम से कम दो अग्निशामक यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं, पैंट्री कार और पावर कार जैसे संवेदनशील हिस्सों में फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम तथा चरणबद्ध तरीके से वॉटर मिस्ट अग्निशामक यंत्र लगाए जा रहे हैं। कोचों में आग और धुएं का पता लगाने वाली प्रणाली, अग्निरोधी सामग्री, फायर-रिटार्डेंट केबल, आपातकालीन खिड़कियां और आधुनिक सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि वंदे भारत ट्रेनों के प्रत्येक कोच में चार इमरजेंसी टॉक-बैक यूनिट और पैसेंजर इमरजेंसी अलार्म बटन उपलब्ध हैं, जिससे यात्री आपात स्थिति में सीधे ट्रेन मैनेजर या लोको पायलट से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, रेल मदद हेल्पलाइन 139 के माध्यम से यात्रियों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

रेलवे स्टेशनों पर भी व्यापक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। स्टेशनों पर पोर्टेबल अग्निशामक यंत्र, रेत और पानी की बाल्टियां, बड़े स्टेशनों पर सामान की स्कैनिंग, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली, स्पष्ट निकास मार्ग, विद्युत प्रणालियों का नियमित रखरखाव तथा ऑटोमैटिक फायर अलार्म जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## जुलाई 2026 तक भारतीय रेलवे ने 1.15 लाख करोड़ किये खर्च

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए स्वीकृत 2,93,030 करोड़ के बजट में से जुलाई 2026 तक 1,14,973 करोड़ (करीब 39 प्रतिशत) खर्च कर दिए हैं। इस अवधि में रेलवे ने सुरक्षा, आधुनिक तकनीक, अवसंरचना विकास और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि वर्ष 2026-27 में रेलवे सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए 1,20,389 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी के तहत स्वदेशी कवच 4.0 (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई 2026 तक 2,633 रूट किलोमीटर पर कवच 4.0 सफलतापूर्वक चालू किया जा चुका है। इसमें दिल्लीझमुंबई मार्ग के 1,423 रूट किमी और दिल्लीझहावड़ा मार्ग के 1,210 रूट किमी शामिल हैं। इसके अलावा 21,794 रूट किमी पर कवच लगाने का कार्य प्रगति पर है। रेल मंत्री के अनुसार, अब तक 6,290 लोकोमोटिव में कवच प्रणाली स्थापित की जा चुकी है, जबकि 7,190 अतिरिक्त लोकोमोटिव और 1,200 ईएमयू/एमईएमयू में इसका इंस्टॉलेशन जारी है।

## वीरांगना सम्मान सामाजिक फाउंडेशन ने मनाया 2026 सावन महोत्सव

# सावन क्वीन बनीं विनीता सिंह, फर्स्ट रनर अप नीलम सिंह व सेकेंड रनर अप बनीं मनोरमा सिंह



एजेंसी

**पटना :** वीरांगना सम्मान सामाजिक फाउंडेशन की वीरांगनाओं ने दानापुर स्थित पनास बैंक्विट हॉल में संयुक्त सचिव पितमा जी एवं उनकी टीम के संचालन में 2026 का सावन महोत्स धूमधाम से मनाया। फाउंडेशन ने कहा, 'सावन महोत्सव हमारे देश की संस्कृति, समृद्धि व हरियाली का प्रतीक है। हमारी मुख्य अतिथि मनोचिकित्सक डॉक्टर बिन्दा सिंह और आरजेडी मंत्री शगुन सिंह स्कॉलर अवार्ड स्कूल की संस्थापिका बी प्रियम सिंह, यूरो किड्स स्कूल की संस्थापिका अंजली सिंह, डॉक्टर दीपाली सिंह, आरती सिंह, जमुई की अध्यक्ष प्रभा सिंह, संरक्षक अनुपमा दी, रेनू दी, संस्थापिका निशा जी, मनोरमा जी, सुषमा जी द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।' 2026 की सावन क्वीन बनीं विनीता सिंह, फर्स्ट रनर अप नीलम सिंह और सेकंड रनर अप मनोरमा सिंह बनीं।

पितमा जी और रुचि द्वारा कल्चरल प्रोग्राम की प्रस्तुति पेश की गयी, जिनमें इन कलाकार वीरांगनाओं ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति पेश की और अपनी कला से सभी का मन मोह लिया। निशा जी, अनुपमा दी, रेनू दी, मीना दी, किरण दी, अमिता जी, अनुराधा जी, आशा जी, बच्ची जी, मंजू दी, नीतू जी, सीमा जी, श्रीति जी, उर्मिला दी, सुधा दी, सुनीता 2, सुनीता 3, सुषमा जी, पूनम जी, रुचि जी, स्मृति जी आदि वीरांगनाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कार्यक्रम इतना शानदार रहा कि सभी मंत्र मुग्ध हो गये।

कार्यकारिणी टीम की रंजना जी अनामिका प्रियदर्शी जी, उषा जी, कुसुम जी, अमिता जी, बच्ची जी, ममता जी, गीता चौहान आदि के साथ सभी वीरांगनाओं के सहयोग से यह महोत्सव यादगार बना।

इस सावन महोत्सव में 100 से अधिक वीरांगनाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

### केमिकल लीक से 3 मजदूरों की मौत

**यादगिरी :** कर्नाटक के यादगिरी जिले के कडेचूर-बडियाल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में केमिकल लीक होने से दम घुटने के कारण 3 मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तेलंगाना के महबूबनगर निवासी कटला गणेश और मध्य प्रदेश के कटनी निवासी विक्रम सिंह गोंडा और संजय सिंह गोंडा के रूप में हुई है। हादसे में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के रहने वाले मंचला हेमंत और मंचला शिवकुमार घायल हो गए।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर 22 हस्तियों को मिलेंगे प्रतिष्ठित हथकरघा पुरस्कार



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर 7 अगस्त को आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भारत के हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 22 पुरस्कार विजेताओं को प्रतिष्ठित हथकरघा पुरस्कार-2025 प्रदान करेंगी। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, मास्टर बुनकर, डिजाइनर, निर्यातक, कारीगर तथा देशभर से आए अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। वस्त्र मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष कुल 22 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## भारत आ रहा किम कार्दशियन का ब्रांड 'स्किम्स', दिल्ली-मुम्बई में खुलेंगे पहले स्टोर

एजेंसी



**मुम्बई :** किम कार्दशियन का फैशन ब्रांड 'स्किम्स' भारत में कदम रखने जा रहा है। रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड ने स्किम्स के साथ विशेष साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत भारत में ब्रांड के पहले स्टोर दिल्ली और मुंबई में खोले जायेंगे। रिलायंस ब्रांड्स देश में इसके स्टोर और डिजिटल कारोबार का संचालन करेगी।

किम कार्दशियन और जेंस ग्रेड ने 2019 में स्किम्स की शुरूआत की थी। यह ब्रांड महिलाओं के अंडरवियर, शेपवियर और आरामदायक परिधानों के लिए जाना जाता है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की डायरेक्टर, ईशा अंबानी ने कहा, 'स्किम्स ने शेप, कम्फर्ट और इनक्लूसिविटी के बारे में दुनिया की सोच बदल दी है। यह सीधे तौर पर भारतीय ग्राहकों की नयी पीढ़ी से जुड़ता है, जो ऐसा फैशन चाहते हैं, जो उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप हो और खास तौर पर उनके लिए बना हो। हमें भारत में स्किम्स को लाने पर गर्व है।'

स्किम्स की सह-संस्थापक और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर किम कार्दशियन ने कहा कि ब्रांड इस सोच पर बनाया गया है कि हर व्यक्ति अपने कपड़ों में सहज और आत्मविश्वासी महसूस करे। उन्होंने भारतीय ग्राहकों से मिले उत्साह पर खुशी जतायी।

भारत में स्किम्स का विस्तार चरणबद्ध तरीके से होगा। दिल्ली और मुम्बई से शुरूआत के बाद इसके स्टोर और डिजिटल मौजूदगी दूसरे शहरों तक बढ़ायी जायेगी।

### भारत-श्रीलंका ने ऋण सहायता पर समझौतों का किया आदान-प्रदान

**नयी दिल्ली :** श्रीलंका की एक दिन की यात्रा पर गए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को राजधानी कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आपसी हितों से जुड़े मुद्दों और भारत की सहायता से श्रीलंका में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान दोनों देशों ने 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारतीय रुपये मूल्यवर्ग आधारित ऋण सहायता से जुड़े समझौतों का भी आदान-प्रदान किया।

## महिला सुरक्षा और अधिकारों को लेकर आयोग पूरी तरह सजग : मीना परमार

श्रीओम शर्मा



**बहादुरगढ़ :** हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने बुधवार को जिला झज्जर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता को लेकर हरियाणा राज्य महिला आयोग लगातार सक्रियता से कार्य कर रहा है। उपाध्यक्ष मीना परमार ने झज्जर स्थित लघु सचिवालय में डीसी वर्षा खांगवाल से मुलाकात कर महिलाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा भी की। इसके उपरांत उन्होंने महिला पुलिस स्टेशन और वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया।

वन स्टॉप सेंटर पहुंचने पर डीपीओ नेहा दहिया और सेंटर प्रभारी सुमन यादव सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपाध्यक्ष मीना परमार का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सेंटर के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया तथा वहां महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली। आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर सजगता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान,स्वाभिमान,सुरक्षा और शिक्षा को लेकर सरकार व आयोग प्रतिबद्ध है। महिला आयोग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। उन्होंने महिलाओं से आहवान किया कि वे बगैर किसी डर और भय के माहौल से जीवन यापन करें। बैठक में महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने, पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था, महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने तथा जनजागरूकता अभियान चलाने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

